वर्ष- 13 अंक - 170
लखनऊ, शुक्रवार 20 फरवरी, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





सुनील हत्याकांड का खुलासा, बेटा निकला पिता का कातिल 10

अब चापलूस नेताओं को किनारे लगाएंगे अखिलेश यादव 03


# एआई मानवता की भलाई का साझा संसाधन : मोदी

- जब प्रौद्योगिकी व मानव विश्वास साथ-साथ चलेंगे, तो एआई का सही प्रभाव दुनिया पर दिखेगा
- एआई प्रौद्योगिकी सबके लिए सुलभ हो सबकी पहुंच में हो यही हमारा लक्ष्य

एजेंसी, नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को समूची मानवता की भलाई के लिए साझा संसाधन करार देते हुए कहा है कि सभी को मिलकर इसे मानवता के लिए सबसे बड़े अवसर के रूप में बदलने की दिशा में काम करना होगा। श्री मोदी ने गुरुवार को इंडिया एआई इम्पैक्ट



सम्मेलन के उद्घाटन के बाद वैश्विक नेताओं के पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए विश्वास जताया कि यह सम्मेलन मानव केन्द्रीत और संवेदनशील एआई इकोसिस्टम के निर्माण में अहम भूमिका निभाएगा।

उन्होंने इसे एक बड़ा अवसर करार देते हुए इसका भरपूर फायदा उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हम इतिहास पर नजर डालें, तो पता चलता है कि इंसान ने हर बाधा को एक नए अवसर में बदला है। आज हमारे सामने फिर ऐसा ही अवसर आया है। हमें मिलकर इस बाधा को मानवता के सबसे बड़े अवसर के रूप में बदल देना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सही समझ से ही सही परिणाम मिलते हैं इसलिए जरूरी है कि हम साथ मिलकर ऐसा रोडमैप बनाएं जिससे एआई का सही प्रभाव दिखे, और सही प्रभाव तभी होता है, जब हम सही समय पर सही नियत से, सही निर्णय लेते हैं।

श्री मोदी ने कहा कि एआई को लेकर भारत की दिशा स्पष्ट है, भारत का विचार स्पष्ट है। एआई पूरी मानवता की भलाई के लिए एक साझा संसाधन है। उन्होंने कहा कि हमें मिलकर ऐसा एआई भविष्य बनाना होगा, जो नवाचार को आगे बढ़ाएं, समावेशन को मजबूत करे और मानव मूल्यों का समावेश करके आगे बढ़े। जब प्रौद्योगिकी और मानव विश्वास साथ-साथ चलेंगे, तो एआई का सही प्रभाव दुनिया पर दिखेगा। कोविड महामारी का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जब हम एक दूसरे के साथ खड़े होते हैं, तो असंभव भी संभव हो जाता है। उन्होंने कहा कि वैक्सीन विकास से लेकर आपूर्ति श्रृंखला तक, डेटा साझा करने से लेकर जीवन बचाने तक, सहयोग ने ही समाधान दिया। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी कैसे मानवता की सेवा का माध्यम बन सकती है, ये हमने भारत में कोविड काल में देखा है। हमारा जो डिजिटल वैक्सीनेशन प्लेटफार्म था, उसने करोड़ों लोगों को समय पर वैक्सीनेट कराने में बहुत मदद की।

हमारे लिए टेक्नोलॉजी पावर का नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम है, पावर नहीं एंपावर करना। एआई की दिशा भी ऐसी होनी चाहिए, जिससे पूरी मानवता का कल्याण हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि एआई प्रौद्योगिकी सबके लिए सुलभ हो सबकी पहुंच में हो यही हमारा लक्ष्य होना चाहिए। इसलिए आज जब हम एआई के फ्यूचर पर चर्चा कर रहे हैं, तो हमें ग्लोबल साउथ की आकांक्षाओं और प्राथमिकताओं को भी एआई गवर्नेंस के केंद्र में रखना होगा।

एआई के इस्तेमाल में नैतिकता पर अत्यधिक जोर देते हुए, उन्होंने कहा कि युग चाहे कोई भी रहा हो, एथिक्स हमेशा ही चर्चा के केंद्र में रहा है, अंतर बस इतना आया है कि पहले अनैतिक व्यवहार का दायरा बहुत छोटा होता था, लेकिन एआई में इसका दायरा असीमित है, इसलिए, एआई के लिए हमें नैतिक व्यवहार और तौर तरीकों का दायरा भी असीमित बनाना होगा। एआई कंपनियों के सामने बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, मुनाफे के साथ-साथ उद्देश पर भी फोकस हो, ऐसी नैतिक प्रतिबद्धता की बहुत आवश्यकता है।

### चंद देशों या धनाढ्यों के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता एआई का भविष्य : गुटेरेस

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गुरुवार को कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर सबका अधिकार होना चाहिए और इसका भविष्य कुछ गिनती के देशों या धनाढ्यों के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता है। श्री गुटेरेस ने यहां भारत मंडपम में इंडिया एआई समिट 2026 के चौथे दिन विभिन्न राष्ट्राध्यक्षों, प्रौद्योगिकी कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों, विशेषज्ञों, शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों और अन्य अतिथियों को संबोधित करते हुए कहा कि वैश्विक दक्षिण में एआई शिखर सम्मेलन का पहली बार आयोजन विशेष महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि एआई का भविष्य कुछ गिने-चुने देशों द्वारा तय नहीं किया जा सकता, और न ही इसे कुछ अरबपतियों की इच्छाओं पर छोड़ा जा सकता है।

# गगनयान मिशन की तैयारियों को मजबूती, ड्रोग पैराशूट टेस्ट सफल

एजेंसी, नई दिल्ली।

भारत के मानव अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' की तैयारियों को बड़ी सफलता मिली है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने गगनयान कार्यक्रम के लिए ड्रोग पैराशूट का सफल क्वालिफिकेशन लेवल लोड टेस्ट पूरा किया है। यह परीक्षण टर्मिनल बैलिस्टिक्स रिसर्च लेबोरेटरी की रेल ट्रैक रॉकेट स्लेज सुविधा में किया गया।



- मानव अंतरिक्ष उड़ान की दिशा में अहम कदम
- सुरक्षित वापसी में ड्रोग पैराशूट की भूमिका अहम

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा संचालित 'गगनयान' भारत का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है। इस मिशन के तहत तीन सदस्यीय भारतीय दल को 400 किमी की निचली पृथ्वी कक्षा में तीन दिन के लिए भेजने और सुरक्षित वापस लाने की योजना है। कैप्सूल की ड्रोग पैराशूट अंतरिक्ष कैप्सूल की सुरक्षित वापसी में अहम भूमिका निभाता है। यह पहले खुलकर कैप्सूल की गति कम करता है और उसे स्थिर करता है, ताकि मुख्य पैराशूट सुरक्षित तरीके से खुल सकें। इस बार परीक्षण में पैराशूट को वास्तविक उड़ान में आने वाले अधिकतम भार से भी अधिक दबाव में परखा गया, जिससे इसकी अतिरिक्त सुरक्षा क्षमता सिद्ध हुई। परीक्षण के दौरान पैराशूट को असली मिशन से अधिक दबाव वाली स्थिति में जांचा गया। विशेषज्ञों के अनुसार, इससे यह सुनिश्चित हुआ है कि कठिन परिस्थितियों में भी यह प्रणाली सुरक्षित और प्रभावी ढंग से काम करेगी।

### -: सर्राफा बाजार :-

| | |
|---|---|
| गोल्ड 24 कैरेट | = 1,56,640/10 ग्राम |
| 22 कैरेट | = 1,43,600/10 ग्राम |
| 18 कैरेट | = 1,17,520/10 ग्राम |
| चांदी | = 2,70,000/किग्रा |



# रोबोडॉग विवाद : समिट के बाद होगी कार्रवाई : चिराग

एजेंसी, पटना।

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने एआई समिट में प्रदर्शित चीनी रोबोटिक डॉग को लेकर उठे विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे बड़ी लापरवाही बताया। उन्होंने कहा कि समिट समाप्त होने के बाद सरकार इस मामले में आगे की कार्रवाई पर निर्णय लेगी।

गलगोटिया यूनिवर्सिटी से जुड़ा यह विवाद इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान सामने आया, जहां एक रोबोटिक डॉग को विश्वविद्यालय के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस द्वारा विकसित बताया गया था। बाद में स्पष्ट हुआ कि यह प्रोडक्ट चीन की कंपनी यूनिट्री रोबोटिक्स द्वारा विकसित यूनिट्री जीओ2 मॉडल है। पत्रकारों से बातचीत में चिराग पासवान ने कहा कि किसी विश्वविद्यालय द्वारा किसी प्रोडक्ट को प्रदर्शित कर उसका स्वामित्व गलत तरीके से लेना पूरी तरह अनुचित है। यह मामला इसलिए



भी गंभीर है क्योंकि समिट एक वैश्विक मंच है और पूरी दुनिया की नजर इस पर रहती है। ऐसे घटनाक्रम भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि को प्रभावित कर सकते हैं। उन्होंने उस प्रतिनिधि के बयान का भी जिक्र किया, जिसने रोबोटिक डॉग के बारे में जानकारी दी थी। चिराग ने कहा कि वह शब्दों के चयन से स्थिति को उचित ठहराने की कोशिश करती दिखीं और बाद में इसे गलतफहमी बताया गया। जब देश में इतने बड़े स्तर का एआई सम्मेलन हो रहा हो, तब इस तरह की घटनाएं चिंता का विषय बन जाती हैं।

### वैश्विक मंच पर गुणवत्ता जांच कहां थी : मनोज झा

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इंपैक्ट समिट को लेकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राज्यसभा सदस्य मनोज कुमार झा ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह सकारात्मक बात है कि ऐसा बड़ा सम्मेलन आयोजित हो रहा है, लेकिन यह भी स्वीकार करना होगा कि अब तक भारत ने एआई से जुड़ी चुनौतियों और संभावनाओं को पूरी तरह समझा नहीं है। मनोज झा ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अभी तक व्यापक और गंभीर चर्चा नहीं हुई है। इस क्षेत्र में भारत कुछ हद तक पीछे है, लेकिन उम्मीद है कि इस समिट के बाद देश अपनी कमियों को दूर करने की दिशा में ठोस कदम उठाएगा और जिन क्षेत्रों में पिछड़ रहा है, उनकी भरपाई करेगा। समिट के दौरान श्रोबोट डॉगश विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि केवल विपक्ष ही नहीं, बल्कि नागरिक समाज के लोग भी सवाल उठा रहे हैं। इतने बड़े वैश्विक मंच पर हुई घटना से कई लोग खुद को अपमानित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने इस मामले के लिए किसी एक संस्था या शिक्षकों को जिम्मेदार ठहराने से इनकार किया। उनका कहना था कि पूरी जिम्मेदारी कुछ लोगों पर डाल देना उचित नहीं है और असली सवाल गुणवत्ता जांच का है।

केंद्र सरकार ने भी अपनी पहली आधिकारिक प्रतिक्रिया में कहा कि ऐसे मंचों पर केवल वास्तविक और प्रमाणिक कार्यों को ही प्रदर्शित किया जाना चाहिए और किसी भी प्रकार की भ्रामक जानकारी को बढ़ावा नहीं दिया जाएगा। विवाद उस समय शुरू हुआ जब विश्वविद्यालय के पवेलियन में मौजूद कम्युनिकेशन प्रोफेसर नेहा सिंह ने एक साक्षात्कार में दावा किया कि प्रदर्शित रोबोटिक डॉग विश्वविद्यालय द्वारा विकसित किया गया है और उसका नाम ओरियन बताया। बाद में उन्होंने इसे संचार की गलती बताया। विश्वविद्यालय ने भी आधिकारिक बयान जारी कर भ्रम के लिए माफी मांगी और कहा कि संबंधित प्रतिनिधि को तकनीकी जानकारी नहीं थी और उन्हें मीडिया से बात करने की अनुमति भी नहीं थी।

# 600 किमी रफ्तार वाली मैग्लेव में सफर करेंगे योगी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

जापान की अत्याधुनिक मैग्लेव मैग्नेटिक लेविटेशन ट्रेन, जो चुंबकीय शक्ति के सहारे पटरी से ऊपर हवा में तैरते हुए चलती है, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जापान दौरे का विशेष आकर्षण बनने जा रही है।

- जापान की भविष्य की रेल तकनीक से होंगे रूबरू
- हवा में तैरकर चलने वाली ट्रेन का लेंगे अनुभव



सीएम अपने जापान प्रवास के दौरान इस हाईस्पीड ट्रेन में 100 किलोमीटर की परीक्षण यात्रा करेंगे जिसमें 50 किलोमीटर जाना और 50 किलोमीटर की वापसी होगी। मैग्लेव ट्रेन को आधुनिक परिवहन का भविष्य माना जा रहा है। चुंबकीय तकनीक के कारण ट्रेन और ट्रैक के बीच प्रत्यक्ष संपर्क समाप्त हो जाता है, जिससे घर्षण लगभग शून्य हो जाता है। यह ट्रेन 600 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की गति हासिल करने में सक्षम है। जापान टोक्यो से नागोया के बीच मैग्लेव कॉरिडोर को वर्ष 2027 तक शुरू करने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है, जिसके बाद दोनों शहरों के बीच यात्रा समय आधे से भी कम रह जाएगा। सीएम योगी की यह यात्रा केवल तकनीकी जिज्ञासा तक सीमित नहीं है बल्कि इसे उत्तर प्रदेश में आधुनिक परिवहन ढांचे के विस्तार की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रदेश में पहले ही एक्सप्रेसवे, मेट्रो और क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम जैसे परियोजनाओं के जरिए गतिशील इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है। ऐसे में मैग्लेव जैसी भविष्य की तकनीक का प्रत्यक्ष अनुभव नीति निर्माण और दीर्घकालिक योजना के लिए उपयोगी माना जा रहा है। जापानी विशेषज्ञों के अनुसार इस ट्रेन में सुपरकंडक्टिंग मैग्नेट और अत्याधुनिक गाइडवे सिस्टम का उपयोग किया गया है, जो इसे उच्च गति के साथ स्थिरता और सुरक्षा भी प्रदान करता है। फिलहाल ट्रायल चरण में संचालित यह ट्रेन जापान की तकनीकी क्षमता और नवाचार की मिसाल मानी जा रही है।मुख्यमंत्री की प्रस्तावित यात्रा को भारत-जापान सहयोग के व्यापक परिप्रेक्ष्य में भी देखा जा रहा है। हाईस्पीड रेल, स्मार्ट मोबिलिटी और सतत परिवहन के क्षेत्र में सहयोग से उत्तर प्रदेश समेत देश के परिवहन नेटवर्क को नई दिशा मिलने की संभावना जताई जा रही है। जापान की मैग्लेव ट्रेन में सीएम योगी का यह सफर न केवल तकनीकी प्रगति का अनुभव होगा बल्कि तेज, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था की भावी तस्वीर को करीब से देखने का अवसर प्रदान करेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्रिटेन में किंग चार्ल्स के भाई एंड्रयू गिरफ्तार, एपस्टीन मामले में आया था नाम

एजेंसी, लंदन। ब्रिटेन के शाही परिवार से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। किंग चार्ल्स तृतीय के छोटे भाई एंड्रयू माउंटबैटन विंडसर को गुरुवार सुबह पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, उन्हें सुबह करीब 8 बजे उनके आवास से हिरासत में लिया गया। गिरफ्तारी के लिए सादे कपड़ों में पुलिस अधिकारी पहुंचे थे। फिलहाल एंड्रयू पुलिस कस्टडी में हैं। यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है जब टेम्स वैली पुलिस पूर्व प्रिंस की ओर से कथित रूप से दोषी यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के साथ गोपनीय जानकारी साझा किए जाने की शिकायत की जांच कर रही है।

### कानपुर में विमानन व रक्षा क्षेत्र के लिए खुलेगा राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र, फ्रांस की होगी साझेदारी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को इंडिया-फ्रांस वर्ष नवाचार का वर्ष के उद्घाटन अवसर पर कानपुर के राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (एनएसटीआई) में एरोनॉटिक्स और रक्षा क्षेत्र के लिए राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की घोषणा की। यह केंद्र भारत सरकार के प्रधानमंत्री उन्नत आईटीआई के माध्यम से कौशल और रोजगार रूपांतरण (पीएम-सेतु) कार्यक्रम के तहत फ्रांस सरकार के सहयोग से स्थापित किया जाएगा।

### नाम पूछकर माथे पर गोली मारने वाले सगे भाई गिरफ्तार

लखनऊ। मोहनलालगंज में एयरफोर्स के पूर्व अधिकारी का नाम पूछकर उनके माथे पर दो सगे भाइयों ने गोली मारी थी। गुरुवार को दोनों गिरफ्तार हो गए। दोनों के पास से 315 बोर का तमंचा, एक कारतूस और वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक बरामद हुई है। डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल ने खुलासा करने वाली टीम को 25 हजार रुपए का इनाम देने की घोषणा की है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि दोनों भाइयों की 28 नवंबर 2025 को अर्जुनगंज के पास स्कूल वैन संचालक, एयरफोर्स के पूर्व अधिकारी अवधेश पाठक से कहासुनी हो गई थी। इस दिन ओवरटेक को लेकर आरोपी छोटे भाई अमित को गाली-गलौज और थप्पड़ मारे गए। दिवंगत मां को गाली दी गई जिससे वह अपमानित महसूस कर रहा था। तभी से बदला लेने का फैसला किया था।

### घूसखोर पंडित विवाद पर सुप्रीम कोर्ट में निर्माता का हलफनामा, नीरज पांडे ने वापस लिया विवादित शीर्षक

एजेंसी, नई दिल्ली। अभिनेता मनोज बाजपेयी की प्रस्तावित फिल्म 'घूसखोर पंडित' को लेकर उठे विवाद के बीच निर्माता नीरज पांडे ने सुप्रीम कोर्ट में अपना विस्तृत हलफनामा दाखिल किया है। हलफनामे में उन्होंने स्पष्ट किया कि फिल्म का विवादित शीर्षक वापस ले लिया गया है और अब इसका उपयोग नहीं किया जाएगा। इसके बाद शीर्ष अदालत ने उनके आश्वासन को रिकॉर्ड पर लेते हुए फिल्म के खिलाफ दायर जनहित याचिका का निपटारा कर दिया। यह विवाद फिल्म के टीजर जारी होने के बाद शुरू हुआ था, जब कुछ संगठनों ने आरोप लगाया कि फिल्म का शीर्षक एक विशेष समुदाय की धार्मिक भावनाओं को आहत करता है। मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा, जहां निर्माताओं को शीर्षक बदलने के संकेत दिए गए थे।

# भारत एक भरोसेमंद विश्व-मित्र : राजनाथ सिंह

- रक्षा मंत्री ने विशाखापत्तनम में किया बहुराष्ट्रीय समुद्री अभ्यास मिलन का औपचारिक उद्घाटन



एजेंसी, नई दिल्ली।

विशाखापत्तनम के पूर्वी तट पर चल रहे बहुराष्ट्रीय समुद्री अभ्यास मिलन में 74 देशों की नौसेनाएं हिस्सा ले रही हैं, ताकि समुद्री जुड़ाव, सामूहिक सुरक्षा और नियम-आधारित समुद्री व्यवस्था को मजबूत किया जा सके।

अभ्यास का औपचारिक उद्घाटन करते हुए, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यूएन कन्वेंशन ऑन द लॉ ऑफ सीज के कानूनी ढांचे को एक बड़े ग्लोबल नेवल आर्किटेक्चर के जरिए और मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय नियमों और नेविगेशन की आजादी पर आधारित समुद्री व्यवस्था बनाना चाहता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत एक भरोसेमंद विश्व-मित्र है, इस क्षेत्र में एक कंस्ट्रक्टिव और भरोसेमंद भूमिका निभाता रहेगा। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि वे समुद्र में उभरती हुई मुश्किल और आपस में जुड़ी चुनौतियों से असरदार तरीके से निपटें और आपसी सम्मान और लेन-देन की भावना से काम करें। समय के साथ इंटरनेशनल शांति बनाने में नौसेना की भूमिका और बढ़ी है। पिछले कुछ दशकों में तेजी से आर्थिक विकास हुआ है, जिससे इंटरनेशनल व्यापार और ट्रांसपोर्ट में भारी बढ़ोतरी हुई है। रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारे पानी को उन खतरनाक आतंकवादी गतिविधियों से बचाने की जरूरत है, जो इन इलाकों में पैर पसार रही हैं। राजनाथ सिंह ने जोर देकर कहा कि पुराने खतरे, पाइरेसी, समुद्री आतंकवाद, गैर-कानूनी मछली पकड़ना, ट्रैफिकिंग, साइबर कमजोरियां और जरूरी सप्लाई चेन में रुकावट जैसी नई चुनौतियों के साथ मौजूद हैं।

### बहुचर्चित दोहरे हत्याकांड मामले में दोषियों को मिली सजा

बलिया, समृद्धि न्यूज़। जिले की एक स्थानीय अदालत ने खादीपुर मल्हाही चक गांव में हुए बहुचर्चित दोहरे हत्याकांड के 18 वर्ष पुराने मामले में एक आरोपी को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष के अनुसार 11 अगस्त 2007 को बांसडीह कोतवाली क्षेत्र के खादीपुर मल्हाही चक गांव में शैलेश कुर्मी नामक व्यक्ति ने पुलिस से मुखबिरी करने का शक होने पर राधा किसुन और स्वामी नाथ नाम के व्यक्तियों की हत्या कर दी थी। उन्होंने बताया कि इस मामले में लक्ष्मण साहनी की तहरीर पर शैलेश कुर्मी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने विवेचना के बाद अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था। एसीपी ओमवीर सिंह ने बताया कि अपर सत्र न्यायाधीश ज्ञान प्रकाश तिवारी ने मुकदमे की सुनवाई करते हुए बुधवार को शैलेश को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और 25 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई।

# कृषि मंत्रालय के सभी कार्यक्रमों की शुरुआत अब पौधरोपण के साथ की जाएगी : शिवराज

एजेंसी, नई दिल्ली।



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को कहा कि मंत्रालय के सारे कार्यक्रम अब से पौधरोपण के साथ शुरू किए जाएंगे। कृषि विश्वविद्यालयों के दीक्षांत समारोहों में पहले पेड़ लगाए जाएंगे और विद्यार्थियों से संकल्प दिलवाया जाएगा कि वे जीवनभर अपने जन्मदिन पर पौधा लगाएंगे।

केवीके, एग्रीकल्चर कॉलेज और रिसर्च से जुड़े किसी भी आयोजन में पेड़ लगाना शुरुआती अनिवार्य कदम होगा। केंद्रीय मंत्री शिवराज गुरुवार को एक पौधा प्रति दिन संकल्प के पांच वर्ष पूर्ण होने पर पूसा स्थित एपी शिंदे हॉल में आयोजित विशेष कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर साध्वी ऋतंभरा और पर्यावरणविद् डॉ. अनिल जोशी, आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. एम.एल. जाट, साधना सिंह मौजूद रहे।

# पीएसएलवी विफलता की जांच करेंगे पूर्व इसरो चेयरमैन

एजेंसी, चेन्नई।

केन्द्र सरकार ने देश के रणनीतिक उपग्रह को ले जा रहे पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (पीएसएलवी) रॉकेट की हालिया विफलता की जांच के लिए दो सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है।

समिति के अध्यक्ष प्रधानमंत्री के पूर्व प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के. विजय राघवन होंगे, जबकि अंतरिक्ष विभाग के पूर्व सचिव और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एस. सोमनाथ सह-अध्यक्ष के रूप में शामिल होंगे।

दिलचस्प बात यह है कि समिति के गठन से कुछ समय पहले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने केरल के तिरुवनंतपुरम स्थित विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) का दौरा किया था।



- पीएसएलवी रॉकेट की हालिया विफलता की जांच के लिए दो सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति का गठन

उल्लेखनीय है कि 12 जनवरी 2026 को इसरो का पीएसएलवी-सी62 रॉकेट देश के रणनीतिक हाइपरस्पेक्ट्रल उपग्रह श्अन्वेनशाश तथा ईओएस-एन1 ले जाते हुए मिशन के दौरान विफल हो गया था। ईओएस-एन1 के साथ भारतीय और विदेशी संस्थाओं के 15 अन्य छोटे उपग्रह भी नष्ट हो गये। अंतरिक्ष विभाग के सचिव और इसरो अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने पहले बताया था कि रॉकेट के पहले दो चरण सामान्य रहे, लेकिन तीसरे चरण के प्रदर्शन के अंतिम हिस्से में गड़बड़ी आई और इसके कारण उड़ान पथ में विचलन हुआ। रिपोर्टों के अनुसार, इसरो की एक आंतरिक समिति पहले से ही उड़ान डेटा का विश्लेषण कर रही है। पीएसएलवी चार चरणों वाला प्रक्षेपण यान है, जिसमें पहले और तीसरे चरण में ठोस ईंधन तथा दूसरे और चौथे चरण में द्रव ईंधन का उपयोग होता है। विशेषज्ञों का मानना है कि पीएसएलवी-सी62 की विफलता मई 2025 में हुए पीएसएलवी-सी61 मिशन की तरह ही प्रतीत होती है, जिसमें तीसरे चरण के दौरान समस्या आई थी और रॉकेट पथ से भटक गया था।

**नाराजगी**

### फ्री बीजली पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी, कहा-

# राज्यों को रोजगार के अवसर खोलने चाहिए

एजेंसी, नई दिल्ली।

सुप्रीम कोर्ट ने लोगों को मुफ्त सुविधाएं देने की संस्कृति की कड़ी आलोचना करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि देश के आर्थिक विकास में बाधा डालने वाली ऐसी नीतियों पर पुनर्विचार करने का समय आ गया है।

तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने एक याचिका दायर कर उपभोक्ताओं की वित्तीय स्थिति पर गौर किए बिना हर किसी को निःशुल्क बिजली प्रदान करने का प्रस्ताव दिया है। शीर्ष अदालत ने इस याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि अगर राज्य गरीबों की मदद करते हैं तो यह बात पूरी तरह से समझ में आती है। देश के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची एवं न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने कहा कि अधिकतर राज्यों का राजस्व घाटे में है लेकिन वे विकास की अनदेखी करते हुए इस तरह की मुफ्त सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं। न्यायालय ने कहा कि इस तरह की मुफ्त सुविधाएं देने से देश के आर्थिक विकास में बाधा पैदा होती है और राज्यों को सभी को मुफ्त भोजन, साइकिल और बिजली देने के बजाय रोजगार के अवसर खोलने के लिए काम करना चाहिए।

हालांकि, न्यायालय ने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार के नेतृत्व वाली बिजली वितरण कंपनी की मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखने वाली याचिका पर केंद्र और



अन्य को नोटिस जारी किया। बिजली वितरण कंपनी ने विद्युत संशोधन नियम, 2024 के एक नियम को चुनौती दी है। पीठ ने कहा, भारत में हम कैसी संस्कृति विकसित कर रहे हैं? यह समझ में आता है कि कल्याणकारी कदमों के तहत आप उन लोगों को (निःशुल्क) सुविधाएं उपलब्ध कराना चाहते हैं, जो बिजली शुल्क चुकाने में असमर्थ हैं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, लेकिन जो वहन कर सकते हैं और जो नहीं कर सकते, उनमें भेद किए बिना आप वितरण शुरू कर देते हैं। क्या यह तुष्टीकरण की नीति नहीं होगी?

पीठ ने पूछा कि बिजली शुल्क अधिसूचित होने के बाद तमिलनाडु की कंपनी ने अचानक जेब ढीली करने का फैसला क्यों किया। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, राज्यों को रोजगार के रास्ते खोलने के लिए काम करना चाहिए। अगर आप सुबह से शाम तक मुफ्त भोजन देना शुरू कर देंगे, फिर मुफ्त साइकिल, मुफ्त बिजली देंगे, तो कौन काम करेगा और फिर कार्य संस्कृति का क्या होगा। पीठ ने कहा कि राज्य विकास परियोजनाओं पर खर्च करने के बजाय दो काम करते हैं- वेतन देना और इस तरह की मुफ्त सुविधाएं बांटना।

# हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की मदद को आगे आया राह-ए-इंसानियत ट्रस्ट



▸ परिजनों को मिली राहत, कुछ दिन पूर्व एक भीषण दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुआ था युवक

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** कतर्नियाघाट क्षेत्र के थाना सुजौली अंतर्गत अयोध्यापुरवा निवासी रईस पुत्र सुबराती कुछ दिन पूर्व एक भीषण दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में उनकी कमर की हड्डी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जिसके बाद से उनका इलाज चल रहा है। अचानक आई इस विपदा ने परिवार को गहरे आर्थिक और मानसिक संकट में डाल दिया। सीमित आय के कारण महंगे उपचार का खर्च उठाना परिजनों के लिए बेहद कठिन हो रहा था। घायल रईस असहनीय दर्द से जूझ रहे थे, वहीं परिवार बढ़ते चिकित्सकीय खर्च को लेकर चिंतित था। ऐसे कठिन समय में मानवता की मिसाल पेश करते हुए राह-ए-इंसानियत ट्रस्ट, कतर्नियाघाट (थाना सुजौली), जनपद बहराइच ने आगे बढ़कर आर्थिक सहायता प्रदान की। ट्रस्ट द्वारा दी गई सहयोग राशि से न केवल उपचार में तेजी आई, बल्कि परिवार को बड़ा मानसिक संबल भी मिला। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था का उद्देश्य धर्म, जाति और समुदाय से ऊपर उठकर जरूरतमंदों की सहायता करना है। उनका कहना है कि हिंदू-मुस्लिम एकता, आपसी सौहार्द और इंसानियत ही समाज की वास्तविक शक्ति है। इसी भावना के साथ ट्रस्ट निरंतर जनसेवा के कार्यों में सक्रिय है। स्थानीय ग्रामीणों और गणमान्य नागरिकों ने ट्रस्ट की इस सराहनीय पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक प्रयास न केवल जरूरतमंद परिवारों को सहारा देते हैं, बल्कि समाज में भाईचारे और मानवीय मूल्यों को भी मजबूत करते हैं। ट्रस्ट ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि रईस शीघ्र पूर्ण स्वस्थ होकर सामान्य जीवन में लौटें।

## श्याम प्रभु मंदिर में दुर्गा मैया की मूर्ति स्थापित प्राण प्रतिष्ठा के बाद भक्त कर सकेंगे दर्शन

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** नानपारा के श्री श्याम प्रभु राणी सती मंदिर में गुरुवार को जगतजननी मां दुर्गा की भव्य मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। इस अवसर पर मंदिर में पूर्ण हर्षोल्लास का माहौल रहा। कार्यक्रम में बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम करण टेकड़ीवाल, उनकी पत्नी नगर पालिका परिषद बहराइच की अध्यक्ष नगर सुधा टेकड़ीवाल, नानपारा विधायक की पत्नी सीमा वर्मा और सतरूपा अष्टभुजा दुर्गा मंदिर के अध्यक्ष डी.के. श्रीवास्तव उपस्थित रहे। मंदिर समिति के अध्यक्ष राम स्वरूप अग्रवाल और राजेश भीमराजका ने इन सभी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। स्थापना से पूर्व भक्तों ने सोना, चांदी आदि भेंट कर अपना सहयोग दिया। भजन गायक कुमार शानू और मोनू गुप्ता ने लगातार भजनों से मां की सेवा की। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व जगतजननी मैया की भव्य मूर्ति का नगर भ्रमण कराया गया। यह शोभायात्रा श्याम मंदिर से शुरू होकर विश्वनाथ मंदिर चौक बाजार सहित विभिन्न मार्गों से गुजरी। सैकड़ों की संख्या में पुरुष, महिलाएं और बच्चे माता का जयकारा लगाते और भजन गाते हुए इस भव्य शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस श्री श्याम मंदिर पहुंची।



## प्रसव पीड़ा बर्दाश्त नहीं हुई तो ब्लेड से फाड़ा पेट, लखनऊ रेफर

▸ महिला बोली : बहुत दर्द हो रहा था, बच्ची को जन्म दिया



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** जिले के बौंडी थाना क्षेत्र के नन्दवल ग्राम में एक गर्भवती महिला ने प्रसव पीड़ा असहनीय होने पर ब्लेड से अपना पेट फाड़ लिया। गंभीर हालत में महिला ने एक बेटी को जन्म दिया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे लखनऊ रेफर किया गया है। यह घटना गुरुवार दोपहर की है। 35 वर्षीय ननकई नामक महिला को प्रसव पीड़ा शुरू हुई। घर में कोई अन्य सदस्य मौजूद न होने के कारण उसने दर्द से तड़पते हुए यह कदम उठाया। उसकी चीख सुनकर पड़ोसी उसके घर पहुंचे और खून बहता देख तुरंत मदद के लिए आगे आए। महिला की मां भी मौके पर पहुंचीं। ग्रामीणों की सहायता से ननकई को फखरपुर स्थित स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने उसका प्रसव कराया, जिसके बाद उसने एक स्वस्थ बेटी को जन्म दिया। हालांकि, महिला की हालत गंभीर बनी हुई थी। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बहराइच जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में भी उसकी स्थिति में सुधार न होने पर उसे बेहतर इलाज के लिए लखनऊ भेज दिया गया है।

# जीवन रक्षा अभियान के तहत चलती ट्रेन से गिरती हुई महिला को बचाया गया

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**



दिनांक-18.02.2026 को श्री चंद्र मोहन मिश्र वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा बल पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ महोदय के निर्देशन एवं श्री महेंद्र प्रसाद दुबे सहायक सुरक्षा आयुक्त गोंडा महोदय के सुपरविजन में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट मनकापुर में यात्री सुरक्षा एवं उनके सामानों की सुरक्षा के साथ-साथ जानमाल की सुरक्षा में कांस्टेबल सूर्य प्रकाश मिश्रा रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट मनकापुर रेलवे स्टेशन मनकापुर पर तैनात थे। गाड़ी संख्या-15109 छपरा मथुरा एक्सप्रेस के प्लेटफार्म संख्या-02 से समय-10:55 बजे प्रस्थान करने के समय एक महिला यात्री चलती ट्रेन में चढ़ने के प्रयास के दौरान असंतुलित होकर ट्रेन से गिरने लगी।उक्त घटना को देखकर प्लेटफॉर्म ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल सूर्य प्रकाश मिश्रा के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अपनी सूझ-बूझ एवं सतर्कता से महिला को चलती ट्रेन से गिरने से बचाया गया। उक्त घटना को देखकर पास में उपस्थित राजकीय रेलवे पुलिस के कांस्टेबल सुधाकर खरवार मनकापुर द्वारा ट्रेन से गिरती हुई महिला को बचाने मे सहयोग किया गया एवं उक्त महिला को चलती हुई ट्रेन में चढ़ाया गया, जिसके कारण महिला यात्री का नाम, टिकट नंबर इत्यादि विवरण नोट नहीं किया जा सका। प्लेटफॉर्म ड्यूटी पर उपस्थित अन्य यात्रियों द्वारा रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट मनकापुर एवं राजकीय रेलवे पुलिस द्वारा किए गए सराहनीय कार्य की भूरी-भूरि प्रशंसा की गई। उक्त स्टाफ के द्वारा किया गया कार्य प्रसंसनीय है। घटना का सीसीटीवी फुटेज रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट मनकापुर के द्वारा उपलब्ध कराया गया है श्रीमान।

## शिवपुर में जाल पार कर भागा तेंदुआ

### गांव में वन विभाग की टीम मौजूद, दहशत बरकरार

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** शिवपुर ब्लॉक क्षेत्र के बितानिया ग्राम पंचायत में बुधवार रात एक तेंदुआ भटककर गांव के पास पहुंच गया। वन विभाग की टीम ने उसे पकड़ने के लिए रातभर रेस्क्यू अभियान चलाया, लेकिन गुरुवार सुबह तेंदुआ जाल पार कर फरार हो गया। इस घटना से गांव में दहशत का माहौल है। बुधवार रात करीब 7 बजे ग्रामीणों ने तेंदुए को गांव के बाहर एक शीशम के पेड़ पर चढ़ा देखा। सूचना मिलते ही उत्तर प्रदेश वन विभाग की शिवपुर रेंज टीम मौके पर पहुंची। वनकर्मियों ने पेड़ के चारों ओर जाल लगाकर तेंदुए को सुरक्षित पकड़ने की तैयारी की और पूरी रात निगरानी की। गांव निवासी खुशी राम गुप्ता ने बताया कि वे लोग रात करीब 7 बजे से मौके पर मौजूद थे।

# विशेश्वरगंज के ग्राम जैसारा की अस्थायी गौशाला बनी मिसाल

### जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में दिखी समर्पित गौसेवा

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



विकासखंड विशेश्वरगंज के अंतर्गत ग्राम जैसारा स्थित अस्थायी गौशाला स्थल इन दिनों उत्कृष्ट व्यवस्थाओं और समर्पित गौसेवा को लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्राम विकास अधिकारी लक्ष्मी नारायण के मार्गदर्शन में तथा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि त्रिपुराज तिवारी की सक्रिय उपस्थिति में गौशाला का संचालन सुव्यवस्थित ढंग से किया जा रहा है। गौशाला परिसर में साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था की गई है। नियमित रूप से गोबर की सफाई, स्वच्छ और सूखे स्थान की उपलब्धता, पशुओं के लिए पर्याप्त छाया और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। चारे का प्रबंधन भी ब्लॉक स्तर पर बेहतर माना जा रहा है, जिससे गौवंश को समय पर पौष्टिक आहार मिल सके। पशुओं के स्वास्थ्य और पोषण को ध्यान में रखते हुए गुड़ और केला भी अलग से खिलाया जा रहा है। यह अतिरिक्त देखभाल ग्राम प्रधान प्रतिनिधि एवं ग्राम विकास अधिकारी की मानवीय संवेदनशीलता को दर्शाती है। निरीक्षण के दौरान भाजयुमो मंडल संयोजक शिवम तिवारी, मंडल मंत्री घनश्याम साहू सहित काफी संख्या में ग्रामीण भी उपस्थित रहे। सभी ने गौशाला की व्यवस्थाओं की सराहना की और इसे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक बताया। ग्रामीणों का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की सक्रियता के चलते गौशाला की स्थिति में निरंतर सुधार हुआ है। ग्राम जैसारा की यह अस्थायी गौशाला आज न केवल गौसेवा का केंद्र बनी है, बल्कि सामूहिक सहयोग और जिम्मेदार प्रशासन का भी सशक्त उदाहरण प्रस्तुत कर रही है।


## खबरें एक नजर में

### कांग्रेस चलाएगी मनरेगा बचाव अभियान



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** मनरेगा बचाओ अभियान को लेकर विधानसभा घेराव करने जा रहे कांग्रेसी नेताओं एवं पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं पर भाजपा की योगी सरकार के इशारे पर कांग्रेसियों पर लाठीचार्ज कराए जाने के विरोध मे पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की प्रतिमा के सामने शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस भवन परिसर में सत्याग्रह किया गया जिसकी अगुवाई शहर अध्यक्ष शाहिद अली कुरेशी एवं जिला मीडिया प्रभारी शिव कुमार दुबे ने किया एवं कहा कि जब जब भाजपा किसानों मजदूरों श्रमिकों की आवाज कांग्रेस उठाती है तो यह किसान नवजवान महिलाओं बेरोजगारों की समस्याओं का समाधान नहीं करने में फेल होने पर कांग्रेस की आवाज को पुलिस के दम पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी जी एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं का पुलिस के दम पर रोकने का प्रयास करती हैं किन्तु कांग्रेसियो को जब अंग्रेज नहीं रोक सके तो सत्ता के अहंकार में चूर भाजपा और उनका सिस्टम कहा रोक पाएगा किसान मजदूर युवा ही इस सरकार को 2027 में उखाड़ फेंकने का काम करेगा। सैयद अब्दुल मुजीब, अजय श्रीवास्तव उर्फ पप्पू,विकास मनोहर श्रीवास्तव, हरि श्याम सोनी, अब्दुल वहाब, रीना देवी, चांद खान, निर्मेश श्रीवास्तव, नफीस रैनी , जानकी देवी, वसीम रैनी, अकील अंसारी, शकील समेत अन्य कांग्रेस जनों ने सत्याग्रह कर भाजपा की निरंकुशता के विरोध में किया।

### 9.42 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ 2 अभियुक्त गिरफ्तार




**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार द्वारा भारत-नेपाल सीमा पर पेट्रेलिंग कर मादक पदार्थ के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिये गये सख्त निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय व क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर डॉ0 जितेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक राकेश पाल के कुशल नेतृत्व मे- थाना को0 जरवा पुलिस व सहायक उ0नि0 अरुन कुमार साहू एसएसबी कोयलाबास की संयुक्त टीम द्वारा भारत- नेपाल सीमा पर पेट्रेलिंग कर मादक पदार्थ के विरुद्ध चलाए जा रहे चेकिंग अभियान में एक पन्नी मे 09.42 ग्राम ब्राउन शुगर व एक अदद मोटरसाइकिल पल्सर रजिस्ट्रेशन नं0 रा3प1411 के साथ दो अभियुक्त क्रमशः 1. जुनैद रैनी पुत्र चाँद बाबू निवासी ग्राम बहादुरडीहवा रतनपुर झिगहा थाना जरवा जनपद बलरामपुर 2. विकाश बहादुर पुन्यवर पुत्र विष्णु पुन्यवर निवासी ग्राम गढवा बुद्धा ज्योति रोड थाना गढवा जनपद दांग राष्ट्र नेपाल की गिरफ्तारी की गयी तथा त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 09/2026 अंतर्गत धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्तगणो को न्यायालय बलरामपुर के समक्ष भेजा जा रहा है।

### जिलाधिकारी ने उत्कृष्ट शिक्षकों संग किया संवाद, लर्निंग आउटकम सुधारने पर बनी रणनीति

**बलरामपुर।** जनपद के परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने तथा विद्यार्थियों के लर्निंग आउटकम में ठोस सुधार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी श्री विपिन कुमार जैन द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में चयनित उत्कृष्ट शिक्षकों के साथ एक विशेष संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने शिक्षकों से विद्यालयों में किए जा रहे नवाचार, बेहतर शिक्षण पद्धतियों एवं विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता बढ़ाने के सफल प्रयासों पर विस्तार से चर्चा की। शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार नवाचार आधारित शिक्षण और सामुदायिक सहयोग से शिक्षा स्तर में सकारात्मक परिवर्तन संभव हुआ है। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार के लिए इस प्रकार के संवाद कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे।

# उल्टी ने खोला छिपे फाइलेरिया का राज, तपेसिपाह की घटना बनी जागरूकता का संदेश

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



जरवल ब्लॉक के तपेसिपाह गांव में सामूहिक दवा सेवन अभियान (एमडीए/आईडीए) के दौरान घटी एक छोटी-सी घटना अब बड़े संदेश में बदल गई है। परिवार के सभी सदस्यों ने फाइलेरिया से बचाव की दवा ली थी। कुछ ही देर बाद 17 वर्षीय बेटी और बहू को उल्टी होने लगी। परिजन घबरा उठे कि कहीं दवा का दुष्प्रभाव तो नहीं हो गया। सूचना मिलते ही स्वास्थ्य टीम मौके पर पहुंची। चिकित्सकीय निगरानी के साथ परिवार को पूरी जानकारी दी गई और जल्द ही वे सामान्य हो गई। स्वास्थ्यकर्मियों ने परिवार को समझाया कि यह दवा का नुकसान नहीं, बल्कि शरीर में लंबे समय से छिपे सूक्ष्म फाइलेरिया कृमियों के नष्ट होने की सामान्य प्रतिक्रिया है। जिन लोगों में संक्रमण नहीं होता, उन्हें आमतौर पर कोई लक्षण महसूस नहीं होता। आशा कार्यकर्ता गुड़िया देवी ने बताया कि शुरुआत में परिवार भयभीत था, लेकिन सही जानकारी मिलने के बाद उनकी आशंका दूर हो गई। अब पूरा परिवार दवा के महत्व को समझ चुका है और दूसरों को भी जागरूक कर रहा है। फाइलेरिया मच्छरों से फैलने वाली गंभीर और लाइलाज बीमारी है, जो वर्षों तक बिना लक्षण के शरीर में छिपी रह सकती है। वीबीडी नोडल एवं डिप्टी सीएमओ डॉ. अनुराग वर्मा के अनुसार यही संक्रमण आगे चलकर हाथ-पैर में सूजन या हाइड्रोसील जैसी जटिलताओं का कारण बनता है। इसी को देखते हुए जरवल ब्लॉक में 10 से 28 फरवरी तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अब तक निर्धारित लक्ष्य का 42 प्रतिशत पूरा करते हुए 1.20 लाख से अधिक लोग बचाव की दवा सेवन कर चुके हैं। सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने बताया जिले में हाथीपांव के 474 और हाइड्रोसील के 165 मरीज चिन्हित हैं। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि फाइलेरिया एक गंभीर जनस्वास्थ्य चुनौती है। उन्होंने दो वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी पात्र लोगों से दवा सेवन की अपील की और बताया कि उल्टी, हल्का बुखार या मितली जैसे लक्षण अस्थायी होते हैं और संक्रमण समाप्त होने के संकेत हैं। अधिक समस्या के लिए त्वरित प्रतिक्रिया दल का भी गठन किया गया है। फाइलेरिया नियंत्रण अधिकारी दीपमाला ने बताया दवा सेवन के बाद उल्टी, बुखार या कमजोरी महसूस हो तो सोमवार या गुरुवार को रात्रि 8:30 बजे जिला ट्रामा सेंटर स्थित फाइलेरिया नियंत्रण कक्ष में जांच कराएं। पुष्टि होने पर निःशुल्क उपचार उपलब्ध है। फाइलेरिया लाइलाज है लेकिन लक्षण से पहले जांच, उपचार से हाथीपांव या हाइड्रोसील जैसी जटिलताओं से बचाव संभव है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल

### 108 एंबुलेंस की सजगता से बची जान, जिला अस्पताल रेफर



**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** नानपारा-लखीमपुर खीरी नेशनल हाईवे पर इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने एक युवक को टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मोतीपुर मजरा गुजरहना निवासी सुकराती पुत्र अब्बास (35) किसी कार्य से सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद वाहन चालक बिना रुके मौके से भाग निकला। घटना के लगभग 11 बजे मौके से गुजर रही 108 एंबुलेंस (गाड़ी संख्या यूपी 32 एफजी 51925) की नजर घायल युवक पर पड़ी। एंबुलेंस में तैनात ईएमटी मनोज कुमार और जियो पायलट यज्ञपाल ने मानवीय संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय देते हुए तत्काल प्राथमिक उपचार प्रदान किया। इसके बाद घायल को सुरक्षित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर पहुंचाया गया। सीएचसी के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि समय पर एंबुलेंस की सुविधा मिल जाने से उनके बेटे को नई जिंदगी मिली है। उन्होंने एंबुलेंस कर्मियों का आभार जताते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में उनकी मुस्तैदी किसी देवदूत से कम नहीं रही।

## कतर्नियाघाट में 40 बीघा गेहूं बर्बाद, रात में पेट्रोलिंग करने को मजबूर

▸ हाथियों की चहलकदमी से किसान परेशान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** जंगली हाथियों का झुंड किसानों के लिए मुसीबत बना गया है। हाथियों ने जंगल किनारे लगी चैन लिंक फेंसिंग तोड़ दी है। वे खेतों में घुसकर गेहूं की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। यह मामला कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य क्षेत्र के आजमगढ़पुरवा गांव का है। किसानों का कहना है कि हाथियों का झुंड दिन में झुंड ओरई नाला के जंगल में रहता है। वहीं, शाम होते ही खेतों की तरफ आ जाता है। इससे कई बीघा गेहूं की फसल नष्ट हो चुकी है। कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य क्षेत्र में लगातार हाथियों की चहलकदमी जारी है। हाथियों के आतंक से अब तक करीब 20 किसानों की 40 बीघा फसल बर्बाद हो चुकी है। इससे डरे ग्रामीण रात में पेट्रोलिंग करने को मजबूर हैं। गजमित्र सुरेश मौर्या ने बताया कि बुधवार रात करीब दो दर्जन हाथी फेंसिंग तोड़कर खेतों में दाखिल हुए। उन्होंने करीब दो घंटे तक उत्पात मचाया। इस दौरान कई बीघा गेहूं की फसल बर्बाद हो गई। इससे दो दर्जन किसानों को भारी नुकसान हुआ है। एक सप्ताह के अंदर सियाराम, राधेश्याम, रमेश मौर्य, सुरेश मौर्य, शिवचंद्र, जोखन, मीरा देवी, सरिता देवी, रामनिवास,



मंगली, हरिलाल, बेचू, दीपू सिंह, त्रिवेणी, बृजनाथ, श्यामजीत और दुर्गावती समेत कई किसानों की फसलें नष्ट हो चुकी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि दिन में यह झुंड ओरई नाला के जंगल में रहता है। लेकिन शाम होते ही खेतों की ओर रुख कर लेता है। रात में पेट्रोलिंग कर रहे गजमित्र रमेश मौर्य ने बताया कि उन्हें पेट्रोलिंग के दौरान हाथियों ने दौड़ा लिया। उन्हें जान बचाकर भागना पड़ा। गजमित्र जयनारायण, सुरेश मौर्य, रमेश मौर्य, श्यामजीत, अभय पांडेय, रंभादेवी और विनीता देवी ने बताया कि उनकी टीम पूरी रात गश्त कर रही है। लेकिन हाथियों का झुंड खेतों से हटने का नाम नहीं ले रहा। किसान नेता गुरुवंत सिंह चीमा ने कहा कि जंगली हाथियों के उत्पात से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

# महसी में एसडीएम के खिलाफ वकीलों का प्रदर्शन

▸ 22 दिन से धरना, 18 दिन से कलमबंद हड़ताल जारी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** जिले की महसी तहसील में अधिवक्ताओं और उपजिलाधिकारी आलोक प्रसाद के बीच गतिरोध गहरा गया है। एसडीएम के कार्य-व्यवहार और कथित अमर्यादित आचरण के विरोध में अधिवक्ता 22 दिनों से क्रमिक धरने पर हैं और पिछले 18 दिनों से 'कलमबंद हड़ताल' कर रहे हैं। यह मामला एसडीएम आलोक प्रसाद के कार्य-व्यवहार से असंतुष्ट वकीलों द्वारा पिछले तीन महीनों से किए जा रहे कोर्ट बहिष्कार से शुरू हुआ था। हाल ही में विवाद तब और बढ़ गया जब एसडीएम के हस्ताक्षर वाला एक पत्र बार एसोसिएशन महसी को वार्ता के प्रस्ताव के साथ मिला। अधिवक्ताओं का शिष्टमंडल जब सकारात्मक सोच के साथ एसडीएम के कक्ष में पहुंचा, तो एसडीएम ने अपने हस्ताक्षर से



इनकार कर दिया और शिष्टमंडल के साथ अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया। वकीलों का आरोप है कि एसडीएम ने अहंकारपूर्ण लहजे में कहा, 'बार एसोसिएशन का हाउस हमसे है, हम हाउस से नहीं।' अधिवक्ताओं ने एसडीएम पर जातिवादी मानसिकता से ग्रसित होने के गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि एसडीएम न केवल अधिवक्ताओं को अपमानित करते हैं, बल्कि सवर्ण वादकारियों के धार्मिक प्रतीकों जैसे चंदन, टीका और चोटी पर भी आपत्तिजनक टिप्पणियां करते हैं। अधिवक्ताओं के अनुसार, एसडीएम वादकारियों को 'पापी, गुंडा और चोर' जैसे शब्दों से संबोधित करते हैं। अधिवक्ता मनोज त्रिपाठी के साथ हुई अभद्रता ने भी इस विवाद को और बढ़ा दिया।

बार एसोसिएशन महसी के वकील अब शासन-प्रशासन से एसडीएम आलोक प्रसाद के मानसिक परीक्षण की मांग कर रहे हैं। इसके साथ ही, वे उन्हें तत्काल प्रभाव से तहसील से हटाने की भी मांग कर रहे हैं। अधिवक्ताओं का स्पष्ट कहना है कि यह लड़ाई अब केवल काम की नहीं, बल्कि उनके आत्म-सम्मान की है। 18वें दिन भी कलमबंद हड़ताल जारी रहने से न्यायिक कार्य पूरी तरह ठप हैं। जिससे आम जनता को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# तंबाकू उत्पाद महंगे : नए टैक्स सिस्टम के बाद बाजार में उथल-पुथल, छोटे दुकानदार परेशान

**समृद्धि न्यूज़, उतरौला (बलरामपुर)।**

1 फरवरी 2026 से सरकार द्वारा गुटखा, पान मसाला, खैनी, जर्दा और सिगरेट जैसे तंबाकू उत्पादों पर नया टैक्स ढांचा लागू होने के बाद पूरे बाजार में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। पहले इन उत्पादों पर 28% जीएसटी के साथ मुआवजा उपकर लगता था, लेकिन अब इनके ऊपर लगभग 40% जीएसटी के साथ अलग से स्वास्थ्य उपकर और उत्पाद शुल्क भी लगाया गया है। इस कारण कुल कर भार 80-90 प्रतिशत तक पहुंचने की बात सामने आ रही है। नए टैक्स लागू होते ही कंपनियों ने अतिरिक्त बोझ सीधे उपभोक्ताओं पर डाल दिया। जिससे 5 का गुटखा 7-8, 10 का 12-15 तथा 20 का 25 या उससे अधिक पहुंच गया है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि कंपनी से माल ही महंगा मिल रहा है, इसलिए वे मजबूरी में ग्राहकों को ऊंचे दाम पर बेच रहे हैं। सरकार तंबाकू को हानिकारक वस्तु मानते हुए उसकी खपत कम करना चाहती है। विशेषज्ञों के अनुसार इस निर्णय के पीछे तीन मुख्य कारण हैं पहला लोगों को तंबाकू छोड़ने के लिए प्रेरित करना दूसरा कैंसर व अन्य बीमारियों पर सरकारी स्वास्थ्य खर्च कम करना व तीसरा राजस्व बढ़ाना। आर्थिक मामलों के जानकारों का मानना है कि दुनिया भर में 'सिन टैक्स' (हानिकारक वस्तुओं पर ज्यादा कर) नीति इसी सिद्धांत पर आधारित होती है कि कीमत बढ़ेगी तो खपत घटेगी। **बाजार में कृत्रिम कमी और कालाबाज़ारी जैसे हालात-**

उतरौला बाजार सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में केवल टैक्स ही कीमत बढ़ने का कारण नहीं है, बल्कि सप्लाई चेन में गड़बड़ी भी सामने आई है। टैक्स बढ़ने की खबर मिलते ही थोक व्यापारियों ने बड़े पैमाने पर स्टॉक जमा कर लिया, बाजार में माल कम दिखाया जा रहा है, पुराने पैकेट भी नए रेट पर बेचे जा रहे हैं और कई जगह बदले बिना दाम बढ़ा दिए गए इस वजह से अभी भी पुराना 5 वाला पाउच 7 से 8 तथा 10 वाला पाउच 12 से 15 में मिल रहा है।

## नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**उतरौला (बलरामपुर)।** थाना कोतवाली उतरौला क्षेत्र में दर्ज नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस टीम ने लंबे समय से फरार चल रहे वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। पुलिस के अनुसार पीड़िता की लिखित तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली उतरौला में मुकदमा अपराध संख्या 20/2026 पंजीकृत किया गया था। प्रारम्भ में धारा 76 बीएनएस तथा 9एम/10 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज हुआ था।

**कार्यालय नगर पंचायत रिसिया जनपद बहराइच**

पत्रांक संख्या- 262/न0प0रि0/2026 दिनांक- 19.02.2026

(अति अल्पकालिक ई- निविदा सूचना)

समस्त विभागों में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग से नगर पंचायत रिसिया के वार्ड देवीपुरा में प्राथमिक विद्यालय प्रथम के सामने तालाब में मिट्टी पटाई का कार्य नगर पंचायत रिसिया के ग्राम चफरिया में एम.आर.एफ. सेंटर के सामने भूमि पर मिट्टी पटाई का कार्य हेतु ई- निविदा के माध्यम से दिनांक 20/02/2026 से दिनांक 27/02/2026 को अपराह्न 12.30 बजे तक निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र ई - टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.in पर डाउनलोड करके अपलोड की जा सकती है। जिसकी तकनीकि विड को दिनांक 27/02/2026 को अपराह्न 04:00 बजे उपस्थित ठेकेदारों व अधिशासी अधिकारी के समक्ष खोला जायेगा। ई- निविदा सम्बंधी समस्त कार्य शर्तें एवं अन्य विवरण ई निविदा की वेबसाइट http://e-tender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत रिसिया
बहराइच।

अध्यक्ष
नगर पंचायत रिसिया
बहराइच।

# तीर्थस्थलों में बढ़ती श्रद्धालु संख्या बेहतर व्यवस्थाओं का प्रमाण : केशव

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य के प्रमुख तीर्थस्थलों पर श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती संख्या बेहतर प्रबंधन और सुविधाओं का प्रमाण है।

विधान परिषद में सवालों का जवाब देते हुए, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने स्पष्ट किया कि सरकार तीर्थस्थलों पर व्यवस्थाओं की निगरानी करती है, जबकि 'सुगम दर्शन' शुल्क का निर्णय संबंधित मंदिर ट्रस्ट या प्रबंधन समिति द्वारा लिया जाता है।

मौर्य ने साफ किया कि राम मंदिर अयोध्या में 'सुगम दर्शन' के लिए कोई शुल्क निर्धारित नहीं किया गया है। वहीं काशी विश्वनाथ मंदिर का प्रबंधन उसके मंदिर न्यास परिषद द्वारा किया जाता है, जो दर्शन संबंधी व्यवस्थाओं और संभावित शुल्क पर निर्णय लेता है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि जनवरी 2025 से जनवरी 2026 के बीच काशी में 'सुगम दर्शन' के लिए लगभग 10.7 लाख श्रद्धालुओं को दर्शन पर्ची जारी की गई।

उन्होंने कहा कि मंदिरों में सुगम दर्शन शुल्क लागू करने का फैसला संबंधित ट्रस्ट द्वारा लिया जाता है और राज्य सरकार सुरक्षा तथा आधारभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करती है।

मौर्य के अनुसार काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर के निर्माण के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्ष 2017 में जहां लगभग 77 लाख श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे थे, वहीं वर्ष 2025 में यह आंकड़ा बढ़कर 17 करोड़ से अधिक हो गया। उन्होंने बताया कि विदेशी श्रद्धालुओं की संख्या में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

वर्ष 2014 में लगभग 28 हजार विदेशी श्रद्धालु आए थे, जबकि वर्ष 2024 में यह संख्या करीब 3.99 लाख और वर्ष 2025 में 3.21 लाख रही। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार तीर्थस्थलों की पवित्रता और सुव्यवस्थित संचालन के लिए प्रतिबद्ध है। यदि किसी भी प्रकार की अनियमितता सामने आती है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि बेहतर व्यवस्थाओं और बुनियादी सुविधाओं के कारण देश-विदेश के श्रद्धालुओं का विश्वास लगातार बढ़ रहा है।

# अब चापलूस नेताओं को किनारे लगाएंगे अखिलेश यादव

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

2027 के यूपी विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी में इन दिनों एक अलग ही 'राजनीतिक योग' चल रहा है3 आसन वही पुराने हैं...बैठकें, समीक्षाएँ और रणनीतियां... लेकिन पार्टी का मंत्र बदल गया है... सूत्र बताते हैं कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव अब पार्टी के भीतर 'चापलूसी डिटॉक्स' मोड में हैं। यानी जो नेता अब तक पार्टी दफ्तरों की कुर्सियों और कैमरों के आसपास परिक्रमा करते दिखते थे अब उन्हें वो किनारे लगाने की तैयारी कर रहे हैं।

कहते हैं, सियासत में दो तरह के चेहरे होते हैं। एक वो जो जनता के बीच पसीना बहाते हैं, और दूसरे वो जो एसी हॉल में अपने नेताओं के पीछे अपना 'कैमरा एंगल' ढूंढते हैं सपा में भी यही दो धाराएं अक्सर चर्चा में रहती हैं... पहली धारा के कार्यकर्ता गांव-गांव घूमकर जनता की समस्याओं को अपनी डायरी में नोट करते हैं। दूसरी धारा के कुछ नेता पार्टी दफ्तर में आकर कैमरे की फ्लैश में 'जनसेवा का ग्लो' तलाशते हैं... फर्क बस इतना कि एक धारा जनता के बीच पहचान बना रही है और दूसरी धारा पोस्टर और प्रोफाइल पिक्चर के भरोसे टिकट की तलाश में है, मगर अब पार्टी की रणनीति बदल रही है।



**जनता के फीडबैक से मिलेगा 2027 का टिकट**

पिछले दो चुनावों के अनुभवों ने अखिलेश यादव को सिखाया दिया है कि 'सेल्फी रणनीति' हमेशा सीटों में तब्दील नहीं होती। बूथ मैनेजमेंट की जगह अगर 'फोटो मैनेजमेंट' हावी हो जाए तो नतीजे अक्सर 'फ्रेम' में अच्छे दिखते हैं...जमीन पर नहीं...और यही वजह है कि इस बार अखिलेश यादव अपनी पार्टी के भीतर नई कसौटी गढ़ रहे हैं काम का रिपोर्ट कार्ड बनाम कैमरे का पोर्टफोलियो। सूत्रों की मानें तो टिकट दावेदारी की दौड़ में अब वही आगे रहेंगे... जिनके जूतों की धूल असली होगी, न कि केवल दफ्तर की कारपेट-फ्रेंडली जिनके सोशल मीडिया पोस्ट से ज्यादा, इलाके की सड़कें और समस्याएँ बोलेंगी... यानी जो नेता जनता की आवाज बनते हैं, वही पार्टी की पसंद बनेंगे... ये बदलाव संगठनात्मक अनुशासन और जमीनी सक्रियता को केंद्र में रखने की कवायद के तौर पर देखा जा रहा है... सपा के गलियारों में भी अब चर्चा हो रही है कि... अब कैमरे से पहले कैडर की नजर पास करनी होगी... पार्टी कार्यकर्ताओं का एक वर्ग इसे 'बेहतर सुधार' मान रहा है। उनका तर्क है कि जब मेहनती कार्यकर्ताओं को तरजीह मिलेगी... तो कैडर का मनोबल भी बढ़ेगा और चुनावी मशीनरी में नई ऊर्जा आएगी। हालांकि, राजनीति में हर बदलाव के साथ थोड़ी बेचैनी भी आती है। जिनकी दिनचर्या में दफ्तर-सेल्फी और मीटिंग-मोमेंट्स का ग्राफ ऊंचा था। वे अब 'फील्ड विजिट' के कैलेंडर अपडेट करते दिख सकते हैं। और जो पहले से जनता के बीच सक्रिय थे, उनके चेहरे पर संतोष की मुस्कान हो सकती है... ऐसे में अब देखना दिलचस्प होगा कि ये 'नई हवा' वोटों की दिशा में कितनी तेजी से बहती है।

## राहुल पर एफआईआर की मांग मामले की टली सुनवाई

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर एफआईआर की मांग मामले की सुनवाई टल गई है। 19 फरवरी को इसकी सुनवाई लखनऊ हाईकोर्ट में होनी थी। समय की कमी के चलते यह नहीं हो पाई। अगली तारीख 23 फरवरी तय की गई है। लखनऊ कोर्ट के 28 जनवरी 2026 के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती के बाद यह सुनवाई होनी थी। लखनऊ के एमपी-एमएलए कोर्ट ने 28 जनवरी 2026 को राहुल गांधी के खिलाफ ब्रिटिश नागरिकता से जुड़े आरोपों के आधार पर एफआईआर दर्ज करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी थी। इसी आदेश को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। याचिकाकर्ता एस. विग्नेश शिशिर की ओर से दायर आवेदन भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 528 के तहत दाखिल किया गया है। इसमें लखनऊ के एमपी-एमएलए कोर्ट के आदेश को निरस्त करते हुए संबंधित प्रकरण में मुकदमा दर्ज करने का निर्देश देने की मांग की गई है। मामले की सुनवाई एकल पीठ के रूप में न्यायमूर्ति राजीव सिंह द्वारा की जाएगी। अदालत में यह भी तर्क रखा जाएगा कि मामले में संज्ञेय अपराध बनता है और पुलिस को विधिक कार्रवाई के निर्देश दिए जाएं। याचिका में राहुल गांधी के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धाराएं 318, 335, 340, 236, 237, 61, 148, 147, 152, 238, 336(3) और 351 के तहत एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है। आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम, 1923 की धारा 3, 5 एवं 6, पासपोर्ट अधिनियम, 1967 की धारा 12 व 13 तथा विदेशी अधिनियम, 1946 की धारा 14(बी) और 14(सी) के तहत भी कार्रवाई की अपील की गई है। याचिकाकर्ता ने रायबरेली जिले के कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश देने की मांग की है।

# स्काउट गाइड के सम्मान समारोह में डॉ. जितेन्द्र कुमार हुए सम्मानित

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

डॉ0 भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय लखनऊ के प्रांगण में जुबली डायमंड स्काउट की जो राष्ट्रीय रैली संपन्न हुई थी। उसमें लगे हुए सभी लोगों का सम्मान समारोह का आयोजन हुआ तथा उत्कृष्ट कार्य में सहयोग देने वाले सभी लोगों को प्रादेशिक स्काउट अध्यक्ष डॉ0 महेंद्र कुमार सिंह एवं मुख्य आयुक्त स्काउट प्रभात कुमार सिंह के द्वारा सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय स्तर का प्रमाण पत्र एलटी डॉ0 जितेंद्र कुमार यादव प्रवक्ता बख्शी तालाब इंटर कॉलेज लखनऊ को प्रमाण पत्र के द्वारा सम्मानित किया गया।

अन्य लोगों को भी प्रमाण पत्र के द्वारा सम्मानित किया गया तथा सभी को स्काउट भावना के प्रति प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त अदनान के द्वारा सभी प्रमाण पत्र धारकों को प्रतिज्ञा दिलाई गई।



कार्यक्रम में सम्मानित होते डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव

नौशाद अली ने संचालन किया और कहा कि आप समाज सेवा के लिए तत्पर रहेंगे एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपने अपने दायित्व को समाज के प्रति योगदान देने में सहयोग करें। स्काउट अध्यक्ष डॉ0 महेंद्र कुमार सिंह ने युवाओं को प्रेरित किया कि सभी लोग अपने अदम्य साहस के द्वारा समाज के प्रति जागरुक रहेंगे। जिस प्रकार से यह डायमंड जुबली पूरे देश में एक चर्चा की विषय रही कि यहां पर 35000 स्काउट चाहने वाले एक स्टेडियम में बैठकर इसके प्रति अपने भावना को जगाया यह एक बड़ी उपलब्धि है।

उत्तर प्रदेश के तीन जनपद में एडवेंचर का कायक्रम कराया जाएगा जो कि किसी भी प्रदेश में सर्वाधिक है।

उत्तर प्रदेश का प्रशिक्षण केंद्र शीतला खेत उत्तराखंड में स्थित है, यहां पर एडवेंचर का प्रशिक्षण होता है। दूसरा प्रशिक्षण केंद्र प्रयागराज प्रादेशिक प्रशिक्षण संस्थान पर निर्मित हो रहा है एवं तीसरा एडवेंचर प्रशिक्षण का कार्यक्रम श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में निकट भविष्य में संचालित होगा। मुख्य आयुक्त ने सभी को धन्यवाद दिया।

**दावा** | **भूमि अधिग्रहण को लेकर तैयारी पूरी**

# जापान सिटी व सिंगापुर सिटी के लिए 500-500 एकड़ भूमि प्रस्तावित

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



- सेक्टर-5ए में जापानी सिटी, सेक्टर-7 में सिंगापुर सिटी का प्रस्ताव
- दोनों सेक्टर मल्टीपर्पज औद्योगिक क्षेत्र के रूप में होंगे विकसित

यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण यीडा ने जापान सिटी और सिंगापुर सिटी के विकास को लेकर औपचारिक प्रस्ताव शासन को भेज दिया है। 18 फरवरी को जारी पत्र में प्राधिकरण ने अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन को अवगत कराया है कि प्राधिकरण क्षेत्र में इन दोनों प्रस्तावित सिटीज के लिए भूमि चिन्हित कर ली गई है।

प्राधिकरण के सीईओ आरके सिंह ने बताया कि इन दोनों सिटी को लेकर भूमि अधिग्रहण से संबंधित योजना तैयार कर ली गई है। मुख्यमंत्री योगी आधिकारिक प्रस्तावित जापान और सिंगापुर यात्रा के संदर्भ में प्राधिकरण क्षेत्र के अंतर्गत जापान सिटी और सिंगापुर सिटी हेतु क्षेत्र चिन्हित कर सूचना उपलब्ध कराए जाने की अपेक्षा की गई थी। प्राधिकरण ने सेक्टर-5ए और सेक्टर-7 को इन परियोजनाओं के लिए प्रस्तावित किया है। प्राधिकरण की महायोजना अंतर्गत सेक्टर-7 और सेक्टर-5 एमल्टीपर्पज औद्योगिक क्षेत्र के रूप में नियोजित हैं। इन क्षेत्रों में औद्योगिक उपयोग न्यूनतम 70 प्रतिशत निर्धारित है। आवासीय उपयोग अधिकतम 12 प्रतिशत, वाणिज्यिक उपयोग अधिकतम 13 प्रतिशत तथा संस्थागत सुविधाएं न्यूनतम 5 प्रतिशत तक निर्धारित हैं। पत्र में कहा गया है कि इन सेक्टरों को एक इंटीग्रेटेड औद्योगिक सिटी के रूप में विकसित किया जा सकता है।जापानी सिटी के लिए सेक्टर-5ए ग्रेटर नोएडा में 500 एकड़ क्षेत्र प्रस्तावित है। इसी प्रकार सिंगापुर सिटी के लिए सेक्टर-7, ग्रेटर नोएडा में 500 एकड़ भूमि प्रस्तावित की गई है। दोनों ही परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण किया जाना प्रस्तावित है। इन सेक्टरों का विकास ईपीसी इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन मोड पर किए जाने का प्रस्ताव है।


## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

## होली विशेष रेलगाड़ियाँ-2026 की संख्या में वृद्धि

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए आगामी होली त्यौहार के दौरान पहले से ही घोषित अनेक होली विशेष रेलगाड़ियों के अलावा रेलवे द्वारा निम्नलिखित होली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

**04212/04211 सुल्तानपुर जं. – लोकमान्य तिलक (ट.) – सुल्तानपुर जं. आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04212 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04211 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 04:00 | सुल्तानपुर जं | 23:00 | -- |
| 12:20 | -- | लोकमान्य तिलक (ट.) | -- | 14:35 |

चलने के दिन: 04212 सुल्तानपुर जं. से (गुरुवार एवं सोमवार) को दिनांक 26.02.2026 एवं 02.03.2026 को और 04211 लोकमान्य तिलक (ट.) से (प्रत्येक शुक्रवार एवं मंगलवार) को दिनांक 27.02.2026 एवं 03.03.2026 को। स्थान: 3 टियर वाता.।
ठहराव: लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, बीना रानी कमलापति, इटारसी जं., खंडवा, भुसावल, पचोरा जेक्शन, चालीसगांव जं., नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण एवं ठाणे स्टेशन।

**04226/04225 वाराणसी जं. – लोकमान्य तिलक (ट.) – वाराणसी जं. आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04226 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04225 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 01:35 | वाराणसी जं. | 02:05 | -- |
| 06:20 | 06:30 | लखनऊ | 20:50 | 21:00 |
| 12:20 | -- | लोकमान्य तिलक (ट.) | -- | 14:35 |

चलने के दिन: 04226 वाराणसी जं. से (बुधवार एवं रविवार) को दिनांक 25.02.2026 एवं 01.03.2026 को और 04225 लोकमान्य तिलक (ट.) से (प्रत्येक गुरुवार एवं सोमवार) को दिनांक 26.02.2026 एवं 02.03.2026 को। स्थान: 3 टियर वाता.।
ठहराव: जौनपुर सिटी, सुल्तानपुर, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, बीना, रानी कमलापति, इटारसी जं., खंडवा, भुसावल, पचोरा जं., चालीसगांव जं., नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण एवं ठाणे स्टेशन।

**03435/03436 मालदा टाउन – आनन्द विहार (ट.) – मालदा टाउन आरक्षित स्पेशल रेलगाड़ी — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 03435 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 3436 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 09:30 | मालदा टाउन | 22:30 | -- |
| 13:40 | -- | आनन्द विहार (ट.) | -- | 15:35 |

चलने के दिन: 03445 मालदा टाउन से (सोमवार) को दिनांक 02.03.2026, 09.03.2026 एवं 16.03.2026 को और 03436 आनन्द विहार (ट.) से (प्रत्येक मंगलवार) को दिनांक 03.03.2026, 10.03.2026 एवं 17.03.2026 को। स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: न्यू फरक्का, बरहरवा जं., साहिबगंज जं., पीरपैंती, कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किउल जं., शेखपुरा, नवादाह, तिलैया, गया जं., अनुग्रह एन रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज, गोविन्दपुरी और टूंडला जं. स्टेशन।

**03009/03010 डानकुनि जं. – आनन्द विहार (ट.) – डानकुनि जं. आरक्षित स्पेशल रेलगाड़ी — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 03009 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 03010 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 00:20 | डानकुनि जं. | 23:30 | -- |
| 11:00 | -- | आनन्द विहार (ट.) | -- | 15:00 |

चलने के दिन: 03009 डानकुनि जं. से (शनिवार) को दिनांक 28.02.2026 एवं 07.03.2026 को और 03010 आनन्द विहार (ट.) से (प्रत्येक रविवार) को दिनांक 01.03.2026 एवं 08.03.2026 को।
स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: बर्धमान, दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, किउल जं., शेखपुरा, नवादाह, तिलैया, गया, अनुग्रह एन रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., मिर्जापुर, प्रयागराज जं., गोविंदपुरी, इटावा जं. एवं टूंडला जं. स्टेशन।

**05736/05735 कटिहार जं. – अमृतसर (ट.) – कटिहार जं. एक्सप्रेस होली स्पेशल रेलगाड़ी — 10 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 05736 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05735 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 21:00 | कटिहार जं. | 23:45 | -- |
| 09:45 | -- | अमृतसर जं. | -- | 13:25 |

चलने के दिन: 05736 कटिहार जं. से (प्रत्येक बुधवार) दिनांक 25.02.2026 से 25.03.2026 तक एवं 05735 अमृतसर जं. से (प्रत्येक शुक्रवार) दिनांक 27.02.2026 से 27.03.2026 तक।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: पूर्णिया जं., अररिया कोर्ट, फारबिसगंज, ललितग्राम, राघोपुर, सरायगढ़, निर्मली, झंझारपुर, सकरी जं., शीशो, सीतामढ़ी, रक्सौल जं., नरकटियागंज जं., कप्तानगंज जं., गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर जं., शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, लक्सर जं., रुड़की, सहारनपुर जं., अंबाला कैंट जं., राजपुरा जं., ढंडारी कलां, जलंधर सिटी और ब्यास स्टेशन।

**06597/06598 यशवंतपुर जं. – योग नगरी ऋषिकेश – यशवंतपुर जं. एक्सप्रेस स्पेशल रेलगाड़ी — 18 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 06597 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 06598 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 07:00 | यशवंतपुर जं. | 19:45 | -- |
| 10:20 | -- | योग नगरी ऋषिकेश | -- | 17:55 |

चलने के दिन: 06597 यशवंतपुर जं. से (प्रत्येक मंगलवार) दिनांक 05.03.2026 से 30.04.2026 तक एवं 06598 योग नगरी ऋषिकेश से (प्रत्येक शनिवार) दिनांक 07.03.2026 से 02.05.2026 तक।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: येलहंका जं., हिंदूपुर, धर्मावरम जं., अनंतपुर, धोने जं., कुरनूल सिटी, काचीगुडा, काजीपेट जं., बलारशाह, नागपुर जं., जुझारपुर, भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई, ग्वालियर जं., आगरा कैंट, मथुरा जं., पलवल, गाजियाबाद जं., मेरठ सिटी जं., मुजफ्फर नगर, टापरी जं., रुड़की एवं हरिद्वार स्टेशन।

**07023/07024 चर्लपल्ली – हज़रत निज़ामुद्दीन जं. – चर्लपल्ली होली स्पेशल रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन) — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 07023 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 07024 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 19:45 | यशवंतपुर जं. | 17:20 | -- |
| 05:00 | -- | हज़रत निज़ामुदीन जं. | -- | 07:15 |

चलने के दिन: 07023 चर्लपल्ली से (प्रत्येक सोमवार एवं शनिवार) दिनांक 23.02.2026, 28.02.2026 एवं 02.03.2026 को और 07024 हज़रत निज़ामुदीन जं. से (प्रत्येक बुधवार एवं सोमवार) दिनांक 25.02.2026, 02.03.2026 एवं 04.03.2026 को। स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: काजीपेट जंक्शन, रामागुंडम, मंचेरियल, बेल्लमपल्ली, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, नागपुर जंक्शन, इटारसी जंक्शन, भोपाल जंक्शन, बीना जंक्शन, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जंक्शन, ग्वालियर जंक्शन और आगरा कैंट जंक्शन स्टेशन।

**04829/04830 जोधपुर जं. – गोरखपुर जं. – जोधपुर जं. होली स्पेशल रेलगाड़ी — 08 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04829 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04830 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 16:15 | जोधपुर जं. | 03:00 | -- |
| 04:30 | 04:45 | दिल्ली जं. | 12:50 | 13:05 |
| 20:50 | -- | गोरखपुर जं. | -- | 23:25 |

चलने के दिन: 04829 जोधपुर जं. से (प्रत्येक गुरुवार) दिनांक 05.03.2026, 12.03.2026, 19.03.2026 एवं 26.03.2026 को और 04830 गोरखपुर जं. से (प्रत्येक शुक्रवार) दिनांक 06.03.2026, 13.03.2026, 20.03.2026 एवं 27.03.2026 को। स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: मेड़ता रोड जंक्शन, डेगाना जंक्शन, छोटी खाटू, डीडवाना, लाडनू, सुजानगढ़, रतनगढ़ जंक्शन, चूरू, सादुलपुर जंक्शन, लोहारू जंक्शन, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, गुड़गांव, दिल्ली कैंट, दिल्ली जंक्शन, गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जंक्शन, मनकापुर जंक्शन, बस्ती एवं खलीलाबाद स्टेशन।

**04731/04732 श्री गंगानगर जं. – समस्तीपुर जं. – श्री गंगानगर जं. होली स्पेशल रेलगाड़ी — 10 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04731 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04732 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 13:25 | श्री गंगानगर जं. | 12:20 | -- |
| 00:25 | 00:35 | दिल्ली जं. | 23:40 | 23:50 |
| 23:30 | -- | समस्तीपुर जं. | -- | 01:00 |

चलने के दिन: 04731 श्री गंगानगर जं. से (प्रत्येक रविवार) दिनांक 01.03.2026 से 29.03.2026 तक और 04732 समस्तीपुर जं. से (प्रत्येक मंगलवार) दिनांक 03.03.2026 से 31.03.2026 तक।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: सादुलशहर, हनुमानगढ़ जं., संगरिया, मंडी डबवाली, रमन, सिरसा, मंडी आदमपुर, हिसार, हांसी, रोहतक जं., दिल्ली जं., गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर जं., बुढ़वाल जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान जं., छपरा, सोनपुर जं., हाजीपुर जं. एवं मुजफ्फरपुर जं. स्टेशन।

**04729/04730 श्री गंगानगर जं. – गोरखपुर जं. – श्री गंगानगर जं. होली स्पेशल रेलगाड़ी — 10 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04729 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04730 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 13:25 | श्री गंगानगर जं. | 02:45 | -- |
| 00:25 | 00:35 | दिल्ली जं. | 12:30 | 12:40 |
| 16:30 | -- | गोरखपुर जं. | -- | 19:30 |

चलने के दिन: 04729 श्री गंगानगर जं. से (प्रत्येक गुरुवार) दिनांक 26.02.2026 से 26.03.2026 तक और 04730 गोरखपुर जं. से (प्रत्येक शुक्रवार) दिनांक 27.02.2026 से 27.03.2026 तक।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: सादुलशहर, हनुमानगढ़ जं., संगरिया, मंडी डबवाली, रमन, सिरसा, मंडी आदमपुर, हिसार, हांसी, रोहतक जं., दिल्ली जं., गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, सीतापुर जं., बुढ़वाल जं., गोंडा जं., बलरामपुर, बढ़नी एवं सिद्धार्थनगर स्टेशन।

**09609/09610 उदयपुर सिटी – योग नगरी ऋषिकेश – उदयपुर सिटी होली स्पेशल रेलगाड़ी — 10 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 09609 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09610 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 13:45 | उदयपुर सिटी | 15:30 | -- |
| 10:15 | -- | योग नगरी ऋषिकेश | -- | 17:55 |

चलने के दिन: 09609 उदयपुर सिटी से (प्रत्येक मंगलवार) दिनांक 03.03.2026 से 31.03.2026 तक और 09610 योग नगरी ऋषिकेश से (प्रत्येक बुधवार) दिनांक 04.03.2026 से 01.04.2026 तक।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: राणाप्रतापनगर, मावली जं., फतेहनगर, चित्तौड़गढ़ जं., चंदेरिया, भीलवाड़ा, मंडल, बिजयनगर, नसीराबाद, अजमेर जं., किशनगढ़, फुलेरा जं., जयपुर, गांधी नगर जयपुर, दौसा, बांदीकुई जं., राजगढ़, अलवर जं., रेवाड़ी जं., गुड़गांव, दिल्ली कैंट, दिल्ली जं., शामली, रामपुर मनिहारान, टपरी जं., रुड़की एवं हरिद्वार स्टेशन।

**03257/03258 दानापुर – आनन्द विहार टर्मिनल – दानापुर स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 03257 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 03258 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 07:30 | दानापुर | 20:45 | -- |
| 00:30 | -- | आनन्द विहार (ट.) | -- | 05:00 |

चलने के दिन: 03257 दानापुर से (रविवार) दिनांक 08.03.2026 को और 03258 आनन्द विहार (ट.) से (सोमवार) दिनांक 09.03.2026 को।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, सूबेदारगंज एवं गोविंदपुरी (कानपुर) स्टेशन।

**05559/05560 रक्सौल जं. – उधना जं. (सूरत) – रक्सौल जं. स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 05559 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 05560 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 05:30 | रक्सौल जं. | 00:15 | -- |
| 14:50 | 15:00 | लखनऊ | 14:20 | 14:30 |
| 12:35 | -- | उधना जं. (सूरत) | -- | 15:35 |

चलने के दिन: 05559 रक्सौल जं. से (शनिवार) दिनांक 07.03.2026 को और 05560 उधना जं. (सूरत) से (प्रत्येक रविवार) दिनांक 08.03.2026 को।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: सिकटा, नरकटियागंज जंक्शन, बगहा, कप्तानगंज जंक्शन, गोरखपुर, गोंडा जंक्शन, बाराबंकी जंक्शन, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ललितपुर, बीना जंक्शन, संत हिरदाराम नगर (भोपाल), सीहोर, उज्जैन जंक्शन, नगदा जंक्शन, रतलाम जंक्शन, गोधरा जंक्शन, बडोदरा जंक्शन एवं भरूच जंक्शन स्टेशन।

**03309/03310 धनबाद जं. – दिल्ली जं. – धनबाद जं. स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 08 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 03309 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 03310 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 10:10 | धनबाद जं. | 13:00 | -- |
| 09:15 | -- | दिल्ली जं. | -- | 11:45 |

चलने के दिन: 03309 धनबाद जं. से (मंगलवार एवं शनिवार) दिनांक 07.03.2026 से 10.03.2026 तक और 03310 दिल्ली जं. से (बुधवार एवं रविवार) दिनांक 08.03.2026 से 11.03.2026 तक।
स्थान: 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: गोमो जंक्शन, पारसनाथ, हजारीबाग रोड, कोडरमा, गया जंक्शन, अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑनसोन, सासाराम, भभुआ रोड, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, वाराणसी जंक्शन, प्रयागराज जंक्शन, गोविंदपुरी (कानपुर) एवं टूण्डला जंक्शन स्टेशन।

**03677/03678 धनबाद जं. – गोरखपुर जं. – धनबाद जं. स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 03677 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 03678 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 00:30 | धनबाद जं. | 13:00 | -- |
| 08:40 | 08:50 | वाराणसी जं. | 03:25 | 03:35 |
| 16:15 | -- | गोरखपुर जं. | -- | 19:50 |

चलने के दिन: 03677 धनबाद जं. एवं 03678 गोरखपुर जं. से (सोमवार) दिनांक 09.03.2026 को।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: गोमो जंक्शन, पारसनाथ, हजारीबाग रोड, कोडरमा, गया जंक्शन, अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑनसोन, सासाराम, भभुआ रोड, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, वाराणसी जंक्शन, जौनपुर जंक्शन, औड़िहार जंक्शन, मऊ जंक्शन, भटनी जंक्शन और देवरिया सदर स्टेशन।

**09451/09452 गांधीधाम जं. – भागलपुर – गांधीधाम जं. स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 08 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 09451 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09452 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 18:25 | गांधीधाम जं. | 08:00 | -- |
| 01:20 | 01:30 | लखनऊ | 23:55 | 00:05 |
| 20:15 | -- | भागलपुर | -- | 05:00 |

चलने के दिन: 09451 गांधीधाम जं. से (प्रत्येक शुक्रवार) दिनांक 06.03.2026 से 27.03.2026 तक एवं 09452 भागलपुर से (प्रत्येक सोमवार) दिनांक 09.03.2026 से 30.03.2026 तक।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: भचाऊ, सामाख्याली जंक्शन, ध्रांगध्रा, अहमदाबाद जंक्शन, नाडियाद जंक्शन, दाहोद, रतलाम जंक्शन, भवानी मंडी, कोटा जंक्शन, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, हिण्डौन सिटी, बयाना जंक्शन, भरतपुर जंक्शन, मथुरा जंक्शन, हाथरस सिटी, कासगंज, फर्रुखाबाद जंक्शन, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा जंक्शन, बस्ती, गोरखपुर, बगहा, हरिनगर, नरकटियागंज जंक्शन, बेतिया, सगौली जंक्शन, बापूधाम मोतिहारी, चकिया, मुजफ्फरपुर जंक्शन, समस्तीपुर जंक्शन, बरौनी जंक्शन, बेगू सराय, मुंगेर एवं सुल्तानगंज स्टेशन।

**09065/09066 सूरत – छपरा – सूरत स्पेशल रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 09065 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09066 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 08:30 | सूरत | 13:35 | -- |
| 06:50 | 07:00 | वाराणसी जं. | 14:50 | 15:00 |
| 14:30 | -- | छपरा | -- | 08:30 |

चलने के दिन: 09065 सूरत से (सोमवार) दिनांक 23.02.2026 को एवं 09066 छपरा से (बुधवार) दिनांक 25.02.2026 को। स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: केराकत, जौनपुर जं., वाराणसी जं., प्रयागराज छिवकी जं., जबलपुर, इटारसी जं., भुसावल जं. एवं नंदूरबार स्टेशन।

**09465/09466 अहमदाबाद जं. – दरभंगा जं. – अहमदाबाद जं. स्पेशल रेलगाड़ी — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 09465 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09466 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 20:25 | अहमदाबाद जं. | 16:24 | -- |
| 18:15 | 18:30 | लखनऊ | 18:00 | 18:15 |
| 10:30 | -- | दरभंगा जं. | -- | 03:00 |

चलने के दिन: 09465 अहमदाबाद जं. से (शुक्रवार) दिनांक 27.02.2026 को एवं 09466 दरभंगा जं. से (सोमवार) दिनांक 02.03.2026 को। स्थान: 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: छायापुरी (वडोदरा), रतलाम जं., उज्जैन जं., गुना, बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, अयोध्या कैंट, शाहगंज जं., छपरा, मुजफ्फरपुर जं. और समस्तीपुर जं. स्टेशन।

**04401/04402 दिल्ली सराय रोहिल्ला – फुलेरा जं. – दिल्ली सराय रोहिल्ला अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04401 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04402 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 19:10 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 18:05 | -- |
| 02:30 | -- | फुलेरा जं. | -- | 11:40 |

चलने के दिन: 04401 दिल्ली सराय रोहिल्ला से (शुक्रवार, शनिवार एवं रविवार) दिनांक 20.02.2026, 21.02.2026 एवं 22.02.2026 को एवं 04402 फुलेरा जं. से (शनिवार, रविवार एवं सोमवार) दिनांक 21.02.2026, 22.02.2026 एवं 23.02.2026 को।
स्थान: शयनयान एवं सामान्य।
ठहराव: दिल्ली कैंट, गुड़गांव, पटौदी रोड, रेवाड़ी जंक्शन, कुण्ड, अटली, नारनौल, डाबला, मांवडा, नीम का थाना, कांवट, श्री माधोपुर, रींगस जंक्शन और रेनवाल स्टेशन।

**04084 नई दिल्ली – खोरधा रोड जं. एकतरफा आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 01 फेरा**

| रेलगाड़ी सं. 04084 | | स्टेशन ↑ |
|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | |
| -- | 00:20 | नई दिल्ली |
| 12:30 | -- | खोरधा रोड जं. |

चलने के दिन: 04084 नई दिल्ली से (शनिवार) दिनांक 21.02.2026 को।
स्थान: प्रथम वाता., 2 टियर वाता., एवं 3 टियर वाता.,
ठहराव: गाजियाबाद, गोविंदपुरी, सूबेदारगंज, मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑनसोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया जंक्शन, पहाड़पुर, कोडरमा, हजारीबाग रोड, पारसनाथ, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जंक्शन, चंद्रपुरा, बोकारो स्टील सिटी, पुरुलिया जंक्शन, बराभूम, चाण्डिल जंक्शन, टाटानगर जंक्शन, घाटशिला, हिजली, बालेश्वर, भद्रक, जाजपुर केन्दुझर रोड, कटक एवं भुवनेश्वर स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## खबरें एक नजर में

### बाइक चोर को किया गिरफ्तार

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** दिल्ली और जनपद फर्रुखाबाद में बाइकें चोरी कर चुके युवक को रात्रि गश्त के दौरान पुलिस मुखबिर की मदद से गिरफ्तार करते हुए दो बाइकें बरामद की हैं। क्षेत्र के गाँव मुड़िया पमार से महाऊ महेश की तरफ जाने वाले संपर्क मार्ग पर गुजर रहे बाइक सवार को पुलिस टीम ने रोकने की कोशिश की। किसी तरह घेराबंदी कर पकड़े गए युवक ने अपना नाम सोवरन निवासी मुड़िया मिश्र बताया। बाइक की जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि उक्त बाइक उसने 14 फरवरी को फर्रुखाबाद के घटिया घाट से चोरी की थी। जिसे वह बेचने की फिराक में जा रहा था। बरामद बाइक क़स्बा पुवायां के मोहल्ला छावनी निवासी कमलेश गुप्ता की बतायी गयी है। इसके अलावा पुलिस पूछताछ में युवक ने बताया कि विगत वर्ष वह दिल्ली में नौकरी करने गया था जहाँ के मोहल्ला सुल्तानपुरी निवासी देवेन्द्र पासवान की बाइक मौका पाकर चुरा लाया था। युवक की निशानदेही पर पुलिस ने उपरोक्त बाइक को गन्दा नाला के निकट झाड़ियों से बरामद कर आरोपित को जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह ने बताया कि बाइक स्वामियों से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है। दोनों बाइकों के चोरी की प्राथमिकी सम्बंधित थानों में दर्ज है।

### प्रधान को पिता पुत्र ने पीटा, हालत गंभीर

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** कोरोकुइयां गाँव स्थित बैंक गली में नाला चोक होने के कारण पैदा हुई जलभराव की समस्या का पंचायत सचिव के साथ समाधान करा रहे ग्राम प्रधान को पिता पुत्र ने लाठी डण्डों से पीटकर घायल कर दिया। पिछले सप्ताह गाँव में स्थित पंजाब नेशनल बैंक की गली में बना क्षतिग्रस्त होने के कारण चोक हो गया था। जिस कारण घरों से आने वाला गन्दा पानी गली में भर रहा था। जिसको लेकर ग्रामीणों में असंतोष व्याप्त था। बृहस्पतिवार को प्रधान द्वारा मजदूरों को मौके पर भेजकर सफाई और नाला मरम्मत की शुरुआत करायी गयी थी। शाम के समय प्रधान वसीम खां पंचायत सचिव अकरम खां के साथ मौके पर हो रहे काम को देखने गए थे। इस दौरान इसी गली के निवासी पिता पुत्र मौके पर आकर प्रधान को नाकारा बताकर गाली गलौज करने लगे। प्रधान द्वारा विरोध करने पर दोनों ने लाठी डण्डे से प्रधान पर हमला शुरू कर दिया। जिससे प्रधान वसीम गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुँची पुलिस ने घायल को मेडिकल हेतु भेजा है। प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह ने बताया कि घटना की जाँच की जा रही है।

### सड़क चौड़ीकरण एवं नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण, तेजी लाने के निर्देश



**शाहजहांपुर।** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने नगर आयुक्त डा. बिपिन कुमार मिश्र के साथ लोहारो वाले चौराहे से विश्वकर्मा चौक तक चल रहे सड़क चौड़ीकरण एवं नाला निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में आवश्यकतानुसार लेबर की संख्या बढ़ाकर दिन–रात कार्य कराया जाए, जिससे कार्य शीघ्र पूर्ण हो सके और आमजन को आवागमन में होने वाली असुविधा से राहत मिल सके। डीएम ने यह भी निर्देश दिए कि मार्ग पर शेष बचे अवैध अतिक्रमण को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र हटाया जाए, ताकि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा न उत्पन्न हो। उन्होंने नाला निर्माण कार्य को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तायुक्त ढंग से कराए जाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि नाले का निर्माण कार्य एक ओर से लगभग पूर्णता की ओर है। होली पर्व के उपरांत मार्ग के दूसरी ओर नाले का निर्माण कार्य भी पूर्ण कराया जाएगा, जिसके पश्चात सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि निर्माण कार्य के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से रखी जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि आमजन का आवागमन सामान्य रूप से प्रभावित न हो।

### इच्छुक कृषक निर्धारित प्रारूप पर निर्धारित शुल्क 10 रुपये जमा करें

**शाहजहांपुर।** सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन आत्मा योजनान्तर्गत 23 दिसम्बर 2026 भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व० चौधरी सिंह की जयन्ती पर आयोजित किसान सम्मान दिवस में प्रगतिशील कृषकों का चयन चयनित फसल रबी की फसल: गेहूँ, सरसों खरीफ की फसल: धान, तिल ज्वार, बाजरा, रागी, कोदो, सावां एवं प्राकृतिक खेती फसल गेहूँ पर की क्रॉप कटिंग के आधार पर पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। डीडी कृषि ने बताया कि जनपद के सभी कृषकों को पुरस्कार के लिए चयनित फसल की क्राप कटिंग ब्लॉक स्तर पर गठित समिति की अध्यक्षता में कराकर क्राप कटिंग की रिपोर्ट के आधार पर दिया जाता है। इच्छुक कृषकों से अनुरोध है कि निर्धारित प्रारूप पर एवं निर्धारित शुल्क 10 रुपये की धनराशि के साथ अपना आवेदन पत्र सम्बन्धित ब्लॉक व राजकीय कृषि बीज भण्डार में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे आपका आवेदन पत्र पुरस्कार हेतु सम्मिलित किया जा सकें। उन्होंने बताया कि आवेदन की अंतिम तिथि 2025–26 रबी सीजन के लिए 15 मार्च 2026 व 2026 खरीफ सीजन के लिए 15 अगस्त 2026 है।

### मनचलों ने घर में घुसकर किशोरी को बुरी नियत से दबोचा

**तिलहर–शाहजहांपुर।** घर में घुसकर किशोरी को बुरी नियत से दबोचने का विरोध करने पर मनचलों द्वारा मां बेटियों की पिटाई किए जाने का आरोप लगाते हुए पीड़िता ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र की एक ग्रामीण महिला ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीती 15 फरवरी की रात करीब नौ बजे वह अपने बच्चों के साथ घर पर थी। उसकी एक बेटी बर्तन धो रही थी। आरोप है कि गांव भुड़ेली निवासी विशाल पुत्र प्रकाश व अंकित पुत्र श्यामलाल उसके घर में घुस आए। और उसकी बर्तन धो रही बेटी को बुरी नियत से दबोच लिया। आरोप है कि जब बेटी को दबोचने का विरोध किया तो मनचलों ने उसे व बेटियों की पिटाई कर दी। और जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ छेड़खानी व मारपीट का मामला दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी है।

### ई-लॉटरी के माध्यम से कृषि यंत्रीकरण चयन आज

**शाहजहांपुर।** उप कृषि निदेशक ने बताया कि कृषि यंत्रीकरण की योजना के लिए जनपद स्तरीय कार्यकारी समिति गठन किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025–26 में योजनान्तर्गत कृषि यंत्र कस्टम हायरिंग सेन्टर एवं स्माल गोदाम के अनुदान हेतु चयन किये जाने की कार्यवाही आज शुक्रवार को दोपहर 2 बजे उप कृषि निदेशक सभागार पर की जाएगी।

### अनुपयुक्त गणना प्रजाति की बुवाई न करें किसानः दमिनेश

**तिलहर–शाहजहांपुर।** बसंत कालीन गन्ना बुवाई को लेकर प्रधान प्रबंधक शैलेंद्र अस्थाना व सीसीओ दमिनेश रॉय ने चीनीमिल में आए गन्ना किसानों को गोष्ठी कर जागरूक किया। और किसानों को सरकार एवं विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। गुरुवार को मिल के प्रधान प्रबंधक शैलेंद्र अस्थाना ने बसंत कालीन गन्ना बुवाई प्रचार प्रसार अभियान के अन्तर्गत किसानों को बसंतकालीन गन्ना बुवाई हेतु गोष्ठी की। जिसमें मिट्टी, बीज शोधन, उत्पादकता व आय बढ़ाने के लिए रिंग पिट व ट्रेंच विधि के साथ सहफसली बुवाई एवं बीज बदलाव की जानकारी दी। सीसीओ दमिनेश रॉय ने कहा कि नई गन्ना प्रजातियां जैसे को.शा.1723, 16202, 0118 आदि की बुवाई करने से किसानों को लाभ मिलेगा। किसान गन्ने के साथ सह फसल करके दोहरा लाभ कमा सकते हैं। शासन द्वारा जो अनुपयुक्त गन्ना प्रजाति की किसान बुवाई न करें।

# डीएम की अध्यक्षता में किसान दिवस का कार्यक्रम आयोजित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार को डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में किया गया। किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिये प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में उपस्थित कृषकों द्वारा मांग की गयी कि किसानों को कार्बन क्रेडिट के रूप में प्राप्त होने वाले लाभ के बारे में अवगत कराया जाये। मौके पर मौजूद उप क्षेत्रीय अधिकारी, वन विभाग अजय सिंह राना द्वारा अवगत कराया गया कि जिन किसानों के खेत में यूकेलिप्टस व पॉपलर के पेड़ लगे है तथा उनका अंकित खतौनी में किया गया हो, अपना प्रार्थना-पत्र सम्बन्धित वन विभाग के कार्यालय में देकर अपना ऑनलाइन सर्वे व अपने बैंक खाते की डिटेल चढ़वा लें। ऑनलाइन प्रक्रिया होने के उपरान्त भारत सरकार द्वारा समय-समय पर कार्बन क्रेडिट की धनराशि उनके बैंक खाते में भेजी जाती रहेगी। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि वन विभाग अपने क्षेत्रीय अधिकारियो को कृषकों को कार्बन क्रेडिट हेतु किसान पंजीकरण के लक्ष्य निर्धारित कर लें, जिसका प्रत्येक माह अनुश्रवण किया जाये।




बैठक में कुल 13 शिकायतें प्राप्त हुयी, जिनमें कृषक पंकज दीक्षित द्वारा शिकायत की गयी कि उनके गांव ददिउरा पो0 कुरसण्डा, तहसील सदर में स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास लगे बिजली के खम्बे को किनारे हटाने की मांग की गयी। प्रेम शंकर वाजपेयी प्रभारी भारतीय किसान यूनियन, पुवायां द्वारा गलत बिजली के बिलों को सुधारने की मांग की गयी। ग्राम चचुआपुर के ग्रामवासियों द्वारा मांग की गयी कि उनके गांव से आने वाली मेन चकरोड, जो गंगा घाट दहेलिया तक जाती है, यह चकरोड लगभग 2.50 किमी. लम्बी है, की मरम्मत करायी जाये। वेदपाल सिंह निवासी ग्राम परसरा-परसरी, पोस्ट ढकिया तिवारी द्वारा ग्राम दौलतपुर से सिंधीपुर तक (लगभग 30 किमी.) के दोनों ओर वन विभाग के माध्यम से पेड़ लगवाये जाने की मांग की गयी। शिवम निवासी ग्राम दहेलिया विकासखण्ड मिर्जापुर द्वारा मांग की गयी कि उनकी ग्राम पंचायत में 11000 वोल्ट की लाइन, जो घरों के ऊपर से गुजर रही है, को हटाया जाये। श्रीराम निवासी ग्राम नवलपुर चिंता, विकासखण्ड बण्डा द्वारा अपने सागौन के पेड़ काटकर बेचे जाने की अनुमति की मांग की गयी। अंत में जिला कृषि अधिकारी,द्वारा उपस्थित अधिकारियों व कृषक बन्धुओं को धन्यवाद ज्ञापित किया।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह , कृषि एवं सम्बद्ध विभागों जैसे कृषि, सहकारिता, उद्यान, गन्ना, पशुपालन, मत्स्य पालन, सिंचाई, नलकूप, विद्युत, मनरेगा, खाद्य विपणन, नेडा आदि विभागों के समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ-साथ लीड बैंक मैनेजर तथा इन्श्योरेंस कम्पनी के प्रतिनिधि तथा जनपद के कृषकगण मौजूद रहे।

## जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचेः एडीएम

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा ने नगर पंचायत निगोही का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने नगर विकास विभाग द्वारा संचालित आंकाक्षी योजना एवं आदि योजनाओं के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो का निकाय क्षेत्रान्तर्गत का स्थलीय निरीक्षण किया। आकांक्षी योजना के अन्तर्गत नगर पंचायत निगोही में ओपन जिम, स्टडी सेन्टर, लाइब्रेरी तथा अन्तयेष्टि स्थल का निरीक्षण गया। इसके अतिरिक्त नगर पंचायत निगोही के कार्यालय का भी निरीक्षण किया। एडीएम प्रशासन ने कार्यालय अभिलेख, उपस्थिति पंजिका, आवास टैक्स से सम्बन्धित पंजिका आदि के रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने के लिए ईओ को निर्देशित किया। कार्यालय में कार्यरत,

> ▸ एडीएम प्रशासन ने नगर पंचायत व ब्लाक का किया निरीक्षण, निर्देश दिए

सेवानिवृत्त किसी भी कर्मचारी का सेवा सम्बन्धि प्रकरण लंबित नहीं पाया गया। एडीएम ने ईओ को निर्देशित किय कि स्वीकृत कार्यो को यथाशीघ्र पूर्ण कराकर उपयोगिता प्रमाण-पत्र भिजवाया जाए व साफ-सफाई व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। वही निगोही में ही एडीएम प्रशासन द्वारा विकास खण्ड निगोही के कार्यालय का निरीक्षण किया गया। जहां उन्होंने उपस्थित, भ्रमण पंजिका आदि पंजिकाओं को देखा। वित्तीय वर्ष 2024-25 में संचालित मुख्मंत्री आवास योजना का निरीक्षण किया गया। मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत 101 आवास का लक्ष्य विकास खण्ड निगोही को प्राप्त हुआ जिसके सापेक्ष 49 लाभार्थियों की अन्तिम किश्त भेज दी गयी। साथ ही कार्यालय में कार्यरत,सेवानिवृत्त कर्मचारियों की सेवा से सम्बन्धित पत्रावलियों,सर्विस बुक का अवलोकन किया गया। जीपीएफ पास बुक अपडेट पाई गयी। साफ-सफाई एवं पत्रावलियों का रख-रखाव संतोषजनक पाया गया। मनरेगा से सम्बन्धित कार्यो का निरीक्षण किया गया एवं ब्लॉक परिसर में संचालित एसआईआर से सम्बधी कार्यो को देखा। निरीक्षण के दौरान उपस्थित कॉमिनेटर को निर्देशित किया गया कि समय-समय पर स्थलीय भ्रमण कर साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करें एवं अधोहस्ताक्षरी का जियो-टैग फोटो उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।

## पशु आहार खिलाने से बीमार पड़ रहे जानवर

**कांट, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के बांसखेड़ा गांव निवासी दुर्गेश सिंह ने बताया कि उन्होंने अपनी भैंस को ज्ञानधारा पशु आहार खिलाया।जिससे वह बीमार पड़ गई।काफी इलाज के बाद ठीक हुई।सत्य प्रकाश दीक्षित ने कहा कि वह गांव में भैंस पालन के साथ डेयरी चलाते हैं कुछ दिनों से पशु आहार भिगोते हैं तो उसमें नीचे बहुत बारीक पत्थर बैठ जाते हैं।जो भूसा चारे के साथ पशुओं के शरीर में पहुंचकर नुकसान पहुंचा रहें हैं। इसी गांव के आजाद सिंह चौहान ने बताया कि लगभग 1 किलो पशु आहार भिगोने पर 30 से 35 ग्राम पत्थर निकल रहे हैं जिससे पशुओं की तबीयत बिगड़ रही है। उन्होंने बताया कि पहले हम कपिला पशु आहार खिला रहे थे ज्ञानधारा पशु आहार पहली बार खिलाया।

## नगर आयुक्त ने निरीक्षण कर दिए दिशा निर्देश



**शाहजहांपुर।** नगर आयुक्त डा. बिपिन कुमार मिश्र द्वारा लोहारो वाले चौराहे पर सड़क चौड़ीकरण व नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय निर्माण कार्य की स्थिति को देखा, सम्बंधित को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य को अतिशीघ्र पूर्ण कराये, जिससे महानगर वासियों को सुगम यातायात में सुविधा हो सके। साथ ही सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि होली पर्व के दृष्टिगत महानगर के मुख्य मार्गो का स्थलीय निरीक्षण कर यह सुनिश्चित कर कि कहीं मार्ग पर किसी प्रकार का कोई गड्ढा न हो और यदि कहीं हो, तो उसको तत्काल ठीक करा लिया जाए। साथ ही सफाई व्यवस्था को बेहतर रखने के भी निर्देश दिए गए।

## आशाओं का धरना समाप्त होने के बाद फाइलेरिया उन्मूलन अभियान ने पकड़ी तेजी

**जैतीपुर- शाहजहांपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर फाइलेरिया उन्मूलन अभियान ने गति पकड़ ली है। आशा कार्यकत्रियों का प्रदर्शन समाप्त होने के बाद वे अपने कार्य पर लौट आई हैं। घर घर जाकर अपने सामने दवा का सेवन करवा रही हैं। राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन (एमडीए-आईडीए) अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से, चिकित्सा प्रभारी डॉ. मोहम्मद सज़र ने जनता से सक्रिय भागीदारी की अपील की है। उन्होंने बताया कि यह अभियान हाथी पांव जैसी गंभीर बीमारी से मुक्ति दिलाने के लिए घर-घर जाकर दवा खिलाकर संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन अनिवार्य है। डॉ. सज़र ने स्पष्ट किया कि यह दवा पूरी



तरह सुरक्षित है और किसी के बहकावे में न आएं। उन्होंने यह भी बताया कि फाइलेरिया एक लाइलाज बीमारी है, इसलिए बचाव ही एकमात्र कारगर तरीका है। हालांकि, गर्भवती महिलाएं और गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति इस दवा का सेवन न करें। यह अभियान 10 फरवरी को शुरू हुआ था और 28 फरवरी तक चलेगा।

## पंडित राम प्रसाद बिस्मिल पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट में प्रीमोर्डियल-2026 खेल महोत्सव का समापन समारोह

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय सोसाइटी के अधीन पंडित राम प्रसाद बिस्मिल पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट में सहबद्ध एवं स्वास्थ्य सेवा पाठ्यक्रम, बैच 2025 के छात्रों द्वारा आयोजित खेल महोत्सव प्रीमोर्डियल-2026 का समापन समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में मेडिकल कॉलेज, शाहजहाँपुर के प्रधानाचार्य डॉ. राजेश कुमार, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. महेंद्र पाल तथा डीन डॉ. विशाल प्रकाश गिरि सहित वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. राजेश कुमार



ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में आयोजकों एवं छात्र-छात्राओं को बधाई दी तथा खेल प्रतियोगिताओं की विभिन्न श्रेणियों में विजेता छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. महेंद्र पाल ने अपने उद्गारों में छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए व्यक्तिगत अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में छात्रा सारिका शर्मा राम को देखकर श्री जनकनंदन का मधुर गायन तथा छात्र अभिनव सक्सेना द्वारा चिराग अपने लिए तो नहीं जला करते कि सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थितजनों का मनोरंजन किया। समापन पर प्रधानाचार्य डॉ. राजेश कुमार को डॉ. सुशील कुमार वर्मा एवं डॉ. अमित कुमार सक्सेना द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. महेंद्र पाल को डॉ. विशाल प्रकाश गिरि एवं डॉ. राणा प्रताप ने, जबकि स्पोर्ट्स समिति संयोजिका डॉ. पूजा त्रिपाठी पाण्डेय को डॉ. नीरा गोयल एवं डॉ. अनिल कुमार ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में डॉ. जय प्रकाश सिंह, डॉ. मनीष दिवाकर, डॉ. श्वेता जायसवाल, डॉ. किरण मलिक, डॉ. विनोद रवि, डॉ. शगुन शुक्ला, डॉ. वरुण गुप्ता आदि अधिकारियों ने भाग ग्रहण किया तथा विजेताओं को पुरस्कार वितरित कर शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम का संचालन रेजिडेंट्स डॉ. शिवानी एवं डॉ. सुशीला ने किया। लिपिक श्री अभय कश्यप, वार्ड बॉय श्री सौरभ एवं श्री अमन का आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन सूक्ष्म जलपान के पैकेट वितरित कर किया गया।

## पुलिस के नाम पर डेढ़ लाख रुपए ठगने वालों के खिलाफ दी तहरीर

> ▸ लड़की भगा ले जाने के मामले में आरोपी को बचाने का दिया ठगों ने झांसा, तहरीर उन्हें नहीं मिली है , मिलने पर की जाएगी कार्रवाईः कोतवाल

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

मुकदमे में नामजद बेटे को छुड़वाने की बाबत पीड़ित पिता से दो लोगों ने डेढ़ लाख रुपए ठग लिए जाने जबकि आरोपी बेटा भी जेल भेज दिए जाने के मामले में पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। नगर के मोहल्ला नजरपुर निवासी अली हसन ने दी तहरीर में कहा है कि उसके बेटे सलीम के खिलाफ तिलहर कोतवाली में एक मुकदमा दर्ज किया



गया है। जिसमें बेटे को पुलिस ने मंगलवार को जेल भेज दिया। अलीहसन का आरोप है कि बेटे को छुड़वाने के लिए उसी के मोहल्ले के हाशिम तथा कटरा थाना क्षेत्र के गांव खैरपुर निवासी रोमान ने उससे कहा कि वह पुलिस से सलीम को छुड़वा देंगे और उससे डेढ़ लाख रुपए ले लिए। जब उसे आभास हुआ कि उसका बेटा मुकदमे से नहीं छूट पाएगा । तो उसने उक्त दोनों से रुपए बापस मांगे । वह बेटा को छोड़ेजाने की बात पूछता तो वह आज कल पर टालते रहे । और बोले रुपए पुलिस को दे दिए है । अब वापस नहीं मिल पाएंगे । 18 फरवरी को सलीम को पुलिस ने जेल भेज दिया । तो उसने उक्त दोनों हाशिम व रोमान से फिर रुपए वापस करने को कहा तो उन्होंने ने साफ मना कर दिया कि रुपए तो अब नहीं मिलेंगे। जो करना है कर लेना। पीड़ित ने बताया कि बेटा भी जेल गया और उधार लेकर दी रकम भी वापस नहीं मिली। वह तो बर्बाद हो गया। उसने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। उसने बताया कि हाशिम की उस पर रुपए बापस न देने की रिकॉर्डिंग भी है। उधर कोतवाल ने बताया कि तहरीर अभी उन्हें नहीं मिली है। मिलने पर जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## रामकथा की अमृत वर्षा में भक्तों ने किया कथा का रसपान

> ▸ अंग वस्त्र भेंट कर किया प्रबंधक भूपेन्द्र सिंह ने सम्मानित, दुस्सासन ने भरी सभा में द्रोपदी का खींचा चीर श्रीकृष्ण ने बचाई लाज



**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** सरस्वती ज्ञान मंदिर प्रताप नगर परशुरामपुरी जलालाबाद में ध्रुव चंद्र गुप्ता मास्टर के निवास पर शोभित गुप्ता विशाल गुप्ता के द्वारा सात दिवसीय चल रही श्री राम कथा की अमृत वर्षा का समापन के दौरान पंडित विजय दीक्षित द्वारा द्रोपदी चीर हरण प्रसंग सुनाते ही आंसू नही रोक पाए भक्त आज हवन पूजन के साथ हुआ समापन के बाद भण्डारे का आयोजन इस दौरान संस्कृतसरस्वती ज्ञान मंदिर जूनियर हाई स्कूल के प्रबंधक आचार्य भूपेंद्र सिंह ने व्यास पंडित विजय दीक्षित को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित करते हुए कहा कि आपके मुखारविंद से श्रीराम कथा की अमृत वर्षा का रसपान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ गौरी शंकर त्रिवेदी शोभित गुप्ता विशाल गुप्ता कौशल गुप्ता पप्पू यादव गुड्डू गुप्ता आनन्द गुप्ता राजन व विद्यालय क सम्पूर्ण स्टाप मौजूद रहा।

## छह दिन से चौकी में नजरबंद कर पिता पुत्र को प्रताड़ित करने का आरोप

**तिलहर – शाहजहांपुर।** आजीवन सजायाफ्ता सोनपाल कठेरिया मौत मामले में एक महिला ने दामाद व उसके पिता को कई दिनों से चौकी में नजरबंद रखने का आरोप लगाते हुए एसपी सहित उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। तियुलक फार्म की गंगा देवी ने बताया कि दियूरिया झाला निवासी उनके दामाद मनोज एवं उसके पिता दामोदर को पुलिस 6 दिन पहले पकड़कर ले गई थी ।आरोप है कि एक पुलिस चौकी पर मनोज एवं दामोदर को पुलिस नजरबंद करके रखे है। जब वह लोग चौकी पर गए तो उन्हें उन दोनों से मिलने भी नहीं दिया गया । और पुलिस आज–कल छोड़ देने

> ▸ महिला ने उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर की शिकायत
> ▸ बवाल की आशंका के चलते देर शाम छोड़े जाने की चर्चा

का बहाना बना रही है। महिला ने छोड़ने की बाबत एक दरोगा पर 40 हजार रुपए लेने का भी आरोप लगाया। गंगा देवी ने बताया कि मनोज एवं दामोदर पर कोई मुकदमा दर्ज नहीं है । तथा राजनीतिक विरोध के चलते पुलिस किसी झूठे मुकदमे में उन्हें फंसाना चाहती है। उन्होंने कहा कि चौकी पुलिस उन लोगों को प्रताड़ित कर रही है । यदि उन्हें जल्द नहीं छोड़ा गया तो वह लोग ग्रामीणों के साथ प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। उधर चर्चा है कि बबाल की आशंका के चलते गुरुवार देर शाम उक्त दोनों को चौकी से हिरासत मुक्त कर दिया गया।

# खेल जीवन में एक नई उमंग लेकर आताः जिला क्रीड़ा अधिकारी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जीएफ़ कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों का सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिन डा. रज़ा रसूल के नेतृत्व में मऊ खालसा गांव के प्राइमरी स्कूल में आयोजित शिविर के प्रथम सत्र में जिला क्रीड़ा अधिकारी एसपी बमनिया ने स्वयंसेवियों को खेलकूद प्रतियोगिताओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खेल न केवल जीवन में एक नई उमंग लेकर आता है बल्कि शारीरिक व्यायाम का एक बेहतरीन माध्यम भी है। द्वितीय सत्र में नशा मुक्ति जागरूकता रेली के लिए स्वयंसेवियों ने मऊ खालसा गांव के लोगो को ÷जन-जन का एक ही नारा नशा मुक्त हो देश हमारा÷ जैसे स्लोगन तथा पोस्टर के माध्यम से जागरूक किया और घर-घर जाकर लोगों को नशा मुक्त जीवन बिताने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही लोगों के बीच नशा मुक्ति मानस टोल फ्री नंबर 14416 का प्रचार-प्रसार भी किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ समन ज़ेहरा ज़ैदी के नेतृत्व में प्राथमिक विद्यालय दिलाज़ाक में चल रहे द्वितीय छात्रा इकाई के शिविर का प्रारंभ स्वच्छता और लक्ष्य गीत के साथ हुआ। प्रथम शत्र में डॉ नंदिनी सक्सेना ने स्वयंसेवियों को मानसिक स्वास्थ्य, स्ट्रेस मैनेजमेंट, ओसीडी के विषय में विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने स्वयंसेवियों को परीक्षा के दौरान तनावमुक्त रहने की टिप्स दी और टेली मानस हेल्पलाइन नंबर के विषय मे भी




अवगत कराया।शिविर के दूसरे शत्र मे भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय ÷भारत की विरासत और उसका संरक्षण÷ रहा। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नूरशीरी, द्वितीय स्थान नव्या राठौर और तृतीय स्थान आलिया ने प्राप्त किया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ तनवीर हुसैन और डा. मंसूर अहमद सिद्दीकी ने निभाई। शिविर में मेंहदी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डा. निज़ामुद्दीन खान की देख- रेख में कम्पोज़िट विद्यालय दिलाज़ाक में चल रहे छात्र-छात्रा की मिश्रित इकाई के प्रथम सत्र में जागरूकता अभियान के अन्तर्गत ÷नशा मुक्ति अभियान÷ चलाया गया जिसके अंतर्गत एक रैली का आयोजन किया गया,यह रैली दिलाज़ाक मुहल्ले में निकाली गई।रैली में स्वयंसेवियों ने जन सामान्य से बातचीत की और उनको नशे के दुष्प्रभाव से अवगत कराया,साथ ही ÷घर घर बात पहुंचाना है भारत को नशामुक्त बनाना है जैसे नारों के माध्यम से जागरूकता फैलाई। द्वितीय सत्र स्वयंसेवियों ने सड़क सुरक्षा अभियान के अन्तर्गत रैली का आयोजन किया जो कि पुलिस लाइन से होते हुए महिला थाना तक पहुंची।महिला थाना में सब-इंस्पेक्टर ओमपाल सिंह ने स्वयंसेवियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए राष्ट्र निर्माण में स्वयंसेवियों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।इस रैली का हिस्सा सड़क सुरक्षा से जुड़े सब इंस्पेक्टर श्री विनय कुमार जी भी रहे। शिविर के द्वितीय सत्र में ही ड्राइंग पेंटिंग तथा स्लोगन लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया,जिनका विषय था प्रकृति मनुष्य के लिए सब कुछ है तथा वन ही जीवन है। स्लोगन प्रतियोगिता में अतुल ने प्रथम, आरिश ने द्वितीय तथा तृतीय स्थान संयुक्त रूप से उरूज़ फ़ातिमा एवं प्रियंका ने प्राप्त किया।पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में आलिया ने प्रथम, शोएब ने द्वितीय तथा इकरा एवं दानिया ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। शिविर को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में अनूप, अयान, अभिनव, अवनीश, प्रियंका, शिवांगी, इशिता, कामिनी अमृत, अब्दुल रहमान, ताबिंदा, उरुज आदि स्वयंसेवियों का विशेष योगदान रहा।

# सीओ व कोतवाल ने आयोजकों संग किया रंग चौपई रूट का निरीक्षण

**एक पोटरगंज से , दूसरी हिन्दूपट्टी से निकलती है रंग चौपई**

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

होली पर्व पर नगर में रंग चौपई निकाले जाने वाले रूट का सीओ ज्योति यादव व कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने चौपई आयोजकों के साथ रूट का पैदल भ्रमण कर निरीक्षण किया। गुरुवार शाम व्यापार मंडल अध्यक्ष व रंग चौपई के आयोजक सौरभ गुप्ता व पूर्व ब्लॉक प्रमुख अभिनव शर्मा वीरू के सानिध्य में सीओ व कोतवाल ने पुलिस बल के साथ चौपई के रूट का जायजा लिया। रंग चौपई रूट में पोटर मगंज मंडी से नई बस्ती , पुरानी स्टेट बैंक, बहादुरगंज चौराहे से पुराने टेलीफोन एक्सचेंज से सौरभ गुप्ता रवि की गली से होकर कुंवरगंज, सराफा बाजार, मुख्य चौराहा से नगर पालिका से डाकघर गली से मोहल्ला दातागंज से निजाम गंज से बिरियागंज चौराहा होकर बहादुरगंज मंदिर तक रूट का जायजा लिया। तदोपरांत हिंदू पट्टी में स्व अशोक खन्ना के आवास से परंपरागत रंग चौपई के रूट का आयोजक सोनू खन्ना के सानिध्य में पैदल भ्रमण कर जायजा लिया। इस दौरान चौपई आयोजकों ने खुदी पड़ी सड़कों तथा नीचे लटके बिजली तारों को दुरुस्त कराए जाने की मांग की।



## 9वें दिन समाप्त हुआ आशा कार्यकर्त्रियों का धरना

**सिधौली, शाहजहांपुर।** विभिन्न मांगों को लेकर समुदाय स्वास्थ्य केंद्र सिधौली में चल रहा आशा कार्यकर्ताओं का धरना नौवें दिन समाप्त हो गया। आशा कार्यकर्ताओं ने बताया कि उनके खातों में कई मदों का भुगतान लंबे समय से बकाया था, जिसमें से कुछ धनराशि प्राप्त हो गई है, जबकि कुछ अभी भी शेष है। जिला अधिकारी के आश्वासन के बाद सभी ने धरना समाप्त करने का निर्णय लिया। विमला देवी ने बताया कि प्रिया मिश्रा द्वारा जानकारी दी गई कि जिलाधिकारी से वार्ता हो चुकी है। उनके आश्वासन पर सभी आशा कार्यकर्ताएं पुनः कार्य पर लौटेंगी। प्रिया मिश्रा का एक ऑडियो भी वायरल हुआ है, जिसमें उन्होंने कहा है कि सभी कार्यकर्ताएं फाइलेरिया अभियान की दवाई उठाकर कार्य शुरू करें। साथ ही चेतावनी दी गई कि समस्याओं का समाधान न होने पर पुनः धरना शुरू किया जाएगा।

# एडीएम प्रशासन ने नगर पंचायत व ब्लाक का किया निरीक्षण, निर्देश दिए

**शाहजहांपुर।** एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा ने नगर पंचायत निगोही का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने नगर विकास विभाग द्वारा संचालित आंकाक्षी योजना एवं आदि योजनाओं के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों का निकाय क्षेत्रान्तर्गत का स्थलीय निरीक्षण किया। आकांक्षी योजना के अन्तर्गत नगर पंचायत निगोही के ओपन जिम, स्टडी सेन्टर, लाइब्रेरी तथा अन्त्येष्टि स्थल का निरीक्षण गया। इसके अतिरिक्त नगर पंचायत निगोही के कार्यालय का भी निरीक्षण किया। एडीएम प्रशासन ने कार्यालय अभिलेख, उपस्थिति पंजिका, आवास टैक्स से सम्बन्धित पंजिका आदि के रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने के लिए ईओ को निर्देशित किया। कार्यालय में कार्यरत, सेवानिवृत्त किसी भी कर्मचारी का सेवा सम्बन्धि प्रकरण लंबित नहीं पाया गया। एडीएम ने ईओ को निर्देशित किय कि स्वीकृत कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण कराकर उपयोगिता प्रमाण-पत्र भिजवाया जाए व साफ-सफाई व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। वही निगोही में ही एडीएम प्रशासन द्वारा विकास खण्ड निगोही के कार्यालय का निरीक्षण किया गया। जहां उन्होंने उपस्थित, भ्रमण पंजिका आदि पंजिकाओं को देखा। वित्तीय वर्ष 2024-25 में संचालित मुख्यमंत्री आवास योजना का निरीक्षण किया गया। मुख्यमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत 101 आवास का लक्ष्य विकास खण्ड निगोही को प्राप्त हुआ जिसके सापेक्ष 49 लाभार्थियों की अन्तिम किश्त भेज दी गयी। साथ ही कार्यालय में कार्यरत,सेवानिवृत्त कर्मचारियों की सेवा से सम्बन्धित पत्रावलियों,सर्विस बुक का अवलोकन किया गया। जीपीएफ पास बुक अपडेट पाई गयी। साफ-सफाई एवं पत्रावलियों का रख-रखाव संतोषजनक पाया गया। मनरेगा से सम्बन्धित कार्यों का निरीक्षण किया गया एवं ब्लॉक परिसर में संचालित एसआईआर से सम्बधी कार्यों को देखा। एसआईआर कार्य में लगे कर्मिको की समस्याओं को सुनकर उनको मार्गदर्शन दिया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित कॉमिनेटर को निर्देशित किया गया कि समय-समय पर स्थलीय भ्रमण कर साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करें एवं अधोहस्ताक्षरी का जियो-टैग फोटो उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे।

# प्रमुख सचिव के निर्देश पर महिला दिवस से पहले विद्यालयों में शौचालय स्वच्छता व रंगाई-पुताई सुनिश्चित करने के निर्देश

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

बेसिक शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में जनपद के समस्त परिषदीय विद्यालयों में बालिका एवं बालक शौचालयों को स्वच्छ एवं सुचारू रखने तथा आवश्यक रंगाई-पुताई तत्काल पूर्ण करने के निर्देश जारी किए गए हैं। यह कार्य विशेष रूप से आगामी 8 मार्च, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से पूर्व पूर्ण कराने पर जोर दिया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता ने समस्त प्रधानाध्यापक एवं इंचार्ज अध्यापकों को निर्देशित करते हुए बताया कि जिन विद्यालयों की रंगाई-पुताई अभी तक नहीं हुई है, उसे प्राथमिकता के आधार पर तत्काल पूरा किया जाए। साथ ही जिन विद्यालयों का अन्य विद्यालयों के साथ पेयरिंग (संयोजन) किया गया है, उनमें नियमानुसार बाल वाटिका का संचालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। यदि किसी विद्यालय में बाल वाटिका संचालित नहीं हो रही है, तो वहां पुस्तकालय का संचालन प्रारंभ किया जाना आवश्यक होगा। उन्होंने बताया कि सभी परिषदीय विद्यालयों को कंपोजिट ग्रांट प्राप्त हो चुकी है, इसलिए विद्यालयों में शौचालयों की स्वच्छता, रंगाई-पुताई एवं भवन संबंधी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण रूप से सुनिश्चित की जानी चाहिए। निरीक्षण के दौरान यदि किसी विद्यालय में शौचालय अस्वच्छ पाए गए या रंगाई-पुताई एवं अन्य आवश्यक कार्य अधूरे मिले, तो संबंधित प्रधानाध्यापक एवं जिम्मेदार कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने यह भी अवगत कराया कि प्रदेश स्तर से उच्च अधिकारियों का निरीक्षण संभावित है। ऐसे में सभी विद्यालय प्रमुख विद्यालय परिसर, शौचालयों एवं भवन की व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कर लें, जिससे छात्र-छात्राओं को स्वच्छ एवं सुरक्षित शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।



# मिर्जापुर क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं की सीएचसी जरियनपुर में ही होगी सिजेरियन डिलेवरी

- सीएचसी जरियनपुर से नहीं किया जाएगा रेफर: डॉ. आदेश रस्तोगी
- सीएचसी में ही होगी क्रिटिकल गर्भवती महिलाओं का सिजेरियन ऑपरेशन

**मिर्जापुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जरियनपुर में गर्भवती महिलाओं के क्रिटिकल सिजेरियन ऑपरेशन भी होना शुरू हो गए हैं। सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आदेश रस्तोगी के नेतृत्व में पहली गर्भवती महिला का सफल सिजेरियन ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद नवजात शिशु और प्रसूता दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं।



नागरिकों द्वारा इस पिछड़े क्षेत्र में इस तरह की गर्भवती महिलाओं के लिए सुविधाएं उपलब्ध करवाए जाने के लिए सीएमओ को धन्यबाद दिया जा रहा हैं। सीएचसी जरियनपुर के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आदेश रस्तोगी ने बताया कि बुधवार को क्षेत्र के ग्राम शेरपुर कुरीया निवासी विवेक कुमार की गर्भवती पत्नी दीप्ती डिलीवरी करवाने के लिए सीएचसी में लाई गई थीं। सीएचसी के लेवर रूम में तैनात स्वास्थ्यकर्मियों ने गर्भवती महिला दीप्ति का परीक्षण करके बताया गया कि प्रसूता के शरीर में खून बहुत कम है। प्रसूता को तत्काल सिजेरियन ऑपरेशन की आवश्यकता है। जिसके बाद महिला को एक बोतल खून चढ़ाया गया और फिर बृहस्पतिवार को आपरेशन किया गया। डॉ. रामकुमार सर्जन, डॉ. आलोक जयसवाल(emoc), डॉ. उमेंद्र राठौर(LSAS) ने सीएचसी की टीम के साथ गर्भवती महिला का सफल ऑपरेशन करके नवजात शिशु (लड़के) का जन्म करवाया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन के बाद प्रसूता और उसका नवजात शिशु पूरी तरह स्वस्थ हैं। जिले में सबसे पिछड़े क्षेत्र की सीएचसी जरियनपुर में गर्भवती महिलाओं का सिजेरियन ऑपरेशन किए जाने की सुविधाएं और डाक्टर उपलब्ध करवाए जाने में जिले के सीएमओ डॉ. विवेक मिश्रा की विशेष भूमिका रही। अब गर्भवती महिलाओं को सिजेरियन ऑपरेशन के लिए रेफर नहीं किया जाएगा। मिर्जापुर ब्लॉक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी, प्रधान कौशलेंद्र सिंह रघुवंशी, उद्योगपति दिलीप गुप्ता, समाजसेवी डॉ. विनय शर्मा, एडवोकेट रिजवान अहमद, प्रधान फारूक अली आदि ने गंगा एवं रामगंगा के दोआब में इस तरह की सुविधा मिलना सर का एवं स्वास्थ्य विभाग की बहुत बड़ी उपलब्धि है।

# श्रीराम चंद्र मिशन आश्रम में बसंत उत्सव के दूसरे चरण का समापन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

- पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद सहित देश-विदेश के हजारों अभ्यासियों ने की ध्यान साधना

श्री रामचंद्र मिशन आश्रम में आयोजित बसंत उत्सव 2026 के दूसरे चरण का बुधवार को भव्य समापन हुआ। श्री रामचंद्र मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडिटेशन के वैश्विक मार्गदर्शक कमलेश डी. पटेल 'दाजी' के सान्निध्य में सुबह सामूहिक ध्यान साधना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। देश-विदेश से आए हजारों अभ्यासियों ने एकात्म भाव से ध्यान कर मानव कल्याण और विश्व शांति की कामना की। समापन अवसर पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने उत्सव से विदा लेते हुए कहा कि भारत की समृद्ध आध्यात्मिक विरासत को आगे बढ़ाने में रामचंद्र मिशन और उसके साधकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। आश्रम की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने और मिशन के आदि गुरु लालाजी महाराज की 153वीं जयंती पर आयोजित इस उत्सव को ऐतिहासिक बताते हुए उन्होंने कहा कि दाजी द्वारा मानवता के लिए किया गया कार्य अद्भुत और प्रेरणादायी है। हर घर ध्यान, हर दिल ध्यान का संकल्प भारत ही नहीं, पूरी मानव जाति की सेवा कर रहा है। दाजी ने अपने संदेश में कहा कि हार्टफुलनेस का प्रातःकालीन ध्यान उद्देश्य के साथ दैनिक आत्मिक मुलाकात है। प्राणाहुति (योगिक ट्रांसमिशन) जब हृदय में प्रवेश करती है, तो केवल मन को शांति ही नहीं देती, बल्कि आंतरिक दिशा भी बदल देती है। यह हमें विचारों से कहीं गहरे अस्तित्व की यात्रा की याद दिलाती है कि हम कहां जा रहे हैं और यह यात्रा क्यों महत्वपूर्ण है। नियमित अभ्यास से ध्यान और उसके बाद आने वाला पूरा दिन बेहतर हो जाता है। उन्होंने कहा कि खुले दिल वाले व्यक्ति को प्रेरित होने के लिए कारण गढ़ने की आवश्यकता नहीं होती; अस्तित्व के तर्क से हुई संक्षिप्त मुलाकात ही प्रेरणा जगा देती है। आयोजन को सफल बनाने में मिशन के सचिव उमाशंकर बाजपेई, संयुक्त सचिव अर्जुन अग्रवाल, कान्हा आश्रम प्रबंधक विनीत राणावत, माधो गोपाल अग्रवाल, ए.के. गर्ग, राज गोपाल अग्रवाल, श्री गोपाल अग्रवाल, सुयश सिन्हा, जोन प्रभारी सौमेंद्र त्यागी, कृष्णा भारद्वाज, ममता सिंह, उमेश श्रीवास्तव, संजय मिश्रा, माया सिंह, डॉ. प्रसन्न कुमार, डॉ. एच.के. सिंह सहित अनेक अभ्यासियों का सराहनीय योगदान रहा। ध्यान सत्र का समापन राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' से हुआ।

### तीन दिवसीय प्रवास के बाद लौटे पूर्व राष्ट्रपति

**शाहजहांपुर।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद गत मंगलवार को बसंत उत्सव में भाग लेने श्री रामचंद्र मिशन आश्रम पहुंचे थे। तीन दिनों तक ध्यान साधना में लीन रहने के बाद वह बुधवार अपराह्न वापस रवाना हो गए। दाजी ने उन्हें पूरी आत्मिकता के साथ विदा किया।

### दूसरे चरण का समापन, शुक्रवार से तीसरा चरण

**शाहजहांपुर।** बसंत उत्सव के दूसरे चरण का बुधवार को समापन हो गया। सुबह का ध्यान दाजी ने कराया। उन्होंने अभ्यासियों से आह्वान किया कि वे यहां से यह संकल्प लेकर जाएं कि उनका हृदय दिव्य प्रेम से पूर्ण रूप से सराबोर हो। ध्यान के बाद वातावरण आध्यात्मिक भावनाओं से भर उठा। जब देश-विदेश से आए अभ्यासी अपने घरों की ओर प्रस्थान करने लगे, तो आश्रम परिसर में विरह का भाव दिखाई दिया। गुरु-भाइयों और बहनों से बिछुड़ने की पीड़ा के बीच, आश्रम के द्वार पर तीसरे चरण के लिए पहुंच रहे नए अभ्यासियों में उत्साह और आनंद स्पष्ट झलक रहा था। एक ओर बिछोह की वेदना, तो दूसरी ओर आध्यात्मिक उन्नति की नई आशा—आश्रम की शांत वायु में साधना की सुगंध बनी रही।

# रेहरिया गांव से निकली भगवान भोलेनाथ की शोभायात्रा

**पुंवाया, शाहजहांपुर।** गुरुवार को क्षेत्र के गांव रेहरिया में कई वर्षों से जर्जर प्राचीन शिव मंदिर का जीणोद्धार होने के उपरांत सात दिवसीय हवन- पूजा यज्ञ संपन्न हुआ। गांव के भक्तों द्वारा नगर में भगवान भोलेनाथ की बारात निकाली गई। शोभा यात्रा में नगर भ्रमण के दौरान भक्तों द्वारा खूब रंगों और फूलों की होली खेली गई। यह देख पूरे नगर में भक्तिमय वातावरण हो गया शोभायात्रा के दौरान भक्तों ने भगवान श्रीराम के नारे लगाए। भजनों की रसधार में महिला और पुरुषों ने जमकर डांस किया। गुरुवार को दोपहर से ट्रैक्टर ट्राली, कार मोटरसाइकिल व पैदल यात्रा कर शाम 5:00 बजे तक नगर के लिए रवाना शिव बारात रूपी शोभायात्रा का नगर भ्रमण हुआ। पुराने पड़े ज़र्जर मंदिर का जीणोद्धार डॉ सुनील पांडे ने अपने ताऊ एवं पिताजी की याद में नवनिर्माण करबाया है। साथ ही साथ भ्रमण का शुभारंभ रेहरिया गांव के नवनिर्मित मंदिर से पूजा अर्चना करके शोभायात्रा को रवाना किया गया। सर्वप्रथम शोभायात्रा पास के ही गांव आयु के लिए टेढ़े नाथ बाबा के स्थान पर पहुंची। जहां शोभा यात्रा में भगवान भोलेनाथ माता पार्वती राधा रानी आदि देवी देवताओं की मूर्तियों के दर्शन करके श्रद्धालुओं द्वारा मत्था टेका गया शोभा यात्रा टेढ़े नाथ बाबा स्थान पर थोड़ी देर रुकी उसके बाद बढेली भीख शिव मंदिर के लिए रवाना हुई. बढ़ेंली भीख शिव मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना करने के बाद भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। उसके बाद शोभायात्रा बड़ागांव से बद्रीपुर हदीरा जाने वाले मार्ग से होकर बद्रीपुर हदीरा मंदिर पर पहुंची मंदिर पर पूजा अर्चना करने के तत्पश्चात फिर से ग्राम रेहरिया के लिए शोभायात्रा रवाना हुई जहां पहुंचकर यात्रा को संपन्न हुई. ग्राम मरेना से आए हुए पंडित शोभित, अनमोल, रविकांत आदि के द्वारा यज्ञ सम्पूर्ण हुआ. सात दिवस यज्ञ होने के उपरांत शुक्रवार को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। शोभायात्रा में गांव के समस्त नागरिक मौजूद है।



## सीडीओ ने सीसीटीवी कैमरे स्थापित कराने के दिए निर्देश



**शाहजहांपुर।** सीडीओ डा.अपराजिता सिंह द्वारा विकास खण्ड कार्यालय तिलहर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विकास खण्ड परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। परिसर में प्रेरणा कैंटीन का संचालन शीघ्र प्रारम्भ कराने, सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु सीसीटीवी कैमरे स्थापित कराने तथा साफ-सफाई की व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। कार्यालय परिसर को स्वच्छ, सुरक्षित एवं आमजन के अनुकूल बनाने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान ब्लाक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## मानस पोथी यात्रा के साथ श्रीरामकथा का शुभारंभ, कल से नौ दिवसीय आयोजन

**शाहजहांपुर।** श्रीरामकथा आयोजन क्रम में गुरुवार को भव्य मानस पोथी यात्रा का आयोजन श्री लंगोटी वाले बाबा सेवा समिति की ओर से किया गया। यह यात्रा पंचमुखी हनुमान मंदिर गर्रा से प्रारंभ होकर कथा स्थल तक निकाली गई। यात्रा में कलश लिए हुए महिलाएं, संकीर्तन करते भक्तजन और जयकारों से गूंजता मार्ग श्रद्धा का अनुपम दृश्य प्रस्तुत करता रहा। मार्गभर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर मानस पोथी यात्रा का स्वागत किया। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार 20 फरवरी से 28 फरवरी तक श्रीरामकथा का आयोजन भव्य एवं दिव्य स्वरूप में किया जाएगा। कथा के दौरान प्रतिदिन प्रवचन, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठान होंगे, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

# प्राधिकरण स्टाफ तथा रजिस्टर्ड आर्किटेक्ट एवं इंजीनियर्स को दी गई विशेष ट्रेनिंग

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण के सचिव अजय कुमार त्रिपाठी के अनुरोध पर लखनऊ आवास बन्धु की टेक्निकल टीम द्वारा शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण में प्राधिकरण स्टाफ तथा रजिस्टर्ड आर्किटेक्ट एवं इंजीनियर्स को विशेष ट्रेनिंग दी गई, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 100 वर्गमीटर और उससे कम भूखंड के क्षेत्रफल के मानचित्र स्वतः स्वीकृत करने हेतु विकसित किये गये फास्टपास पोर्टल के संचालन के संबंध में विशेष ट्रेनिंग दी गई। ट्रेनिंग में किस तरह नए पोर्टल पर मानचित्र अप्लाई करना तथा आम जनमानस की सुविधा हेतु बहुत ही कम समय में कैसे मानचित्र स्वीकृत किया जा सकता है। इस संबंध में बताया गया साथ ही प्राधिकरण स्टाफ किस तरह से आम जनमानस को सुविधाएं दे सकता है। इस संबंध में विशेष निर्देश दिए गए। ट्रेनिंग में प्राधिकरण के अवर अभियंता रमेश चंद्र वर्मा, व प्रदीप कुमार त्रिवेदी प्राधिकरण के अन्य स्टाफ के साथ उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त कई आर्किटेक्ट व इंजीनियर्स प्राधिकरण कार्यालय में प्राधिकरण स्टाफ के साथ उपस्थित रहे तथा अन्य आर्किटेक्ट व इंजीनियर्स के लिए ऑनलाईन लिंक उपलब्ध कराकर सभी को ट्रेनिंग दी गई।



# फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्र पर योजनाओं का लाभ लेने का आरोप, 16 लोगों को नोटिस

**शाहजहांपुर/जलालाबाद।** मिर्जापुर ब्लॉक की मंझारा बढ़ऊ ग्राम पंचायत में फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्र के सहारे सरकारी योजनाओं का लाभ लेने का मामला सामने आया है। आरोप है कि गांव के 16 लोगों ने दिव्यांगता के कथित फर्जी प्रमाणपत्र बनवाकर आवास एवं पेंशन जैसी योजनाओं का लाभ लिया, जबकि वे पूरी तरह स्वस्थ हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने सभी आरोपितों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। शिकायतकर्ता की ओर से गत वर्ष जून में मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसमें कहा गया था कि आरोपितों ने दिव्यांग प्रमाणपत्र के आधार पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्राप्त किया और दिव्यांग पेंशन भी ले रहे हैं। छह माह तक कोई कार्रवाई न होने पर शिकायतकर्ता ने 17 दिसंबर को जिलाधिकारी से मिलकर हस्तक्षेप की मांग की थी। मामला संज्ञान में आने के बाद जांच रिपोर्ट तलब की गई। जांच के उपरांत मुख्य विकास अधिकारी ने दो महिलाओं सहित सभी 16 आरोपितों को नोटिस जारी कर कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित समय सीमा में जवाब न देने पर एकतरफा कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का कहना है कि जांच में दोष सिद्ध होने पर संबंधितों से योजनाओं के तहत मिले लाभ की वसूली के साथ-साथ विधिक कार्रवाई भी की जाएगी। मामले के बाद क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

# चंदनगर में पांच दिनों से बाघ की चहलकदमी से ग्रामीणों में दहशत, वन विभाग पर लापरवाही का आरोप

**पूरनपुर, पीलीभीत, समृद्धि न्यूज।**

ट्रांस शारदा क्षेत्र की पंचायत रामनगर के ग्रामीणों की रात दहशत में गुजर रही है । बाघ की चहलकदमी से गांव के लोग रात में सो नहीं पा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि वनविभाग के कर्मचारियों की लापरवाही के कारण किसी भी समय कोई भी अनहोनी हो सकती है। ग्रामीणों ने लापरवाही बरतने वाले वन कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। वनविभाग के सम्पूर्णानगर क्षेत्र के गांव चंदनगर में लगभग पांच दिन पहले बाघ ने किसान व्यास के गन्ने के खेत में आवारा पशु को निवाला बना लिया।



तबसे बाघ आवारा पशु के शेष शरीर को खाने को पांच दिनों से गन्ने के खेत में ही रह रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बाघ रात में घरों तक पहुंच जाता है। बाघ कभी भी किसी को निवाला बना सकता है । जिसकी वनविभाग को भी सूचना दी जा चुकी है लेकिन फिर भी बाघ से ग्रामीणों को निजात दिलाने को वनविभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। जिससे ग्रामीणो में रोष है।



ग्रामीण रामलाल का कहना है कि वन विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही से कभी भी किसी की भी जान जा सकती है रात में बाघ घरों तक पहुंच जाता है कभी भी हादसा हो सकता है। वनविभाग की बड़ी लापरवाही है।

गया प्रसाद का कहना है की 5 दिनों से बाद आवारा पशुओं को खाने के बाद चहलमी कर रहा है जीसे अभी तक विभाग के द्वारा ना तो पकड़ा गया है और ना ही गांव से दुर भगाया गया है अगर कोई हादसा होता है तो पुरी तरह से वनविभाग की लापरवाही होगी

ग्रामीण निशान सिंह का कहना है कि वन विभाग के कर्मचारी दिन से लेकर शाम के आठ बजे तक ही बाघ की निगरानी करते हैं उसके बाद वापस चले जाते हैं रात में बाघ गांव तक पहुंच जता है । इससे दहशत रहती है। बाघ कभी भी हमला कर सकता है। खाली पिंजडा लगाकर खाना पूरी की जा रही है।बाघ को पकड़ने को लगे पिंजड़े में शिकार को कोई भी पशु तक नहीं बांधा गया है तो कैसे बाघ फसेगा।

# ब्लू बर्ड स्कूल, आनंदनगर में छात्रों का विदाई उत्सव संपन्न

**सहारनपुर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के प्रतिष्ठित विद्यालय ब्लू बर्ड स्कूल,आनंद नगर में स्कूल से पढ़ाई पूर्ण करके विदा होने वाले छात्र छात्रों को भावुक और खुशी भरे अंदाज में विदाई देने के लिए सभी सम्मानित छात्र छात्राओं और स्कूल प्रबंधक द्वारा एक शानदार यादगार विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। यह दो घंटे तक कार्यक्रम उत्साह से भरा हुआ नज़र आया। पुरानी यादों के उत्साह से भरे पलों को याद किया गया, यह अक्षण छात्र/छात्राओं के जीवन के एक महत्वपूर्ण अध्याय के इतिहास को चिह्नित करता है तथा उन्हें भविष्य की सफलता के लिए शुभकामनाएं भी देता है। जूनियर्स, शिक्षकों और स्कूल स्टाफ द्वारा सावधानी पूर्वक आयोजित किए गए इस विदाई समारोह में जीवंत नृत्य प्रस्तुति, मधुर गीत, भावपूर्ण नाटक और मजेदार खेल शामिल थे, जिन्होंने सभी को मुस्कान और हंसी प्रदान की। सीनियर्स को मिस्टर फेयरवेल और मिस फेयरवेल जैसे खिताबों से सम्मानित किया गया, साथ ही उनके योगदान, उपलब्धियों और स्कूल में बिताए यादगार सफर को मान्यता देते हुए प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल प्रिंसिपल के स्वागत भाषण से हुई, उसके बाद शिक्षकों ने प्रेरणादायक शब्द कहे, पुरानी यादें साझा कीं और जाने वाले बैच के लिए मूल्यवान सलाह दी। छात्रों ने कक्षा, वार्षिक समारोह, खेल दिवस और रोजमर्रा के स्कूल जीवन की यादों को एक सुंदर स्लाइड शो और भावुक भाषणों के माध्यम से व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में अभिभावक गण और संरक्षक गण बड़ी संख्या में उपस्थिति रहे, मेहमानों की मौजूदगी ने उत्सवी माहौल को और मधुर बना दिया तथा बच्चों के अगले चरण में प्रवेश हेतु मिश्रित भावनाओं को साझा किया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन मो.जमाल असलम अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे छात्र हमारे ब्लू बर्ड स्कूल का गौरव हैं यह विदाई समारोह एक अंत नहीं, बल्कि उनकी वृद्धि और योग्यता का उत्सव है और इन दीवारों के बाहर उड़ान भरने के लिए एक सुनहरा मार्ग है। हम बच्चों के उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभ कामनाएं देते हैं।





## क्या सुधरेंगे भारत-बंगलादेश संबंध?

भारत के सबसे अप्रत्याशित और नए दुश्मन देश बंगलादेश में नव निर्वाचित सरकार पदारूढ़ हो गई। 17 साल बाद ब्रिटेन से स्वदेश लौट कर चुनाव में बंगलादेश नैशनलिस्ट पार्टी (बी.एन.पी.) का नेतृत्व करने वाले तारिक रहमान नए प्रधानमंत्री हैं। शपथ ग्रहण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी आमंत्रित किया गया था, पर भारत का प्रतिनिधित्व किया लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने। भारत की ओर से शुभकामना पत्र देते हुए बिरला ने तारिक को यात्रा का निमंत्रण भी दिया। अगस्त, 2024 में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार में भारत–बंगलादेश संबंधों में कटुता चरम पर दिखी। बंगलादेश में हिंदू नागरिकों, उनके धर्मस्थलों एवं घरों–व्यावसायिक ठिकानों को चुन–चुन कर निशाना बनाया गया। हत्याएं और बलात्कार की घटनाएं भी हुईं। जिस भारत के सहयोग से 1971 में पाकिस्तान के शिकंजे और दमनचक्र से मुक्त हो कर बंगलादेश स्वतंत्र देश बन पाया, उसी के विरोध में यूनुस सरकार चीन और पाकिस्तान के साथ दोस्ती तक चली गई। बेशक जेन–जी के विद्रोह से अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को भारत द्वारा शरण से भी परस्पर कटुता बढ़ी, लेकिन एक दोस्त देश का दुश्मनों से हाथ मिला लेना बेहद चुनौतीपूर्ण स्थिति है, क्योंकि दोनों के बीच लंबी सीमा है। इसी कटुता के परिणामस्वरूप बंगलादेश ने पाकिस्तान के उकसावे में आ कर टी–20 वर्ल्ड कप क्रिकेट का बहिष्कार भी कर दिया। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या सत्ता परिवर्तन से भारत–बंगलादेश संबंध सुधरेंगे? बेशक तारिक रहमान ने चुनाव प्रचार के दौरान ऐसा कुछ नहीं कहा, जिससे आशंकित हुआ जाए। ज्यादातर जानकार उनके 31 सूत्रीय एजैंडा को बेहतर संबंधों की संभावना का ही संकेत मानते हैं। जमात–ए–इस्लामी पार्टी और शेख हसीना सरकार के विरुद्ध विद्रोह करने वाली जेन–जी की नैशनल सिटीजन पार्टी (एन.सी.पी.) की तरह भारत विरोधी कार्ड खेलने से तारिक ने परहेज ही किया। डिजिटल डोमेन और इन्फ्रास्ट्रक्चर पर फोकस आदि के जरिए तारिक बंगलादेश को रेनबो नेशन बनाने का सपना दिखा रहे हैं, जिसमें भारत से संबंध सुधार की संभावनाएं प्रबल हो सकती हैं। तारिक मंत्रिमंडल में एक ड्क्षहदू और एक बौद्ध को भी शामिल किया गया है, लेकिन यह भी सच है कि वह जिया उर रहमान और खालिदा जिया के राजनीतिक वारिस हैं, जो भारत विरोध की ही राजनीति करते रहे। यह तो ऐतिहासिक सच है कि बंगलादेश के जनक माने जाने वाले बंगबंधु शेख मुजीब उर रहमान और उनकी बेटी शेख हसीना भारत के सबसे विश्वसनीय दोस्त रहे, जिन्हें पहले जिया उर रहमान और फिर खालिदा जिया राजनीतिक चुनौती देती रहीं। यह भी कि जिया उर रहमान और खालिदा जिया के शासन में भारत–बंगलादेश संबंध कभी भी सहज नहीं रहे। संसद के जिन चुनावों में प्रचंड जीत के जरिए तारिक रहमान ने सत्ता हासिल की है, उनमें शेख हसीना की अवामी लीग को भाग नहीं लेने दिया गया। शेख हसीना इन चुनावों को मानने को भी तैयार नहीं हैं। जाहिर है, यूनुस सरकार द्वारा शेख हसीना के प्रत्यर्पण का आग्रह तारिक सरकार भी दोहराएगी। लगभग डेढ़ साल से भारत में रह रहीं शेख हसीना के प्रत्यर्पण का फैसला निश्चय ही भारत के लिए आसान नहीं होगा, क्योंकि उनके तख्तापलट के पीछे अन्य देशों की भूमिकाओं की चर्चा भी आम रही है। ऐसे में दोनों परिवारों की परंपरागत कटुता के अलावा वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में भी तारिक सरकार के लिए शेख हसीना के प्रत्यर्पण का मुद्दा गरमाए रखना अनुकूल साबित होगा। तारिक के पास अपने पिता जिया और मां खालिदा जैसा राजनीतिक अनुभव नहीं है, पर विदेश प्रवास के चलते देश के लिए नए सपने हो सकते हैं। उनकी अनुभवहीनता के चलते भारत विरोधी चीन और पाकिस्तान भी उन पर अपनी पकड़ मजबूत करना चाहेंगे। ऐसे में यह देखना बेहद महत्वपूर्ण होगा कि परंपरागत घरेलू राजनीति के चक्रव्यूह में फंसने की बजाय तारिक देश के बेहतर भविष्य की राह पर चलने का साहस जुटा पाते हैं या नहीं। इतिहास भी बताता है कि पाकिस्तान की तरह बंगलादेश में भी 'भारत विरोध' तमाम समस्याओं से ध्यान हटाने के लिए सरकारों का आजमाया हुआ नुस्खा रहा है।

# रोबोडॉग प्रकरण : प्रमाणन की होड़ में दम तोड़ती अकादमिक गुणवत्ता

*डॉ. प्रियंका सौरभ*




**उल्लेखनीय है कि बारहवीं तक की स्कूली शिक्षा आज भी अपेक्षाकृत अधिक संरचित और नियंत्रित है। जैसे ही छात्र उच्च शिक्षा में प्रवेश करता है, निगरानी ढीली पड़ जाती है और अपेक्षाएँ धुंधली हो जाती हैं। यदि इस प्रवृत्ति को समय रहते नहीं रोका गया, तो इसके दीर्घकालिक परिणाम गंभीर होंगे। डिग्रियों का सामाजिक और आर्थिक मूल्य घटेगा। उच्च शिक्षा पर सार्वजनिक विश्वास कमजोर होगा। योग्यता और औसतपन के बीच का अंतर और अधिक अस्पष्ट होता जाएगा। हर गली में विश्वविद्यालय जैसे वाक्य व्यंग्य नहीं बल्कि यथार्थ का वर्णन बन जाएंगे–जहाँ विश्वविद्यालय तो हर जगह होंगे, पर शिक्षा नहीं। अब सुधार का समय है और यह सुधार ईमानदार और कठोर होना चाहिए। नियामक संस्थाओं को बॉक्स–टिकिंग से आगे जाकर परिणाम आधारित, पारदर्शी और अप्रत्याशित मूल्यांकन अपनाना होगा। शिक्षण की गुणवत्ता, सीखने के परिणाम, छात्र सहभागिता और मूल्यांकन की ईमानदारी को इमारतों और विज्ञापनों से ऊपर रखना होगा। ंस्थानों की जवाबदेही तय करनी होगी। जो कॉलेज और विश्वविद्यालय लगातार अकादमिक रूप से असफल हो रहे हैं, उनके खिलाफ ठोस कार्रवाई होनी चाहिए– सीटों में कटौती, पाठ्यक्रम निलंबन या मान्यता रद्द करने तक। उच्च शिक्षा ऐसा व्यवसाय नहीं हो सकता जहाँ असफलता की कोई क़ीमत न चुकानी पड़े। छात्रों और अभिभावकों को भी अधिक सजग होना होगा। केवल मार्केटिंग, बुनियादी ढाँचे और ब्रांडिंग के आधार पर निर्णय लेना भविष्य के साथ समझौता है। शिक्षा कोई साधारण ख़रीद नहीं बल्कि बौद्धिक और व्यावसायिक विकास में निवेश है और ग़लत निर्णयों के दूरगामी परिणाम होते हैं। अंततः, उच्च शिक्षा का उद्देश्य डिग्री बाँटना नहीं बल्कि सोचने–समझने वाले, सक्षम और जिम्मेदार नागरिक तैयार करना है।**

गलगोटिया यूनिवर्सिटी में रोबोडॉग के प्रदर्शन से जुड़ा हालिया विवाद सोशल मीडिया और मुख्यधारा मीडिया में व्यापक चर्चा का विषय बना। सतह पर यह मामला उपयुक्तता, प्राथमिकताओं या कैंपस संस्कृति से जुड़ा प्रतीत होता है, लेकिन वास्तविकता में यह भारत की उच्च शिक्षा व्यवस्था में वर्षों से पनप रहे गहरे और संरचनात्मक संकट का केवल एक लक्षण है। समस्या रोबोडॉग नहीं है। समस्या यह है कि हमारे विश्वविद्यालय धीरे-धीरे क्या बनते चले गए हैं।

पिछले दो दशकों में भारत में उच्च शिक्षा का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। निजी विश्वविद्यालयों, स्ववित्तपोषित कॉलेजों और डिग्री संस्थानों की संख्या तेज़ी से बढ़ी है। इस विस्तार को अक्सर शिक्षा तक पहुँच बढ़ने और जनसांख्यिकीय लाभ के रूप में प्रस्तुत किया गया। लेकिन जब यह विस्तार समानांतर नियमन, अकादमिक कठोरता और जवाबदेही के बिना हुआ तो इसकी क़ीमत गुणवत्ता को चुकानी पड़ी। परिणाम यह हुआ कि मात्रा बढ़ी पर गुणवत्ता लगातार गिरती चली गई।

आज देश के अधिकांश-हालाँकि सभी नहीं–निजी विश्वविद्यालय और डिग्री कॉलेज शिक्षा के केंद्र कम और डिग्री वितरण केंद्र अधिक बन गए हैं। शिक्षा एक बौद्धिक प्रक्रिया नहीं बल्कि लेन-देन बनती जा रही है- पैसे के बदले डिग्री। उपस्थिति, अकादमिक भागीदारी, प्रयोगशाला कार्य और बौद्धिक अनुशासन जैसी बातें अब अनिवार्य नहीं रहीं, बल्कि समझौते के दायरे में आ गई हैं। जो कभी उच्च शिक्षा में गैर-समझौतावादी हुआ करता था, वह अब लचीला, कमजोर और विकृत हो चुका है।

यह गिरावट विशेष रूप से उन विषयों में चिंताजनक है जहाँ कठोरता अनिवार्य है। सैद्धांतिक पढ़ाई का कमजोर होना एक बात है, लेकिन विज्ञान शिक्षा का खोखला हो जाना कहीं अधिक गंभीर है। आज स्थिति यह है कि छात्र बिना नियमित कक्षाओं में गए और बिना प्रयोगशाला में व्यावहारिक प्रशिक्षण लिए विज्ञान जैसे विषयों में स्नातक और परास्नातक डिग्रियाँ प्राप्त कर रहे हैं। प्रयोगात्मक कार्य- जो कभी वैज्ञानिक प्रशिक्षण की रीढ़ हुआ करता था–अब औपचारिकता बनकर रह गया है। डिग्रियाँ तो दी जा रही हैं लेकिन दक्षता सुनिश्चित नहीं की जा रही।

इस खोखलेपन के परिणाम तब स्पष्ट होते हैं जब छात्र नौकरी के लिए सामने आते हैं। रसायन विज्ञान में परास्नातक छात्र बुनियादी वैज्ञानिक अवधारणाएँ नहीं समझ पाता। कॉमर्स स्नातक डेबिट और क्रेडिट की मूल अवधारणा स्पष्ट नहीं कर पाता। प्रबंधन की डिग्री रखने वाला छात्र समस्या-समाधान और आलोचनात्मक सोच में कमजोर दिखाई देता है। ये कोई इक्का-दुक्का उदाहरण नहीं बल्कि उद्योग जगत द्वारा बार-बार देखी जा रही सामान्य प्रवृत्तियाँ हैं।

स्वाभाविक रूप से इससे छात्रों और अभिभावकों में निराशा पैदा होती है। वर्षों की पढ़ाई और भारी आर्थिक निवेश के बावजूद जब रोजगार नहीं मिलता तो सवाल उठते हैं। माता-पिता यह पूछने में बिल्कुल सही होते हैं कि पढ़ाई के बाद भी बच्चा बेरोज़गार क्यों है। अक्सर इस असंतोष का निशाना सरकार बनती है, जिस पर रोजगार सृजन न कर पाने का आरोप लगाया जाता है। हालाँकि रोजगार सृजन एक नीतिगत चुनौती है लेकिन यह विमर्श एक असहज सच्चाई को नज़रअंदाज़ कर देता है कि बड़ी संख्या में स्नातक वास्तव में रोजगार योग्य ही नहीं हैं।

यहीं से मूल प्रश्न जन्म लेता है। यदि छात्रों में आवश्यक ज्ञान और कौशल नहीं है तो उन्हें योग्य घोषित करने वाली डिग्रियाँ उन्हें कैसे मिल गईं? ऐसी संस्थाओं को बिना अकादमिक गुणवत्ता सुनिश्चित किए प्रमाणपत्र बाँटने की अनुमति किसने दी? इसका उत्तर हमें उच्च शिक्षा के नियामक ढाँचे में मिलता है।

भारत में उच्च शिक्षा की देखरेख कई मंत्रालयों, विभागों और नियामक संस्थाओं द्वारा की जाती है, जिनका घोषित उद्देश्य मानकों की रक्षा, गुणवत्ता सुनिश्चित करना और अकादमिक ईमानदारी बनाए रखना है। मान्यता प्रणालियाँ, निरीक्षण, मूल्यांकन और अकादमिक ऑडिट इसी उद्देश्य से बनाए गए थे। लेकिन व्यवहार में ये प्रक्रियाएँ अक्सर वास्तविक मूल्यांकन की बजाय औपचारिक अनुष्ठान बनकर रह गई हैं। निरीक्षण प्रायः पूर्व निर्धारित होते हैं। दस्तावेज़ औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए सजाए जाते हैं। इमारतों और बुनियादी ढाँचे को शिक्षण गुणवत्ता पर प्राथमिकता दी जाती है। अनुपालन को सीखने के परिणामों से ऊपर रखा जाता है। छात्रों का वास्तविक अकादमिक अनुभव, शिक्षण की गुणवत्ता, परीक्षा की कठोरता और जिज्ञासा की संस्कृति- इन पर गंभीर और निरंतर निगरानी शायद ही होती है। नतीजतन, संस्थान शिक्षा सुधारने के बजाय नियामकों को ÷मैनेज÷ करना सीख लेते हैं।

इस नियामक शिथिलता ने एक दुष्चक्र को जन्म दिया है- संस्थान न्यूनतम अकादमिक जवाबदेही के साथ चलते रहते हैं, नियामक निगरानी का आभास बनाए रखते हैं और डिग्रियाँ लगातार जारी होती रहती हैं। इस व्यवस्था की क़ीमत न तो संस्थान चुकाते हैं, न ही नियामक बल्कि छात्र, नियोक्ता और समाज चुकाता है। विडंबना यह है कि एक ओर उद्योग जगत योग्य मानव संसाधन की कमी की शिकायत करता है, वहीं दूसरी ओर देश शिक्षित बेरोज़गारी के गंभीर संकट से जूझ रहा है। यह कोई विरोधाभास नहीं बल्कि उस व्यवस्था का स्वाभाविक परिणाम है जहाँ प्रमाणपत्र को क्षमता से ऊपर रखा गया है। कंपनियाँ नए कर्मचारियों को फिर से प्रशिक्षित करने पर भारी ख़र्च करने को मजबूर हैं, जबकि युवा पेशेवर आत्मविश्वास की कमी और करियर ठहराव से जूझते हैं। इस व्यवस्था का सबसे बड़ा शिकार वे ईमानदार और प्रतिभाशाली छात्र हैं, जो अक्सर विकल्पों की कमी या भ्रामक ब्रांडिंग के कारण औसत संस्थानों में दाख़िला ले लेते हैं। वे मेहनत करते हैं, सीखना चाहते हैं लेकिन अंततः उन्हें अपनी काबिलियत से ज़्यादा अपनी मार्कशीट पर दर्ज संस्थान के नाम का बोझ उठाना पड़ता है। उनकी व्यक्तिगत योग्यता संस्थागत विश्वसनीयता की कमी में दब जाती है। यह केवल अन्याय नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा की बर्बादी है। यह स्वीकार करना होगा कि भारत में आज भी कुछ उच्च-गुणवत्ता वाले संस्थान मौजूद हैं, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करते हैं। लेकिन वे अपवाद हैं, नियम नहीं। उल्लेखनीय है कि बारहवीं तक की स्कूली शिक्षा आज भी अपेक्षाकृत अधिक संरचित और नियंत्रित है। जैसे ही छात्र उच्च शिक्षा में प्रवेश करता है, निगरानी ढीली पड़ जाती है और अपेक्षाएँ धुंधली हो जाती हैं। यदि इस प्रवृत्ति को समय रहते नहीं रोका गया, तो इसके दीर्घकालिक परिणाम गंभीर होंगे। डिग्रियों का सामाजिक और आर्थिक मूल्य घटेगा। उच्च शिक्षा पर सार्वजनिक विश्वास कमजोर होगा। योग्यता और औसतपन के बीच का अंतर और अधिक अस्पष्ट होता जाएगा। हर गली में विश्वविद्यालय जैसे वाक्य व्यंग्य नहीं बल्कि यथार्थ का वर्णन बन जाएंगे–जहाँ विश्वविद्यालय तो हर जगह होंगे, पर शिक्षा नहीं।

अब सुधार का समय है और यह सुधार ईमानदार और कठोर होना चाहिए। नियामक संस्थाओं को बॉक्स-टिकिंग से आगे जाकर परिणाम आधारित, पारदर्शी और अप्रत्याशित मूल्यांकन अपनाना होगा। शिक्षण की गुणवत्ता, सीखने के परिणाम, छात्र सहभागिता और मूल्यांकन की ईमानदारी को इमारतों और विज्ञापनों से ऊपर रखना होगा।

ंस्थानों की जवाबदेही तय करनी होगी। जो कॉलेज और विश्वविद्यालय लगातार अकादमिक रूप से असफल हो रहे हैं, उनके खिलाफ ठोस कार्रवाई होनी चाहिए- सीटों में कटौती, पाठ्यक्रम निलंबन या मान्यता रद्द करने तक। उच्च शिक्षा ऐसा व्यवसाय नहीं हो सकता जहाँ असफलता की कोई क़ीमत न चुकानी पड़े। छात्रों और अभिभावकों को भी अधिक सजग होना होगा। केवल मार्केटिंग, बुनियादी ढाँचे और ब्रांडिंग के आधार पर निर्णय लेना भविष्य के साथ समझौता है। शिक्षा कोई साधारण ख़रीद नहीं बल्कि बौद्धिक और व्यावसायिक विकास में निवेश है और ग़लत निर्णयों के दूरगामी परिणाम होते हैं। अंततः, उच्च शिक्षा का उद्देश्य डिग्री बाँटना नहीं बल्कि सोचने-समझने वाले, सक्षम और ज़िम्मेदार नागरिक तैयार करना है। जब तक यह मूल उद्देश्य पुनः स्थापित नहीं होता, तब तक रोबोडॉग जैसे विवाद आते रहेंगे- कुछ समय के लिए शोर मचाएँगे और फिर शांत हो जाएँगे, जबकि असली संकट जस का तस बना रहेगा। हमें सजावटी सुधार नहीं, बल्कि प्रणालीगत आत्ममंथन चाहिए। क्योंकि शिक्षा का संकट केवल कक्षा तक सीमित नहीं रहता, वह चुपचाप राष्ट्र का भविष्य गढ़ता है।

*(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

विचार

# इमरान के लिए आगे आए सुनील, कपिल

क्रिकेट को भद्रजनों का खेल क्यों कहा जाता है, यह बात 14 पूर्व कप्तानों ने साबित कर दिखाई है। पूर्व प्रधानमंत्री और क्रिकेटर इमरान खान के स्वास्थ्य को लेकर पांच देशों के 14 पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कप्तानों ने पाकिस्तानी सरकार को पत्र लिखा है। इन पूर्व कप्तानों ने पाकिस्तान की सरकार से मांग की है कि इमरान खान के साथ अच्छा व्यवहार किया जाए और उनका बेहतर तरीके से इलाज कराया जाए।

अच्छी बात ये है कि इस पत्र के हस्ताक्षरकर्ताओं में सुनील गावस्कर और कपिल देव भी हैं, और साथ में सौरव गांगुली ने भी इमरान खान के लिए चिंता जाहिर की है। वर्ना बीते कुछ वक्त से भारत और पाकिस्तान के बीच मैच का भी ऐसा राजनीतिकरण किया गया है जिसे देखकर अफ़सोस होता है। दोनों देशों के बीच दुश्मनी का फायदा हमेशा से राजनेताओं को होता रहा है, इसलिए इसे खत्म करने की जगह बढ़ाया जाता रहा है। लेकिन यह देखकर दुख होता है कि जनता कितने जल्दी झांसे में आ जाती है। पुलवामा, पहलगाम हमले के बाद दोनों देशों के बीच जो सामान्य शिष्टाचार के तहत बात होती थी, वह भी बंद है। लेकिन भारत-पाक के मैच में सट्टेबाजी और विज्ञापनों से होने वाली कमाई को दोनों देश नहीं खोना चाहते, इसलिए जानी दुश्मनी दिखाने के बावजूद मैच खेले जा रहे हैं। उस पर तुर्रा यह कि क्रिकेट खिलाड़ी मैदान में एक-दूसरे से हाथ नहीं मिलाएंगे।

खिलाड़ी अगर ये कहें कि हम मैच फीस नहीं लेंगे, तब तो उनकी देशभक्ति समझ आए, लेकिन कमाई भी करेंगे और खेल भावना का परिचय भी नहीं देंगे, यह कैसा दोहरा चरित्र है। बहरहाल, नए दौर के खिलाड़ियों ने खेल भावना न दिखाकर जितना निराश किया है, पुराने दौर के दिग्गज खिलाड़ियों ने उससे कहीं ज्यादा उम्मीद से भर दिया है। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर और कपिल देव, ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एलन बॉर्डर, स्टीव वॉ, ईयान चौपल, किम ह्यूज और ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान बेलिंडा क्लार्क, इंग्लैंड के माइक अथर्टन, नासिर हुसैन, माइक ब्रेयरली और डेविड गॉवर, वेस्ट इंडीज के क्लाइव लॉयड और न्यूजीलैंड के जॉन राइट ने पाकिस्तान की सरकार को अपने हस्ताक्षर के साथ पत्र भेजा है, जिसमें कहा गया है कि श्हम अपने-अपने देशों की राष्ट्रीय क्रिकेट टीमों के पूर्व कप्तान हैं और इमरान खान के साथ हुए कथित व्यवहार और जेल के हालात को लेकर गहरी चिंता व्यक्त करते हैं।

इमरान खान पाकिस्तान के पूर्व कप्तान होने के साथ-साथ विश्व क्रिकेट के एक दिग्गज खिलाड़ी भी हैं। कप्तान के रूप में उन्होंने 1992 क्रिकेट वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को ऐतिहासिक जीत दिलाई। एक ऐसी जीत जो कौशल, दृढ़ता, नेतृत्व और खिलाड़ियों वाली भावना पर आधारित थी और जिसने पीढ़ियों को प्रेरित किया। हममें से कई लोगों ने उनके खिलाफखेला, उनके साथ मैदान साझा किया, या फिर उनकी ऑलराउंड क्षमता, व्यक्तित्व और प्रतिस्पर्धी जज्बे की वजह से उन्हें अपना आदर्श माना। वह आज भी दुनिया के सबसे बेहतरीन ऑलराउंडरों और कप्तानों में गिने जाते हैं, जिन्हें खिलाड़ी, प्रशंसक और प्रशासक सभी सम्मान देते हैं। क्रिकेट के अलावा इमरान खान ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में भी काम किया। राजनीतिक नजरिए से अलग उन्हें अपने देश के सबसे ऊंचे पद पर लोकतांत्रिक तरीके से चुने जाने का सम्मान मिला है। पत्र में आगे उनकी सेहत को लेकर गंभीर चिंता जताई गई है, और खासकर हिरासत में रहते हुए उनकी नजर तेजी से खराब होने की बात कही गई है। इस पत्र में लिखा है, श्क्रिकेटर होने के नाते हम निष्पक्षता, सम्मान और खेल भावना के उन मूल्यों को समझते हैं जो मैदान की सीमाओं से आगे जाते हैं। हम मानते हैं कि इमरान खान जैसी शख्सियत के साथ गरिमा और बुनियादी मानवीय संवेदनाओं के साथ व्यवहार किया जाना चाहिए। इस पत्र में शाहबाज सरकार से तीन मांगें की गई हैं। पहली मांग इमरान खान की इच्छा के मुताबिक योग्य विशेषज्ञ डॉक्टरों से उनका तुरंत और लगातार इलाज कराया जाए। दूसरी मांग, अंतरराष्ट्रीय मानकों के हिसाब से जेल के मानवीय और सम्मानजनक हालात बनाए जाएं, जिनमें परिवार के सदस्यों से नियमित मुलाकात शामिल हो। तीसरी मांग, बिना किसी देरी या बाधा के निष्पक्ष और पारदर्शी कानूनी प्रक्रिया तक उनकी पहुंच सुनिश्चित की जाए। पत्र में लिखा है कि, श्क्रिकेट हमेशा से देशों के बीच पुल का काम करता रहा है। मैदान की प्रतिद्वंद्विता स्टंप्स उखड़ने के साथ खत्म हो जाती है और सम्मान बना रहता है।

इमरान खान ने अपने पूरे कॅरियर में इसी भावना को जिया। हम अधिकारियों से आग्रह करते हैं कि वे आज भी मर्यादा और न्याय के उन्हीं सिद्धांतों को निभाएं। यह अपील बिना किसी कानूनी प्रक्रिया में हस्तक्षेप के पूरी खेलभावना और मानवता के आधार पर की जा रही है। शाहबाज सरकार को अगर अपनी वैश्विक छवि की जरा भी चिंता होगी तो वह इस पत्र में लिखी बातों का सम्मान करेगी। वर्ना अपने राजनैतिक प्रतिद्वंद्वी से कैसा अमानवीय व्यवहार किया जाता है, इसकी कई मिसालें पाकिस्तान पहले भी पेश कर चुका है। हालांकि अफसोस की बात है कि पत्र के हस्ताक्षरकर्ताओं में पाकिस्तान के एक भी पूर्व खिलाड़ी का नाम नहीं है। विदित है कि पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और देश को एकमात्र विश्वकप दिलाने वाले क्रिकेट खिलाड़ी इमरान खान पाकिस्तान की अडियाला जेल में बंद हैं। उन पर अलग-अलग मामलों में कुल 31 साल की सजा हुई है। पाकिस्तान में सेना और आईएसआई के खिलाफ जाने वाले राजनेताओं का जो बुरा हश्र होता रहा है, इमरान खान उसी की एक मिसाल हैं। खेल से हासिल अपनी लोकप्रियता को उन्होंने राजनीति के मैदान में भुनाना चाहा और इसमें उन्हें सफलता भी मिली। लेकिन खेल की तरह राजनीति की रणनीतियां नहीं होती हैं, लिहाजा इमरान खान जितनी जल्दी प्रधानमंत्री पद तक पहुंचे, उतनी ही तेजी से उनका बतौर राजनेता पतन हुआ। अब हालत ये है कि इमरान खान को एकाकी कैदी बनाकर रखा गया और काफी दिनों तक उनकी कोई खोज-खबर नहीं रही।

बीच में कई खबरें ऐसी आई जिनमें उनकी जान पर खतरा बताया गया। इस बीच पाकिस्तान में उनकी बहन अलीमा खानम ने भी इमरान समर्थकों के साथ मोर्चा खोला, तब जाकर उनकी तबियत पर खबरें बाहर आईं। पता चला कि उनकी दाईं आंख में सिर्फ 15 प्रतिशत रोशनी ही बची है। हालांकि गृह मंत्री मोहसिन नकवी दावा कर रहे हैं कि इमरान खान को बिल्कुल अच्छे से रखा जा रहा है और उनके इलाज में देरी उनकी बहन की वजह से हुई है। बहरहाल, सरकार ने फैसला लिया है कि इमरान खान को उनकी आंखों के इलाज के लिए एक स्पेशल मेडिकल इंस्टीट्यूशन में शिफ्ट किया जाएगा। इसकी एक विस्तृत रिपोर्ट भी सुप्रीम कोर्ट को सौंपी जाएगी। अब देखना होगा कि पाक सरकार इमरान खान के साथ आगे क्या सलूक करती है।

साहित्य



**आर्थिक विकास आकलन...!**

**संजय एम तराणेकर**

भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी हैं अर्थव्यवस्था,
घरेलू खपत, सुधारों व तेज आर्थिक वृद्धि अवस्था।
भविष्य में देश तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था का दर्जा,
यह मुकाम हासिल होगा इसमें नहीं कोई भी हर्ज़ा।

आर्थिक विकास के आंकड़ों से जुड़े हुए आकलन,
पैमाने में महंगाई को स्थिर करें पहलू के संकलन।
एक तरफ विकास की चमकती हुई तस्वीर हैं पेश,
दूसरी तरफ महंगाई की स्थिति बयां नया परिवेश।

इस वर्ष के शुरूआत में ही महंगाई में हुई बढ़ोतरी,
खाद्य सामग्री एवं जरूरी वस्तुओं के दाम चढ़ोतरी।
महंगाई का सबसे ज्यादा असर गरीब व मध्य वर्ग,
भोजन, ईंधन व स्वास्थ्य का सरकार समझ लें दर्द।
(संदर्भ–आर्थिक विकास के दावे तेज।)





## राशिफल

**मेषः**– आज आप सांसारिक बातें भूलकर आध्यात्मिक प्रवृत्तियों में संलग्न रहेंगे। गहरी चिंतनशक्ति आपके मानसिक भार को हल्का करेगी।

**वृषभः**– आप जीवनसाथी की निकटता का सुख प्राप्त कर सकेंगे। परिवार के साथ सामाजिक समारोह में बाहर घूमने या पर्यटन पर जाएंगे और आनंद में समय व्यतीत होगा।

**मिथुनः**– अधूरे कार्यों की पूर्णता के लिए आज का दिन शुभ है। परिवार में आनंद और उल्लास रहेगा। स्वास्थ्य बना रहेगा। कार्यों में यश और कीर्ति मिलेगी।

**कर्कः**– अच्छे मन से दिन व्यतीत करने की गणेशजी सलाह देते हैं, क्योंकि आज का दिन शारीरिक और मानसिक रूप से उद्वेगपूर्ण रहेगा। पेट दर्द परेशान करेगा। धन खर्च की संभावना है।

**सिंहः**– आज मानसिक अस्वस्थता रहेगी। परिजनों के साथ मनमुटाव की स्थिति आएगी। माताजी की तबीयत खराब हो सकती है। नकारात्मक विचारों से हताशा उत्पन्न होगी।

**कन्याः**– बिना विचारे साहस करने के प्रति गणेशजी चेतावनी देते हैं। भावनात्मक सम्बंध स्थापित होंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ मुलाकात होगी। विरोधियों का डटकर सामना करेंगे।

**तुलाः**– आज की मानसिक वृत्ति नकारात्मक रहेगी। क्रोध आवेश में वाणी पर संयम खोने से पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद होगा। अनावश्यक खर्च बढ़ेंगे।

**वृश्चिकः**– आज का दिन शुभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से प्रसन्नता रहेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ खुशी से समय बीतेगा। धन लाभ का योग है।

**धनुः**– क्रोध के कारण पारिवारिक सदस्यों के साथ सम्बंध बिगड़ेंगे। आपकी वाणी और व्यवहार झगड़े का कारण बन सकते हैं। दुर्घटना से बचें। बीमारी के पीछे धन खर्च होगा।

**मकरः**– आज का दिन हर क्षेत्र में लाभदायक है। स्नेहीजनों और मित्रों से मिलना होगा। प्रिय व्यक्तियों के साथ मुलाकात रोमांचक रहेगी। व्यापार-धंधे में आय वृद्धि होगी।

**कुंभः**– हर कार्य सरलतापूर्वक हल होंगे और उनमें सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में अनुकूल परिस्थिति बनेगी। सरकारी कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे। स्वास्थ्य बना रहेगा।

**मीनः**– आज के दिन की शुरुआत भय के साथ होगी। शरीर में सुस्ती और थकान रहेगी। कोई भी कार्य पूरा न होने पर हताशा होगी। भाग्य साथ न देता हुआ प्रतीत होगा।

# क्या राहुल गांधी 'विशेषाधिकार की भावना' से ग्रस्त हैं?

*बलबीर पुंज*

समय कई बार ऐसी चौंकाने वाली समानताएं हमारे सामने रख देता है, जो राजनीतिक–जीवन को नए तरीके से समझने का अवसर देती हैं। आज की उथल–पुथल भरी वैश्विक राजनीति में 2 ऐसे व्यक्तित्व–अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और देश के नेता प्रतिपक्ष (लोकसभा) राहुल गांधी–दुनिया के अलग–अलग हिस्सों में सक्रिय होने के बावजूद दोनों का बदलते भारत को देखने का दृष्टिकोण लगभग एक जैसा है। यह इसलिए भी ज्यादा हैरान करने वाला है, क्योंकि ट्रम्प विदेशी हैं और राहुल भारत के शीर्ष नेताओं में एक।

दोनों ही उस नए भारत से असहज हैं, जो अपनी जड़ों से जुड़कर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए बिना किसी हीनभावना के दुनिया से अपनी शर्तों पर आत्मविश्वास के साथ संवाद कर रहा है। एक ओर ट्रम्प के रूप में वह दृष्टिकोण है, जो केवल लेन–देन पर आधारित है और वैश्विक व्यवस्था में अपनी धमक बरकरार रखने के लिए प्रयासरत है, वहीं राहुल एक ऐसे राजनीतिक वंश का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसने स्वतंत्र भारत की सत्ता को अपनी विरासत मानकर पश्चिमी स्वीकृति को ही कूटनीतिक सफलता का पर्याय समझा है। लोकतंत्र में आलोचना स्वाभाविक है। लेकिन यह चिंताजनक तब हो जाता है, जब देश का कोई प्रमुख नेता बाहरी पूर्वाग्रहों को अंतिम सत्य मानकर उसे दोहराने लगता है।

राहुल द्वारा ट्रम्प के 'मृत अर्थव्यवस्था' कथन का समर्थन, मोदी सरकार की आलोचना नहीं, बल्कि औपनिवेशिक मानसिकता का उदाहरण है। पहलगाम



आतंकी हमले के बाद भारत–पाकिस्तान युद्धविराम में अमरीकी मध्यस्थता के ट्रम्प के दावे को लेकर उन्होंने प्रधानमंत्री पर 'नरेंद्र–सरेंडर' जैसी टिप्पणी कर दी, जबकि भारत किसी भी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से साफइंकार कर चुका था, जिसकी पाकिस्तान भी गवाही देता है।

निःसंदेह, सशक्त विपक्ष के बिना लोकतंत्र अधूरा है। लेकिन अपने ही देश के खिलाफबाहरी आरोपों को प्रामाणिक मानकर पेश करना खतरनाक प्रवृत्ति है। भारत इसी परतंत्र मानसिकता के कारण शताब्दियों तक विदेशी आक्रांताओं के अधीन रहा था। बात राहुल के वक्तव्यों तक भी सीमित नहीं है। वह संसद जैसी गंभीर संस्था को अपने आचरण से कई बार उपहास का विषय बना चुके हैं। हाल ही में लोकसभा में उन्हें जनरल (सेवानिवृत्त) मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित आत्मकथा से उद्धरण देने, जो न तो सार्वजनिक है और न ही रक्षा मंत्रालय द्वारा स्वीकृत, से संसदीय नियमों के तहत रोका गया। उन्होंने संसदीय परंपराओं का सम्मान करने की बजाय इसे संसदीय कार्रवाई में व्यवधान डालने का मुद्दा बना लिया।

बार–बार के स्थगन, लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव और योजनाबद्ध टकराव को लोकतांत्रिक प्रतिरोध का नाम दिया गया। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने यह भी खुलासा किया कि संसद में चर्चा के समय प्रधानमंत्री के खिलाफकोई अप्रिय हरकत करने की कोशिश की जा रही थी। राहुल की यह 'अराजक' शैली नई नहीं है। 2018 में लोकसभा में प्रधानमंत्री को जबरन गले लगाने के बाद अपने सहयोगियों को आंख मारने की घटना आज भी जेहन में ताजा है। नाटकीयता गंभीर राजनीति का पर्याय नहीं हो सकती, वह संस्थागत गरिमा को आहत करती है। संसद परिसर में केंद्रीय मंत्री का जबरन हाथ पकड़कर संयुक्त प्रैस वार्ता का प्रयास भी इसी मानसिकता का विस्तार था। जाने–अनजाने में राहुल देश–विरोधियों के हाथों में भी खेलने लगते हैं। सितम्बर 2024 की अमरीका यात्रा के दौरान उन्होंने दावा किया कि भारत में सिख समुदाय की पहचान खतरे में है। इस बयान को खालिस्तानी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने अपने एजेंडे के समर्थन में तुरंत लपक लिया। इससे पहले वर्ष 2023 में राहुल द्वारा ब्रिटेन यात्रा के दौरान दिए गए वक्तव्यों का आशय था कि 'भारत में लोकतंत्र समाप्त हो चुका है' और उसे बचाने के लिए 'पश्चिमी हस्तक्षेप' अपेक्षित है। अक्सर, विदेशों में दिए गए ऐसे वक्तव्य घरेलू राजनीति तक सीमित नहीं रहते और वे भविष्य में देश के शत्रुओं के प्रचार–तंत्र का हथियार बन जाते हैं। राहुल इस तरह का व्यवहार क्यों करते हैं? क्या इसलिए कि वे 'विशेषाधिकार की भावना' से ग्रस्त हैं? क्या वह मानते हैं कि केवल उन्हें ही अपने मुताबिक 'लोक' (जनमानस) और 'तंत्र' (मीडिया–न्यायालय सहित) चलाने का 'दैवीय अधिकार' है? असल में उनका यह चिंतन न तो 2014 में मोदी सरकार के आने के बाद पनपा है और न ही यह भाजपा–आर.एस.एस. तक सीमित है।

27 सितम्बर, 2013 को उन्होंने अपनी ही केंद्र सरकार के एक अध्यादेश को 'बकवास' बताते हुए उसे सार्वजनिक रूप से 'फाड़कर फैंक देने' की बात कही थी। इसी ठसक से 2019 की एक चुनावी रैली में उन्होंने 'मोदी' उपनाम वाले सभी लोगों को 'चोर' कहा, तो 2024 की एक सभा में भाजपा के दोबारा सत्ता में आने पर देश के 'आग में जल उठने' की आशंका जताई। लगातार चुनावी पराजयों के बाद वह चुनाव आयोग और पूरी निर्वाचन प्रक्रिया पर भी सवाल उठा रहे हैं। राहुल कांग्रेस की उस व्यवस्था से आते हैं, जिसमें भारतीय परंपरा–स्वाभिमान उत्सव का नहीं, बल्कि तथाकथित पिछड़ेपन, उत्पीडन और महिला–विरोध का प्रतीक माना जाता है। दशकों तक भारतीय संस्कृति के प्रति हीन–भावना रखने वालों को मतदाता लगातार खारिज कर रहे हैं।

वर्ष 2014 से ऐसे राजनीतिक नेतृत्व को जनादेश मिल रहा है, जो सभ्यतागत पुनरुद्धार, कल्याणकारी वितरण और रणनीतिक दृष्टि से ईमानदार है। भारत अभूतपूर्व स्तर पर आधारभूत संरचना का निर्माण, डिजिटल माध्यम से जनहित योजनाओं का विस्तार, रक्षा क्षेत्र का आधुनिकीकरण और बहुपक्षीय मंचों पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कर रहा है। ट्रम्प अपने व्यवहार–वक्तव्यों से भारत का बहुत अधिक नुकसान नहीं कर सकते। एक तो उनका कार्यकाल सीमित है, दूसरा, भारत इतना सामर्थ्यवान हो चुका है कि वह किसी भी बड़ी वैश्विक शक्ति का विरोध सहते हुए सिर ऊंचा करके जी सकता है। परंतु भारत के भीतर–विशेषकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा दिए जाने वाले गैर–जिम्मेदाराना वक्तव्य देश को गंभीर और गहरा नुकसान पहुंचा सकते हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### अशोभनीय एवं आमजन मानस में भय उत्पन्न करने वाली कार सीज



**हरदोई।** सण्डीला पुलिस द्वारा शोसल मीडिया प्लेट फार्म पर वायरल बीडियो को संज्ञान लेते हुए एक कार को सीज किया गया। जानकारी के अनुसार सण्डीला क्षेत्रान्तर्गत पिछले दिनो अशोभनीय कार्य एवं आम जन मानस मे भय उत्पन्न करने,नेशनल हाईबे पर बर्थडे कार्यक्रम केक काटना, प्रतिबन्धित काली फिल्म, हूटर सायरन का प्रयोग करना, हाइबे पर गलत तरीके से काफिले की गाडियों को लीड करना इत्यादि मे आरोपित टाटा सफारी यूपी 32सीएफ8387 को गुरुवार को सीज किया गया। हरदोई पुलिस ने समस्त जनपद वासियों को आगाह किया है कि कोई भी ऐसा कार्य न करे जो बिधि बिरूद्ध हो अन्यथा कठोर दण्डात्मक कार्यबाही की जाएगी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध की मौत, हत्या का आरोप

**हरदोई।** पिहानी कस्बे के मोहल्ला मिश्राना में एक वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान छोटे लाल उर्फ तन्नू पुत्र रामाधार निवासी मोहल्ला मिश्राना के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार वृद्ध की मौत सामान्य नहीं है। परिवार वालों ने आरोप लगाया है कि किसी व्यक्ति द्वारा जान से मारने की नीयत से घटना को अंजाम दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और सीओ हरियावा मौके पर पहुचे और जांच शुरू की। फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। घटना के बाद मोहल्ले में चर्चा का माहौल बना हुआ है, वहीं परिजन दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### नकदी सहित लाखों के जेवर चोरी, पुलिस जांच में जुटी



**हरदोई।** मंझिला थाना क्षेत्र के ग्राम आदमपुर में गुरुवार को एक घर से पांच हजार रुपये नकद और लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। जिसमे अज्ञात चोरों ने इस वारदात को संदिग्ध परिस्थितियों में अंजाम दिया। पुलिस ने सूचना मिलते ही जांच शुरू कर दी है। पीड़िता सरिता यादव पुत्री दयाराम के अनुसार कि सुबह उन्हें अपनी नाक की बाली गायब मिली। शुरुआती खोजबीन के बाद जब बाली नहीं मिली और उन्होंने घर के अन्य सामन की जांच की, तो उन्हें चोरी की घटना का पता चला। घर में रखे पांच हजार रुपये नकद और संदूक में रखे कीमती जेवरात गायब मिले। पीड़िता ने तत्काल डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस के अनुसार, जिस सफाई से चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है, उससे मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार मामले की तहकीकात शुरू कर दी गई है।पुलिस संदिग्धों से पूछताछ कर रही है।

### तांबे के तार और नकदी सहित चोर गिरफ्तार




**हरदोई।** बिलग्राम थाना छेत्र से एक दुकान से ताँबे के तार चोरी होने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को नगदी और चोरी के तार सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक बाल अपचारी को भी अभिरक्षा में लिया है। प्राप्त विवरण में 17 फरवरी को मेराज अहमद पुत्र रईश अहमद निवासी मोहल्ला मलकंठ द्वारा थाना बिलग्राम पर तहरीर दी गयी कि वादी की मोटर बाइडिंग की दुकान से अज्ञात चोरो द्वारा ताबें का तार चोरी कर लिया गया है। इस संबंध में थाना बिलग्राम पर अज्ञात चोरों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा घटना का संज्ञान लेकर अनावरण हेतु पुलिस टीमों को गठित कर लगाया गया। थाना बिलग्राम के एस आई अजय कुमार और पुलिस बल द्वारा प्रत्येक बिन्दुओं की गहनता से जांच व विवेचना के दौरान प्रकाश में आये संजय पुत्र साहेबलाल निवासी मो. नटपुरवा थाना बिलग्राम को गिरफ्तार किया गया व एक बालअपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। अभियुक्तों से ताबें का तार (8 किलो 790 ग्राम) तथा 18000 रू. को बरामद किया गया।

### बलेहरा हत्याकांड का एक और आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**हरदोई।** बेहटा गोकुल थाना के ग्राम बलेहरा में पुराने प्रेम प्रसंग की रंजिश में युवक की भाला से गोदकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। तीन नामजद आरोपियों को पुलिस जेल भेज चुकी है। प्राप्त विवरण में 10 फ़रवरी को अक्षय सिंह पुत्र कृष्ण कुमार सिंह उर्फ छोटकन्नू निवासी ग्राम बलेहरा की उसके गांव के ही अजित सिंह उर्फ पिंकू सिंह, जगदीश पुत्रगण मुलायम सिंह, पुष्पा पत्नी जगदीश, सुधीर सिंह पुत्र जागेश्वर व 1 अन्य ने पेट में भाले से वार कर हत्या कर दी थी। इस संबंध में मृतक के भाई सूरज सिंह की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। बेहटा गोकुल के प्रभारी धर्मेन्द्र गिरी और पुलिस बल द्वारा नामजद वांछित सुधीर सिंह पुत्र जागेश्वर को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। 12 फ़रवरी को अजित सिंह उर्फ पिंकू सिंह,जगदीश पुत्रगण मुलायम सिंह और पुष्पा पत्नी जगदीश को पुलिस गिरफ्तार का न्यायालय के समक्ष पेश कर चुकी है।

### प्रतीक्षालय की कुर्सियां टूटी, पानी की टंकी चौबीस महीने से गायब



**जालौन (उरई)।** नगर के प्रवेश द्वार देवनगर चौराहे पर यात्रियों को बैठने के लिए प्रतीक्षालय बना हुआ है। प्रतीक्षालय में साफ-सफाई न होने व बैठने की व्यवस्था न होने के कारण यात्रियों को परेशानी हो रही है। लोगों को खड़े रहकर बस का इंतजार करना पड़ रहा है। नगर के प्रमुख देवनगर चौराहे से यात्री यात्रा करने के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम व प्राइवेट बसों में बैठते हैं तथा बसों का इंतजार करते हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए देवनगर चौराहे पर क्षेत्र पंचायत कार्यालय के बगल में प्रतीक्षालय का निर्माण कराया गया था। इसमें लोगों को बैठने के लिए कुर्सीयां लगायी थी तथा बगल में पानी के लिए टंकी लगायी गयी थी। प्रतीक्षालय के बगल में पेयजल के लगायी गयी टंकी 2 वर्ष से गायब है जिससे पीने के पानी की दिक्कत होने लगी थी। फिर भी लोग कुर्सियों पर बैठकर बस का इंतजार कर लेते थे। अब प्रतीक्षालय में लगी 4 कुर्सियों में 2 कुर्सी टूट चुकी है। सिर्फदो कुर्सी रह गयी है। एक तरफपीने का पानी नहीं, बैठने के लिए कुर्सी, फर्श पर फैली गंदगी के कारण राहगीरों को प्रतीक्षालय का लाभ नहीं मिल पा रहा है।राहगीरों की मदद के लिए लगभग 5 लाख की लागत से बना प्रतीक्षालय लोगों के लिए अनुपयोगी साबित हो रहा है। टूटी कुर्सी, टूट टाइल्स व गुटका के दागों के कारण लोग बैठने से परहेज कर रहे हैं।

# डीएम ने जन सनुवाई में सुनीं 75 शिकायतें, दिए निस्तारण के निर्देश

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



गुरुवार को कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे आज कुल 75 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जन सुनवाई मे आज एक निराश्रित महिला पेशन, एक बाल सेवा योजना तथा एक व्यकित को दिव्यांग पेशंन योजना का लाभ दिलाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्व और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट भूमिका यादव व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

### डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल

**पाली/हरदोई।** ग्राम भोरापुर थाना पाली निवासी हर्षित मोटरसाइकिल से फर्रुखाबाद से अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही वह मुंडेर गांव के पास पहुंचा, पाली की ओर से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक सड़क पर गिर पड़ा और डंपर का पहिया उसकी एक टांग के ऊपर से निकल गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही रुपापुर पुलिस चौकी के कांस्टेबल संजय मौर्य एवं विवेक त्यागी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायल युवक को तत्काल निजी वाहन से हरदोई अस्पताल भिजवाया, जहां उसका उपचार चल रहा है। घटना के बाद घायल के परिजन भी मौके पर पहुंच गए थे। रुपापुर चौकी इंचार्ज शिव शंकर मिश्रा ने बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुटी है और फरार डंपर चालक की तलाश की जा रही है।

# पुलिस अधीक्षक ने किया मल्लावा थाने का वार्षिक निरीक्षण




**हरदोई।** गुरुवार की शाम पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने मल्लावा थाने का वार्षिक निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने थाना परिसर, मालखाना, कंप्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, जनशिकायत रजिस्टर,मेस, बैरक, सीसीटीवी, हवालात, शस्त्रागार आदि का निरीक्षण किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री मीणा ने बताया जन शिकायत रजिस्टर में शिकायत निस्तारण संबंधी पूर्ण विवरण दर्ज करने का निर्देश दिया गया है। थानाक्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों की गतिविधियों की निगरानी का निरिक्षण किया गया।जो भी कमियां पाई गयी हैं सबको जल्द दुरुस्त करने के दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने सरकारी शस्त्रों का निरीक्षण भी किया। इस मौके पर सीओ, प्रभारी निरीक्षक, हल्का इंचार्ज और पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

# ससुर को पीटकर मौत के घाट उतारने वाला दामाद साथी सहित गिरफ्तार

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



जमीन के लालच में पचदेवरा थाना छेत्र में बहन के साथ मंदिर जा रहे व्यक्ति की उसके दामाद द्वारा हॉकी से पीटकर हत्या किये जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी दामाद को उसके साथी सहित गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

प्राप्त विवरण में 17 फ़रवरी को पचदेवरा थाना छेत्र में अशोक पुत्र नत्थूलाल निवासी मोहल्ला इस्माइलगंज / विकासनगर थाना अल्लाहगंज जनपद शाहजहांपुर सुबह करीब 8.00 बजे अपनी बहन अलका देवी के साथ हनुमत धाम राम ताल पर दर्शन करके वापस जा रहे थे, रास्ते में छोटी नहर हथोड़ा के पास अशोक के दामाद मनमोहन उर्फ मन्नू निवासी ग्राम हथौड़ा थाना पचदेवरा ने हाकी से उनके सिर पर वार कर घायल कर दिया। घायल अशोक को उपचार हेतु लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद ले गए जहां पर डॉक्टर द्वारा अशोक को मृत घोषित कर दिया गया। स्थानीय पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर नियमानुसार पंचायतनामा की कार्यवाही पूर्ण कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया। इस संबंध में कृष्ण कुमार पुत्र नत्थुलाल की तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने चार नामजद और तीन अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर हत्यारोपियों की तलाश शुरू की। थाना पचदेवरा प्रभारी शिव नारायण सिंह और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित नामजद मनमोहन उर्फ मन्नू पुत्र श्यामबिहारी और अभिषेक पुत्र श्यामबाबू निवासीगण ग्राम हथौड़ा को एक अदद हॉकी (आलाकत्ल) सहित गिरफ्तार किया गया है। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस प्रयास कर रही है।

# लोनी चीनी मिल ने बसंत कालीन बुआई के लिए किसानों को रैली निकाल कर किया जागरूक



**शाहाबाद/हरदोई।** गन्ना विकास परिषद लोनी एवं डीसीएम श्रीराम लि शुगर यूनिट लोनी द्वारा संयुक्त रूप से 19 फ़रवरी को चीनी मिल क्षेत्रीय कार्यालय हरियाली किसान बाजार, शाहाबाद एवं बेहटा गोकुल में बसंतकालीन गन्ना बुवाई एवं बीज संरक्षण हेतु जागरूकता अभियान के तहत सभी स्टाफ द्वारा मोटर साइकिल एवं ई-रिक्शा के माध्यम से दो रैलियों का आयोजन किया गया। रैलियों का शुभारम्भ ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, लोनी परिषद पुत्तन लाल द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। जिसमें उनके द्वारा सभी स्टाफ को गन्ना बीज संरक्षण, उन्नतशील प्रजातियों का बीज चयन, बंसतकालीन गन्ना बुवाई में यान्त्रिकीकरण अपनाकर लेवर की लागत को कम करने से लाभ तथा गन्ना फसल में लगने वाली बीमारियों की रोकथाम, सहफसल से लाभ लेने के तरीको बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। गेट रीजन में रैली का संचालन चीनी मिल के उपमहाप्रबन्धक (गन्ना), गौरव रस्तोगी द्वारा बेहटा गोकुल रीजन में रैली का संचालन प्रबन्धक (गन्ना), प्रवीर सिंह (बेहटा रीजन) किया गया। जिसमें गेट रीजन के 113 गांव एवं बेहटा गोकुल के 108 गांव में बसंतकालीन गन्ना बुवाई अभियान के तहत व्यापक प्रचार प्रसार किया गया, जिसमें सभी सम्बन्धित जोनल इंचार्ज, विभागीय गन्ना पर्यवेक्षक एवं चीनी मिल फील्ड स्टाफ द्वारा प्रतिभाग किया गया।

### विशेष अभियान दिवस पर होगा मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य

**पाली/हरदोई।** नगर पंचायत पाली में मतदाता नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अंतर्गत आगामी 22 फरवरी को विशेष अभियान दिवस आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में नगर पंचायत कार्यालय द्वारा कस्बा सहित आसपास के लोगों को अवगत कराया गया कि जिला निर्वाचन अधिकारी हरदोई के आदेश के अनुपालन में यह अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत मतदाता नामावली में नाम जोड़ने, संशोधन कराने एवं अन्य लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी से संबंधित अभिलेखों का एकत्रीकरण और निस्तारण किया जाएगा। नगर पंचायत प्रशासन ने क्षेत्र के सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे 22 फरवरी को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक अपने-अपने बूथों पर पहुंचकर बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) से संपर्क कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें, जिससे मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाया जा सके। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी एवं एसडीएम मयंक कुंडू ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल करना तथा त्रुटियों का समय रहते सुधार करना है। इसके लिए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं।

# नशे के विरुद्ध पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 2 किलो 537 ग्राम अवैध गांजा सहित 2 गिरफ्तार

**अजनर/महोबा, समृद्धि न्यूज।** जनपद महोबा में अपराध एवं अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गोंड के निकट पर्यवेक्षण में थाना अजनर पुलिस द्वारा दो अलग-अलग स्थानों पर कार्यवाही करते हुए 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जे से कुल 02 किलो 537 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद किया गया।थाना प्रभारी सुभाष चन्द्र के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त रमेश तिवारी 59 व भूपत राजपूत 35 के खिलाफ धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# जल जीवन मिशन की हकीकतः पाइपलाइन बिछी, पर घरों तक नहीं पहुंचा पानी

**पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

विकास खंड पनवाड़ी की ग्राम पंचायत लोहर गांव में जल जीवन मिशन के तहत संचालित हर घर जल योजना और नमामि गंगे परियोजना पर सवाल खड़े हो रहे हैं। गांव में पाइपलाइन बिछाए जाने के बावजूद ग्रामीणों का आरोप है कि आज तक उनके घरों में पानी की एक बूंद भी नहीं पहुंची है। योजना का उद्देश्य प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना था, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात इसके विपरीत नजर आ रहे हैं।ग्रामीणों के अनुसार, कई वर्ष पूर्व गांव में पाइपलाइन डाली गई और अधिकांश घरों में कनेक्शन भी कर दिए गए थे। शुरुआत में उम्मीद जगी थी कि अब पानी की समस्या दूर हो जाएगी, लेकिन जलापूर्ति नियमित रूप से शुरू नहीं हो सकी। कुछ मोहल्लों में तो अब तक एक दिन भी पानी की सप्लाई नहीं हुई। लोगों का कहना है कि गर्मी के मौसम में स्थिति और गंभीर हो जाती है तथा उन्हें हैंडपंप और निजी स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि संबंधित विभाग और अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकला। इस संबंध में नमामि गंगे के जेई देवेंद्र से बात करने पर उन्होंने कर्मचारियों को मौके पर भेजकर स्थिति का निरीक्षण कराने और आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही। हालांकि ग्रामीणों का आरोप है कि आश्वासन लंबे समय से मिल रहे हैं, पर ठोस सुधार नहीं हुआ। मामले ने उस समय राजनीतिक तूल भी पकड़ा था, जब विधायक द्वारा मंत्री के काफिले को रोके जाने की घटना सामने आई थी। समर्थकों का कहना था कि यह कदम गांव की वास्तविक स्थिति दिखाने के लिए उठाया गया, जबकि कुछ लोगों ने इसे जबरन कार्रवाई बताया। फिलहाल ग्रामीणों की मांग है कि योजना का लाभ कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि हर घर तक नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। अब प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर सबकी नजर टिकी है।

# डीआईजी ने सदर कोतवाली का किया औचक निरीक्षण

▸ पुलिस व्यवस्था की गुणवत्ता जांचने के उद्देश्य से किया गया निरीक्षण

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



चित्रकूट धाम मंडल के पुलिस उपमहानिरीक्षक राजेश एस ने गुरुवार को सदर कोतवाली का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण पुलिस व्यवस्था की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों और थाने के कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया डीआईजी राजेश एस ने कोतवाली परिसर में मौजूद 72 रजिस्टरों की गहन जांच की। इनमें जनरल डायरी, केस डायरी, हथियार रजिस्टर, जीआरपी रजिस्टर, महिला संबंधित शिकायतें और साइबर क्राइम से जुड़े अभिलेख शामिल थे।डीआईजी ने थाने की सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया।उन्होंने लॉकअप, हथियार भंडार, वाहन पार्किंग और सीसीटीवी कैमरों की कार्यक्षमता का जायजा लिया डीआईजी ने थाने परिसर की साफ-सफाई और रखरखाव पर भी जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि परिसर को हमेशा स्वच्छ और व्यवस्थित रखा जाए डीआईजी राजेश एस ने थाने के अधिकारियों और कर्मचारियों से बातचीत की। उन्होंने जनता की शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने महिला सुरक्षा, साइबर अपराध रोकथाम और दंगा नियंत्रण जैसे संवेदनशील मुद्दों पर विशेष ध्यान देने को कहा निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिस कर्मियों को अनुशासन, सतर्कता और जनसेवा के प्रति समर्पण बनाए रखने की सलाह दी। यह औचक निरीक्षण पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों द्वारा की जाने वाली नियमित निगरानी का हिस्सा है। जिससे थानों में पारदर्शिता बढ़ती है। इस निरीक्षण से पुलिस व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाए गए हैं। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक डा. दीक्षा शर्मा, सीओ सदर राजेश कमल सहित सभी अधीनस्थ अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### पलरा के कंपोजिट विद्यालय ने मनाया वार्षिकोत्सव

**भरुआ सुमेरपुर।** क्षेत्र के पलरा गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर छात्राओं ने राष्ट्रीय गीत, देशभक्ति गीत सहित डांडिया प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। बृहस्पतिवार को पलरा के उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट में वार्षिक उत्सव मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान रामखेलावन श्रीवास ने किया। इस मौके पर छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्र छात्राओं ने मुझे माफ करना ओम साईं राम, देशभक्ति गीत संदेशे आते है, होली गीत जुलम कर डालो,स्कूल चले हम,बम बम बोले एवं डांडिया नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर शिक्षिका रंजीता,रिचा, प्रीती, हरकिशोर सहित अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।


**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ०रे०-मण्डल-वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | ADVT-Int-248107-1-25-1 (Advertising-Train Interior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02-02-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20-02-2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20-02-2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | ADVT-LKO-TPNR-OH-594-25-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02-02-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20-02-2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20-02-2026 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | ADVT-LKO-MLJ-OH-609-25-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02-02-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20-02-2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20-02-2026 समय 10:50 बजे |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | ADVT-LKO-NNH-OH-608-25-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02-02-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20-02-2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20-02-2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | ADVT-LKO-BBK-OH-587-25-1 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02-02-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20-02-2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20-02-2026 समय 11:10 बजे |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | ADVT-LKO-LKO-OSD-636-26-1 (Advertising-On Station Premise (Digital)) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 05-02-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21-02-2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21-02-2026 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | ADVT-InExt-250808-1-24-2 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 05-02-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21-02-2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21-02-2026 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | ADVT-InExt-96839-1-24-1 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 05-02-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21-02-2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21-02-2026 समय 11:50 बजे |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | ADVT-InExt-174932-1-24-1 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 05-02-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21-02-2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21-02-2026 समय 12:00 बजे |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | ADVT-InExt-108892-1-24-2 (Advertising-Train Interiorand Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 05-02-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21-02-2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21-02-2026 समय 12:10 बजे |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | ADVT-InExt-131082-1-24-3 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 05-02-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21-02-2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21-02-2026 समय 12:20 बजे |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | ADVT-InExt-109933-1-24-1 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 05-02-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21-02-2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21-02-2026 समय 12:30 बजे |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | ADVT-InExt-223770-1-24-2 (Advertising-Train Interior and Exterior) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 05-02-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21-02-2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21-02-2026 समय 12:40 बजे |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | MSS-LKO-PYGS-MaChr-75-24-1 (Misc Static-Services-Relaxation Chair) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 05-02-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21-02-2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21-02-2026 समय 12:50 बजे |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | ADVT-LKO-BSB-OSD-638-26-1 (Advertising-On Station Premise (Digital)) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09-02-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 24-02-2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 24-02-2026 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | ADVT-LKO-SLN-OSN-640-26-1 (Advertising-On Station Premise (Non-Digital)) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09-02-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 24-02-2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 24-02-2026 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | MSS-LKO-LKO-PS-156-26-1 (Misc Static - Services-Premium Store) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 12-02-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 27-02-2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 27-02-2026 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | ADVT-LKO-LKO-OH-514-24-2 (Advertising-Out of Home) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 18-02-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06-03-2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06-03-2026 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | MSS-LKO-AMG-GZ-99-25-1 (Misc Static-Services-Gaming Zone) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 18-02-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06 03-2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06-03-2026 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | MSS-LKO-LKO-Mobstore-157-26-1 (Misc Static-Services-Mobile and Accessories Kiosk) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 18-02-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06-03-2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06-03-2026 समय 11:50 बजे |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | MSS-LKO-RBL-MFC-138-25-1 (Misc Static - Services-Multi Functional Complex) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 18-02-2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06-03-2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06-03-2026 समय 12:00 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

No: Va-Vi/ LKO DIV/ Publicity/CPRO/2025/KKG Dt. 18.02.2026 556/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मसौली विधानसभा सीट से यासिर अराफ़ात क़िदवई सपा से करेंगे दावेदारी, चर्चा हुई आम

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** जनपद की राजनीति की चौपालो में होने वाली फुसफुसाहट अब खुली चर्चा में बदल चुकी है, यासिर अराफ़ात क़िदवई के सपा से दावेदारी करने से अब समीकरण नए सिरे से बनते नजर आ रहे हैं। समाजवादी पार्टी से विधानसभा टिकट की उनकी दावेदारी ने राजनीतिक गलियारों में ऐसी हलचल पैदा कर दी है कि पुराने समीकरण दरकते नजर आ रहे हैं और नए गठजोड़ आकार लेने लगे है।मसौली विकास खंड की ग्राम पंचायत भयारा में जन्मे किदवई केवल एक राजनीतिक चेहरा नहीं, बल्कि एक विरासत के वाहक हैं।उनके परदादा शेख़ यासीन अली स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे,जिन्होंने देश की आज़ादी के लिए



संघर्ष किया।उनके चाचा अब्दुल रऊफ किदवई दो बार मसौली ब्लॉक प्रमुख रहे और क्षेत्रीय राजनीति में अपनी मजबूत पहचान छोड़ी।यही परंपरा आज यासिर अराफात किदवई के व्यक्तित्व में सेवा,सादगी और संकल्प के रूप में झलकती है। संघर्ष की भट्ठी में तपकर वर्ष 2002 मे उन्होने सक्रिय राजनीति की राह पकड़ी,जब बहुजन समाज पार्टी ने उन्हे मसौली विधानसभा सीट से प्रत्याशी बनाया।चुनावी हार ने उनके कदम नहीं रोके,बल्कि संगठन मे उनकी सक्रियता और नेतृत्व क्षमता ने उन्हे जिला सचिव और मुस्लिम समाज के जिलाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण दायित्व दिलाए।वर्ष 2016 में उन्होंने नई दिशा चुनी और समाजवादी पार्टी का दामन थामा।इसके बाद ब्लॉक प्रमुख पद के लिए मैदान में उतरे और निर्विरोध चुने गए।यह जीत केवल प्रक्रिया नहीं थी,बल्कि जनता के भरोसे की मुहर थी, जिसने यह साबित कर दिया कि उनका जनाधार कागज़ी नहीं वास्तविक है।यासिर अराफात किदवई की पहचान उनके व्यवहार से बनती है।बिना तामझाम, बिना शोर-शराबे के वे गांवों में लोगों के बीच पहुंचते हैं। बुजुर्गों के आशीर्वाद,युवाओं के साथ संवाद और जरूरतमंदों की सहायता इन सबने उन्हें एक भरोसेमंद चेहरा बना दिया है।राजनीतिक जानकार मानते हैं कि रामनगर विधानसभा क्षेत्र में जैसे ही उनका नाम प्रमुख दावेदारो मे उभरा, बाकी दावेदारों की रणनीति बदल गई।अंदरखाने बैठकों का दौर तेज हो गया है और समीकरणों की नई गणित बैठाई जा रही है।फैसला जो बदल सकता है तस्वीर।

अब निगाहें टिकी हैं समाजवादी पार्टी के फैसले पर। क्या पार्टी परंपरागत समीकरणों को साधेगी, या उस चेहरे पर दांव लगाएगी जिसकी लोकप्रियता गांव-गांव में महसूस की जा रही है? बाराबंकी की राजनीति में यह केवल टिकट की लड़ाई नहीं यह भरोसे, स्वीकार्यता और जमीनी पकड़ की परीक्षा है।

# ईंट भट्ठे पर नशे में धुत साले बहनोई में हुई मारपीट, जीजा के हाथों साले की हुई हत्या

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** कोतवाली हैदरगढ़ व थाना सुबेहा के बॉर्डर पर कोतवाली क्षेत्र के बेहटा गांव में स्थित ईट भट्ठा पर गुरुवार की शाम नशे में धुत साले बहनोई के बीच किसी बात को लेकर मारपीट हो गई। इस मारपीट में जीजा के हाथों साले की हत्या हो गई। घटना की सूचना पर दोनों थानों की फोर्स मौके पर पहुंची। घटनास्थल कोतवाली क्षेत्र में पाए जाने पर हत्यारोपी जीजा को गिरफ्तार करते हुए कोतवाली पुलिस शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जौनपुर जनपद के थाना बदलापुर क्षेत्र के निवासी गोरख यादव का कोतवाली क्षेत्र के बेहटा गांव में पारस के नाम से ईट भट्ठा है।यहां पर बिहार राज्य के निवासी सूरज 30 व उनके जीजा रायबरेली जनपद के थाना गुरबक्श गंज के लाला का पुरवा गांव निवासी मंगल देव जो कि रिश्ते में साले और बहनोंई है। बताते हैं कि गुरुवार की सुबह से ही साले बहनोई व बहनोई के भाई आकाश के बीच किसी बात को लेकर भट्ठे पर ही शराब के नशे में गाली गलौज हो रही थी,जो बाद में मारपीट में बदल गई। लकड़ी के चैलों से तीनों के बीच मारपीट होने लगी। मारपीट के दौरान अचानक सूरज के सिर के पिछले हिस्से में गंभीर चोट आ गई जिसके चलते उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना प्राप्त होते ही सबसे पहले पुलिस क्षेत्राधिकारी समीर कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और उसके बाद सीमा का इलाका होने के कारण हैदरगढ़ व थाना सुबेहा की पुलिस मौके पर पहुंची। इस बीच हत्या का एक आरोपी आकाश मौके से फरार हो गया। पुलिस ने जहां मंगल लोध को हिरासत में ले लिया वही घायल सूरज को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंची जहां पर डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया।

## थाने के पीछे संदिग्ध परिस्थितियों में आग की लपटों से घिरी मिली किशोरी, गंभीर रूप से झुलसी

- पूछताछ में पेट्रोलपंप कर्मी का लिया नाम, जिला अस्पताल में भर्ती
- पुलिस जांच में जुटी

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।**

मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में गुरुवार दोपहर एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जहां थाने के पीछे एक 17 वर्षीय किशोरी आग की लपटों में घिरी मिली। गंभीर रूप से झुलसी हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मोहम्मदपुर खाला गांव निवासी मैकू की बेटी प्रीति शौच के लिए घर से निकली थी। कुछ समय बाद लोगों ने उसे थाने के पीछे ईंट-भट्ठे के पास जलता हुआ देखा। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाकर किशोरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सूरतगंज पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद किशोरी की नाजुक हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां लड़की जिला अस्पताल से ट्रामा सेंटर रिफर हुई और रास्ते में उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। फोरेंसिक साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और आसपास के



लोगों से पूछताछ जारी है। पुलिस ने अस्पताल में पीड़िता के बयान भी दर्ज किए हैं, जिसमें उसने मोहम्मदपुर खाला चौराहा स्थित एक पेट्रोल पंप में पहले कार्यरत रहे एक युवक का नाम लिया है। बताया गया है कि नामजद युवक अब उस पेट्रोल पंप पर काम नहीं करता। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। आरोपी युवक की तलाश के लिए एक टीम गठित की गई है। घटना के पीछे की वजह जानने के लिए परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने इलाके के लोगों से अफवाहों से बचने और जांच में सहयोग करने की अपील की है।

## जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष भारत सिंह यादव के निधन से दौड़ी शोक की लहर

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष पूर्व शासकीय अधिवक्ता और कई सामाजिक, शैक्षिक संस्थानों में सक्रिय भागीदारी और अध्यक्षता करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता भारत सिंह यादव का लम्बी बीमारी के चलते निधन हो गया। श्री यादव के निधन से शोक की लहर दौड़ गई। निधन की सूचना पर उनके आवास विकास कॉलोनी स्थित आवास पर अधिवक्ताओं सहित जिले के सैकड़ो गणमान्य लोग शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे। स्व0 भारत सिंह यादव लखपेड़ाबाग स्थित राम सेवक यादव इंटर कॉलेज के प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं रामसेवक यादव स्मारक परास्नातक महाविद्यालय चंदौली के प्रबंधक रहे।



यादव महासभा के पदाधिकारी रहे, और पूर्व में शासकीय अधिवक्ता तथा जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर रह चुके हैं। उन्होंने अपने दायित्वों का निर्माण करते हुए समाज में एक अच्छी छवि बनाई। दो बेटे चार बेटियां हैं जिनका सभी का विवाह हो गया है। बड़ा बेटा योगेंद्र सिंह यादव अधिवक्ता है जो सिविल कोर्ट में वकालत कर रहे हैं। श्री यादव की अंत्येष्टि जगनेहटा स्थित श्मशान घाट पर हुई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने अंत्येष्टि में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

वही जिला बार एसोसिएशन के सभागार में अधिवक्ताओं द्वारा शोक सभा की गई।

इस शोक सभा में जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रितेश कुमार मिश्रा, महामंत्री रामराज यादव, अधिवक्ता कमलेश चंद्र शर्मा, राजकुमार वर्मा, रघुराज प्रताप सिंह, बृजेश दीक्षित, हिशाल बारी क़िदवई हरीश अग्निहोत्री सहित पूर्व के सभी अध्यक्ष व कार्यकारिणी के अधिवक्ताओं सहित बड़ी संख्या में वकीलों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## लाखों से बना बारात घर जर्जर हालत में पहुंचा



**जैदपुर बाराबंकी।** जिले के विकास खंड हरख क्षेत्र के आदमपुर भटपुरा गांव मे लाखो की लागत से बना एक बारात घर जर्जर अवस्था में है।वर्ष 2008-09 में निर्मित यह सार्वजनिक मिलन केंद्र/बारात घर देखरेख के अभाव में अब अनुपयोगी हो गया है।स्थानीय ग्रामीणो और कुछ प्रभावशाली लोगो ने इस पर अवैध कब्जा कर लिया है।बरात घर के भीतर ग्रामीण अपने पशुओं को बांधते है,जिससे यह सार्वजनिक संपत्ति निजी उपयोग का जरिया बन गई है।ग्राम प्रधान और जिम्मेदार अधिकारियो की कथित अनदेखी के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है।इस संबंध में खंड विकास अधिकारी प्रीति वर्मा ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है और इसकी जांच कराई जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### राणा बेनी माधव बक्स सभागार का कार्य हुआ पूर्ण

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** भूत भावन भगवान शिव एवं आदि शक्ति माँ जगदम्बा की कृपा से निर्माणाधीन राना बेनी माधव बक्स सिंह सभागार परिसर में पूर्व दिशा में भगवान शिव के परिवार एवं पश्चिम दिशा में आदि शक्ति माँ दुर्गा जी के मंदिर का जीणोद्धार करा कर भव्य रूप दिया गया है।



दोनों मंदिरों में बाबा भोलेनाथ व आदि शक्ति मां भगवती की मूर्ति स्थापना कार्यक्रम तीन दिवसीय (18 फरवरी से 20 फरवरी तक) चल रहा है। इस उपलक्ष्य में 18 फरवरी दिन बुधवार फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष प्रतिपदा प्रातः नौ बजे सुबह से स्थापन पूजन प्रारंभ हुआ। द्वितीय दिवस 19 फरवरी को प्रातः आठ बजे से पूजन प्रारंभ हुआ। दोपहर 12 बजे से भगवान शिव परिवार व माता रानी की धूम धाम से बरात निकाली गई। जिसमें समिति के सदस्यों समेत साकेत नगर के निवासी मौजूद रहे। समिति के सदस्य ने बताया कि शुक्रवार को प्रातः नौ बजे से स्थापन पूजन कार्यक्रम सम्पन्न होगा। स्थापना के बाद 12 बजे से विशाल कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा। एक बजे से सभागार परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। यजमान की भूमिका में मदन बाजपेई सपत्नी रहे। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य डायट रायबरेली जय प्रताप सिंह, राम बली सिंह, राजन कछवाह, महेंद्र कछवाह , महेंद्र अग्रवाल, डॉ रवि प्रताप सिंह, शिवम सिंह, विकाश सिंह, राम राज सिंह, डॉ आरएन सिंह,डॉ अभिषेक द्विवेदी समेत तमाम लोग रहे।

### रिमाकॉन : आईएमए ने कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया नई-नई खोजों और उपलब्धियों पर होती है चर्चा

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** चिकित्सा विज्ञान में हो रही नई खोज और नवीन इलाज तकनीक आम लोगों तक कैसे पहुंचे इसे लेकर रायबरेली मे डाक्टरों का जमावड़ा लगेगा। आगामी 21 फ़रवरी को यहाँ आईएमए और आईएसीएम के




संयुक्त तत्वाधान मे रीमाकॉन 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यहाँ लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर स्थित बटोही रेस्टोरेंट मे प्रस्तावित इस कार्यक्रम के दौरान इन्सुलिन विध ओरल रुट, थ्रम्बोसाइटोपेनिया और हिमेटो ऑनकोलॉजी एन्ड बोन मेरो डिसआर्डर जैसे विषय पर बाहर से आये चिकित्सक अपने ज्ञान को डाक्टरों के साथ साझा करेंगे। रायबरेली के डॉक्टर इस ज्ञान अपनी चिकित्सा तकनीक मे इस्तेमाल कर आम लोगों को इसका लाभ दिलायेंगे। कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि इस कार्यक्रम में लखनऊ से डॉक्टर अरुण पाण्डेय, मेदांता हॉस्पिटल के डॉक्टर अंशुल गुप्ता व लखनऊ के डॉक्टर अर्पित गुप्ता जैसे दिग्गज चिकित्सक व्याख्यान देंगे।

## लापता 10वीं की छात्रा का शव मिलने से मचा हड़कंप



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बाबूपुर मऊ गांव में घर से लापता 10वीं की छात्रा का शव देर शाम मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर कोतवाली पुलिस और क्षेत्राधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। परिजनों के मुताबिक छात्रा हाईस्कूल यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारी के सिलसिले में घर से किसी काम के लिए निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। रातभर खोजबीन करने के बाद भी कोई सुराग न मिलने पर परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत करने के बाद गांव से दूर एक बाग में शव मिलने की सूचना मिली। मौके पर पहुंचे परिजनों ने छात्रा की पहचान की। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

## आपूर्ति की कमी बताकर ऊंचे दामों पर बिक रहा सिगरेट और गुटखा

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद में गुटखा और सिगरेट के आपूर्ति की कमी बताकर शहर कस्बों सहित कई इलाकों में गुटखा और पान मसाला, सिगरेट दुकानदार खुलेआम छपे मूल्य से ज्यादा दाम पर बेंच रहे हैं। 5 और 15 रुपये में बिकने वाली पान मसाला की पुड़िया 7 और 20 रुपये में दी जा रही है। विरोध करने पर ग्राहकों को 'माल कम है' कहकर टाल दिया जाता है।सूत्रों के मुताबिक कुछ थोक विक्रेता भी जानबूझकर सप्लाई रोककर कृत्रिम कमी पैदा कर रहे हैं, जिससे खुदरा दुकानदारों को ब्लैक में बेंचने का मौका मिल रहा है। उपभोक्ता अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं, लेकिन शिकायत करने से कतरा रहे हैं।ऐसी दशा में प्रशासन की चुप्पी पर सवाल उठ रहे हैं। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो कालाबाजारी का यह खेल और तेज हो सकता है। जनपद के सेमरौता, तिलोई, इन्हौना, राजाफत्तेपुर, जगदीशपुर में थोक विक्रेता मनमाने तरीके से खुदरा दुकानदारों से रुपये वसूल रहे है। यही नहीं 65 रुपए दाम छपे होने के बाद भी 70 से 80 रुपए में कैप्टन सिगरेट की पैकेट बेची जा रही है, स्टॉक की कमी का बहाना बताकर ग्राहकों को दुकानदार खुलेआम लूट रहे हैं वहीं विभागीय जिम्मेदार मामले में चुप्पी साधे हुए हैं।

### निर्वाचन नामावली संशोधन के लिए संशोधित कार्यक्रम जारी

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिला निर्वाचन अधिकारी संजय चौहान ने त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचन नामावली के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम की अधिसूचना जारी कर दी है। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में निर्धारित तिथियों में मतदाता सूची के पुनरीक्षण एवं अद्यतन की कार्यवाही संपादित की जाएगी। दावे एवं आपत्तियों के निस्तारण हेतु हस्तलिखित पाण्डुलिपियों की तैयारी, सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा परीक्षण एवं आवश्यक अनुमोदन की प्रक्रिया 7 जनवरी से 16 मार्च 26 तक पूर्ण की जाएगी। 21 फरवरी से 16 मार्च 26 तक प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण करते हुए पूरक सूची का कंप्यूटरीकरण, मतदान केंद्रों स्थलों का सत्यापन एवं आवश्यक संशोधन कार्य किया जाएगा। इसके उपरांत 17 मार्च से 13 अप्रैल 26 तक मतदाता सूचियों का अंतिम कंप्यूटरीकरण, मतदान केंद्रों का क्रमांकन, भाग संख्या निर्धारण, संबंधित विकास खंडों ग्राम पंचायतों के अनुसार समायोजन तथा फोटो प्रविष्टि आदि कार्य संपन्न किए जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 15 अप्रैल को निर्वाचन नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

### 16 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस द्वारा अपराध पर प्रभावी अकुंश लगाने एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के व 'नशा मुक्त अमेठी अभियान' के अन्तर्गत बृहस्पतिवार को क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना जामो पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त अभिषेक पुत्र शिवकुमार निवासी ग्राम भोएं थाना जामो को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी से पुलिस द्वारा अभियुक्त के कब्जे से 16 ग्राम स्मैक बरामद हुआ है। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना जामो पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार करने वाली टीम में विनोद कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना जामो, उ.नि. संतोष कुमार, हे.का. श्रद्धानन्द सिंह व का. अरुण कुमार शामिल रहे।

### एंटी करप्शन टीम के हत्थे चढ़े नलकूप विभाग के लिपिक

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** बृहस्पतिवार को एंटी करप्शन टीम ने नलकूप विभाग के एक लिपिक को 15 हजार रुपये



रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार करने के बाद आरोपी लिपिक को मुंशीगंज थाने ले जाकर पूछताछ की जा रही है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार पीपरपुर निवासी चालक बृजेश सिंह 21 जनवरी 26 को सेवानिवृत्त हुए थे।

## पुलिस व स्वाट टीम ने किया हत्या का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जगदीश पुत्र शिव प्रसाद निवासी पूरे घिसई मजरे लीही थाना मोहनगंज ने लिखित तहरीर देकर बताया कि बीते शनिवार को हमारे पिता शिव प्रसाद की देर शाम बन्दरही में ट्यूबवेल व सुअरबाड़ा की रखवाली हेतु सोते समय किसी ने उनके सिर पर गम्भीर चोट पहुंचाकर हत्या कर दी। पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण व अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये थे। बृहस्पतिवार को क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में राकेश कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना मोहनगंज मय हमराह द्वारा क्षेत्र में चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर विभिन्न माध्यमों से प्रकाश में आये एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल सवार महेश कुमार पुत्र जगरूप पासी निवासी पूरे दुर्गा दूबे मजरे लीही थाना मोहनगंज को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में उसने बताया कि चुनावी रंजिशवश एवं शिवप्रसाद द्वारा दी गयी धमकी के कारण शिवप्रसाद की हत्या कर दी थी। हत्या के समय इसी बाईक का



प्रयोग किया था। लोहे की सरिया से वार करते समय मृतक ने उसके दाहिने हाथ की अंगुली को मुंह से काट लिया था जिससे सरिया जमीन पर गिर गया जिसके बाद मड़हे में रखी कुल्हाड़ी एवं हंसिया से सिर व चेहरे पर कई बार वार किया जिससे शिवप्रसाद की मृत्यु हो गई। उसकी लोहे की सरिया वहीं छूट गयी तथा भागते समय उसकी जैकेट से पर्स वहीं गिर गया था। उसके बाद महेश ने अपने कपड़े व जूते नहर में फेंक दिये। महेश थाने का चौकीदार है जिसकी ड्यूटी शनिवार को थाने पर थी। उसने रात्रि 12 बजे थाने के पीछे की तरफ से निकलकर घटना कारित कर पुनः वापस आ गया था। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना मोहनगंज व स्वाट टीम संयुक्त रूप से शामिल रही। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस टीम को 25,000/- रुपये नकद पुरस्कार प्रदान करने की घोषणा की गई है।

## समाधान दिवस की अध्यक्षता गौरीगंज में करेंगे डीएम

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

जनपद स्तरीय ''सम्पूर्ण समाधान दिवस'' जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में शनिवार 21 फरवरी को गौरीगंज तहसील में आयोजित होगा। जनपद की अन्य तहसीलों के क्रम में अमेठी तहसील में मुख्य विकास अधिकारी, मुसाफिरखाना तहसील में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व तथा तिलोई तहसील में अपर जिलाधिकारी न्यायिक की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक संपन्न

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों, योजनाओं एवं विभागीय कार्यो की गहनतापूर्वक समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न इंडीकेटर्स पर जनपद की प्रगति को देखा तथा धीमी प्रगति वाली योजनाओं में सुधार के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सकरन विकास खण्ड की बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं सभी मुख्य सेविकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के सभी पात्र लाभार्थियों का शीघ्र ही पंजीकरण कराते हुए ब्लॉकवार मिले लक्ष्य को अतिशीघ्र पूरा कराकर लाभान्वित कराना




सुनिश्चित करें। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग से समन्वय करते हुए आवश्यक सूचनाएं प्राप्त की जाये। टीएचआर वितरण एवं अन्य योजनाओं में खराब प्रगति पर पिसावां विकास खण्ड की बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं पिसावां विकास खण्ड सभी सुपरवाइजरों को चेतावनी नोटिस निर्गत करते हुए परिवीक्षाधीन सुपरवाइजरों की परिवीक्षा अवधि एक वर्ष बढ़ाने तथा दो अनुपस्थित सुपरवाइजरों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री/सहायिका की भर्ती में द्वारा शासनादेश में निहित व्यवस्था एवं दिशा-निर्देशों का पूर्णतः अनुपालन करते हुए निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया जल्द से जल्द पूर्ण करायें। वीएचएसएनडी सत्रों को व्यापक रूप से आयोजित कराया जाये। वीएचएसएनडी सत्र पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पास 02 रजिस्टर होना अनिवार्य है, जिसमें सैम मैम बच्चों का डेटा तथा गर्भवती महिला का ट्रैकिंग रजिस्टर होना अनिवार्य है, जिस पर बच्चा पैदा होने की सम्भावित तिथि का भी अंकन होना जरूरी है। वीएचएसएनडी सत्र पर सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्री जीएमडी डिवाइस अवश्य लेकर आयें। वीएचएसएनडी सत्रों के दौरान गोद भरायी एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम मा0 जनप्रतिनिधिगणों एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में कराया जाये। जिलाधिकारी द्वारा यह भी निर्देश दिये गये कि लक्ष्य के अनुरूप होम विजिट के साथ ही एफ0आर0एस0 का कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाये। गुणवत्तापूर्ण होम विजिट मानकों के अनुसार सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि विकास खण्ड स्तरीय कार्यालय में पुष्टाहार प्राप्त होने पर नामित नोडल अधिकारी की उपस्थिति में इसका सत्यापन अवश्य कराया जाये। पुष्टाहार से संबंधित समस्त रिकार्ड अद्यतन रखे जायें तथा पुष्टाहार के रख-रखाव हेतु उचित प्रबंध सुनिश्चित किया जाये। सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के पास गर्भवती महिलाओं हेतु संचालित वार रूम का नंबर अवश्य होना चाहिए। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार राव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिला कीड़ाधिकारी की जांच, नहीं हुई कार्यवाही

**सीतापुर।** विकास खण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत पहाड़ापुर में ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव द्वारा ग्राम प्रधान की सगी बहन के नाम की फर्म मानवी कॉस्ट्रक्शन पर रू0 1839546-00 का हस्तान्तरण कर किया दुरूपयोग । राजकुमार सिंह पुत्र प्रेम प्रकाश सिंह एवं मोहित सिंह पुत्र सन्तोष सिंह निवासी ग्राम पहाड़ापुर पो0 भिठौरा तहसील मिश्रिख जिला सीतापुर द्वारा नोटरी सत्यापित शिकायत दिनांक 13-09-2025 को जिलाधिकारी सीतापुर से की गयी थी जिसमें ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव द्वारा सरकार के आदेश के बाद भी ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान की सगी बहन और प्रधान प्रतिनिधि की पत्नी के नाम फर्जी फर्म बनाकर मानवी कान्स्ट्रक्शन का करेन्ट खाता खोलकर धन का दुरूपयोग करने का आरोप लगाया गया था। जिलाधिकारी द्वारा इसकी जॉच जिला कीड़ाधिकारी सीतापुर से कराने पर आरोप सही पाया गया। जिला पंचायतराज अधिकारी सीतापुर द्वारा जिला मजिस्ट्रेट सीतापुर के स्तर से ग्राम प्रधान करन कुमार सिंह को पत्रांक 8553 दिनांक 26-11-2025 द्वारा कारण बताओ नोटिस निर्गत किया गया तथा ग्राम पंचायत सचिव राजकुमार सिंह को अपने स्तर से कारण बताओ नोटिस निर्गत किया गया। ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव द्वारा अपना उत्तर प्रस्तुत किया जा चुका है, इसके बाद भी लेन देन करके जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा पत्रावली दबा दी गयी तथा इतनी बड़ी सरकारी धनराशि का गबन होने के बाजपूद कार्यवाही नहीं की गयी।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे दो पुत्र आशीष कुमार, व अभिषेक कुमार तथा मेरी पत्नी सुशीला द्वारा मेरी देखभाल व भरण पोषण नहीं किया जा रहा है, मेरी चल अचल सम्पत्ति को मुझे धोखे में रखकर अपने नाम करवा लिया हैं सूचनाकर्ता के नाम सड़क के किनारे स्थित गाटा संख्या 605 रकबा 0.168 हे. भूमि शेष बची है जो बेसकीमती होने के कारण मेरे उक्त पुत्रों व पत्नी जबरिया हथियाना चाहते हैं। मेरे उक्त परिजन मुझे खाना पानी नहीं देते हैं और न ही कोई देखभाल करते हैं इसलिए मैं अपनी सम्पत्ति से इन्हे बेदखल करता हूँ। मेरे दोनों पुत्रों व पत्नी द्वारा किये गए किसी भी कृत्य से मेरा कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचनाकर्ता**
**राम भजन दत्तक पुत्र साहबदीन निवासी-ग्राम गंगापुर संसारा, तहसील व ब्लाक हैदरगढ़, बाराबंकी।**

# मृतक के परिजनों ने कोतवाली का घेराव कर किया हंगामा

- बेटे की मौत पर हत्या का लगाया आरोप
- आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर किया विरोध प्रदर्शन



छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज़।

नगर के मोहल्ला कस्साबान के रहने वाले युवक का शव कुंवरपुर बनवारी गांव के पास पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका मिला था।

इस मामले में परिजनों ने पड़ोसियों पर ही हत्या का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। चार दिन बीत जाने के बाद भी जब कोई कार्रवाई नहीं हुई, तब मृतक के परिजन बाल्मीकि समाज के अन्य लोगों के साथ कोतवाली पहुंचे और वहां घेराव करते हुए जमकर हंगामा किया। मोहल्ला कस्साबान निवासी सौरभ बाल्मीकि (20) पुत्र मंटू का शव रविवार की सुबह कुंवरपुर बनवारी गांव के पास पीपल के पेड़ से लटका मिला था।

पुलिस ने मृतक के शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मामले की जानकारी होते ही मृतक के परिजन व मोहल्ले के अन्य लोग भी मौके पर पहुंचे थे। परिजनों ने मोहल्ले के ही एक परिवार पर बेटे की हत्या का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने उस दिन विरोध प्रदर्शन कर रहे परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर समझाबुझाकर वापस भेज दिया था। चार दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा जब कोई कार्रवाई नहीं की गई, तब गुरुवार की सुबह मृतक की मां, पिता व अन्य परिजन मोहल्ले के अन्य लोगों के साथ कोतवाली जा धमके। उन लोगों ने वहां विरोध प्रदर्शन करते हुए बेटे की हत्या करने के आरोप लगाते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। लोगों ने कोतवाली में काफी देर तक हंगामा किया। मृतक सौरभ की मां ने आरोप लगाया कि जिस तरह आरोपियों ने उसके बेटे की हत्या की है। उसी तरह वह अपनी बेटी को भी सजा दें।

उधर, इस संबंध में कोतवाल विष्णुकांत तिवारी का कहना है कि परिजनों ने हंगामा नहीं किया था। सिर्फ मिलने आए थे। शाम को फिर आएंगे। बातचीत के बाद ही आगे की कोई कार्रवाई की जाएगी।

### प्रेमप्रसंग को लेकर हो रही चर्चाएं

छिबरामऊ। मोहल्ला कस्साबान निवासी सौरभ बाल्मीकि का शव मिलने के बाद से चर्चाओं का बाजार काफी गर्म है। परिजनों के साथ मोहल्ले के लोगों ने आरोप लगाए हैं कि प्रेमप्रसंग के चलते सौरभ की हत्या कर उसे आत्महत्या का रूप दिया गया है। लोगों में चर्चा है कि सौरभ का मोहल्ले में ही गैरसमुदाय की एक युवती से प्रेमप्रसंग चल रहा था। युवती के परिजनों ने पहले तो उसे धमकाया और फिर इसके बाद उसकी हत्या कर फांसी पर लटका दिया। मृतक युवक की मां ने चिल्ला-चिल्लाकर कहा कि जिस तरह उसके बेटे की हत्या की है। उसी तरह वह लोग अपनी बेटी को भी सजा दें, नहीं तो उन सभी को जेल भेजा जाए। हालांकि घटना के बाद से आरोपी परिवार घर में ताला डालकर फरार है।

# रमज़ान के पहले रोज़े पर रोजेदारों ने व्यक्त की प्रतिक्रियाएं

- रहमतों व बरकतों का महीना है रमज़ान: फैसल हुसैन
- आपसी भाईचारे का संदेश भी देता है रोज़ा : मुजम्मिल





समधन, समृद्धि न्यूज़।

रमज़ान के पहले रोज़े पर मुस्लिमों में उत्साह देखने को मिला मस्जिदों में बड़ी संख्या में नमाजियों की भीड़ होने लगीं बाजारों में फल फ्रूट की बिक्री में इजाफा हुआ रमज़ान शुरू होते ही फलो के दामों में वृद्धि होने लगीं हैं। गुरुवार से शुरू हुआ रमज़ान मुबारक महीने के पहले रोज़े पर रोजेदारो ने व्यक्त की प्रतिक्रियाएं इरफान गेस्ट हाउस के प्रबन्धक समधन नगर निवासी मोहम्मद फैसल हुसैन ने बताया कि रमज़ान मुबारक महीना मुस्लिम लोगों के लिए रहमतों व बरकतों का महीना है इस पूरे महीने मुस्लिम लोग पूरे दिन की भूख प्यास बर्दाश्त कर रोज़ा रखने के साथ-साथ इबादत भी खूब करते हैं और अल्लाह ताला से खूब दुआएं मांगी जाती है रोज़ा इफ्तार के वक्त मांगी जानें बाली सभी दुआएं कुबूल होती है। वहीं समधन नगर निवासी नगर पंचायत अध्यक्ष पद के उम्मीदवार मुजम्मिल उर्फ कबूतर ने रमज़ान के बारे में बताया कि अल्लाह ताला का बहुत बड़ा हम मुस्लिमों पर एहसान है कि उसने हम सबको यह रहमतों व बरकतों का महीना नसीब किया इस महीने की मुस्लिमों को अच्छे से कद्र करने की जरूरत है। रोज़ा गुनाहों से बचाने का संदेश भी देता है और आपस में भाईचारा बढ़ाता है। रोज़ा इफ्तार करना भी बहुत बड़ा सबाब का काम हैं आगे उन्होंने बताया कि जो बन्दा रोज़ा रहता है उसके जिस्म की तमाम तरह की बीमारियां दूर होती है जो बन्दा रोज़ा रखता है अल्लाह ताला उससे बहुत खुश होता है। इस रमज़ान के महीने में अल्लाह ताला अपने बन्दों से इम्तिहान लेता है कि कौन मेरे क़रीब आने की कोशिश कर रहा है इन्हीं रोज़े रखने की खुशी में रमज़ान के आखिरी हिस्से में ईद उल फितर का त्योहार मिलता है।

# स्वस्थ जीवन के लिए शुद्ध खान-पान जरूरी: डॉ. शशि पांडेय

छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज़।



होली के त्योहार को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ सख्त अभियान तेज कर दिया है। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा (कानपुर मंडल) डॉ. शशि पांडेय ने व्यापारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए शुद्ध खाद्य पदार्थों का सेवन आवश्यक है।

उन्होंने चेतावनी दी कि बाजार में बिक रहे रंगीन कचरी, मिलावटी खोया, पनीर और तेल जैसे उत्पादों से स्वास्थ्य को गंभीर खतरा है। विशेष रूप से रंगीन कचरी में इस्तेमाल होने वाले कृत्रिम रंग कैंसर जैसी घातक बीमारियां पैदा कर सकते हैं। डॉ. पांडेय ने उपभोक्ताओं को घरेलू परीक्षण की सलाह दी। खोया को हाथ में लेकर रगड़ें; यदि वह चिपक नहीं रहा, आसानी से छूट रहा है और अच्छी खुशबू आ रही है, तो वह शुद्ध है, अन्यथा मिलावटी। इसी तरह पनीर को भी जांचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि अगर कोई मिलावट महसूस हो तो विभाग के टोल-फ्री नंबर या स्थानीय खाद्य सुरक्षा अधिकारियों से शिकायत करें। बाजार से रंगीन कचरी जैसी मिलावट को कम करने से ही 10 प्रतिशत स्वास्थ्य सुधार संभव है। विभाग निरंतर जांच और जागरूकता अभियान चला रहा है। कानपुर मंडल के खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार वर्मा ने कहा कि होली के मौके पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। मिलावटखोरों के खिलाफ कार्रवाई तेज की जाएगी ताकि उपभोक्ता सुरक्षित रहें। बैठक में व्यापारियों ने विभाग के प्रयासों का समर्थन किया और शुद्ध उत्पाद बेचने का संकल्प लिया। इस दौरान किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण वर्मा एवं नरेश गुप्ता गोल्डी सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

# पीईटी के विरोध में शिक्षकों ने बनाई आंदोलन की रूपरेखा



छिबरामऊ, कन्नौज। नगर के कंपोजिट विद्यालय में हुई प्राथमिक शिक्षक संघ एवं पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक में पीईटी के विरोध में आगे के आंदोलन की रणनीति पर विस्तार से चर्चा कर कार्यक्रम को तय किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र ने बताया कि 22 फरवरी को सभी शिक्षक पीईटी के विरोध में ट्विटर पर विरोध जताएंगे। अगले दिन 23 फरवरी से 25 फरवरी तक काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करेंगे। 26 फरवरी को बीएसए कार्यालय कन्नौज पर दोपहर 1 बजे से धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चयन वेतनमान जिन शिक्षकों का स्वीकृत किया गया है, उसका शीघ्र भुगतान कराया जाए। चयन वेतनमान से वंचित शिक्षकों का चयन वेतनमान अतिशीघ्र स्वीकृत किया जाए। मध्यान्ह भोजन वितरण हेतु कन्वर्जन कास्ट कम मात्रा में भेजी गई है। वह पर्याप्त मात्रा में भेजी जाए। जिन शिक्षकों का बोनस भुगतान शेष है, उसका शीघ्र भुगतान कराया जाए। ऐसे शिक्षामित्रों, अनुदेशक, जिनका निर्वाचन कार्य हेतु बीएलओ ड्यूटी के दौरान वेतन या मानदेय रोका गया था। उसका शीघ्र भुगतान कराया जाए। मंत्री ओमकार यादव के संचालन में हुई बैठक में पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रभात दुबे, मंत्री श्यामवीर सिंह, राजेश पाठक, सतेंद्रभूषण शुक्ला, राजेश मिश्रा समेत काफी संख्या में शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# बाजार में बनेगा डिवाइडर, फुटपाथ पर नहीं लगा पाएंगे दुकान

- 37 लाख 57 हजार की निविदा जारी

छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज़।



बाजार में मुख्य मार्ग पर जल्दी ही डिवाइडर बनाने की योजना है। इसके बाद फुटपाथ पर दुकान नहीं लगा पाएंगे। इसके लिए नगर पालिका परिषद ने 37 लाख 57 हजार की निविदा जारी कर दी है।

बाजार में मुख्य मार्ग पर लगने वाले जाम से निजात नहीं मिल पा रही है। कई लोग अपने चार पहिया वाहन सड़क किनारे खड़े करके खरीदारी करने चले जाते हैं और कुछ ही देर में वहां पर जाम लग जाता है। इसके साथ ही हजारों ई-रिक्शा चलने के कारण पैदल चलना तक दुश्वार हो जाता है। इसके साथ ही कई दुकानदार अपनी दुकान का सामान फुटपाथ पर भी सजा देते हैं अथवा दुकान के सामने का फुटपाथ ठेली वालों को 5 से 6 हजार रुपए महीने की दर से किराए पर उठा देते हैं। इन समस्याओं का समाधान निकालने की दिशा में नगर पालिका ने कई उपायों पर कार्य शुरू कर दिया है नगर में अनाउंसमेंट करके ई-रिक्शा चालकों से 600 रुपए लाइसेंस फीस जमा करने को कहा जा रहा है अन्यथा उन पर जुर्माना लगेगा। इसके साथ ही शनि मंदिर से विशुनगढ़ रोड तिराहा तक पूरे बाजार में डिवाइडर बनेगा। ईओ सुनील कुमार सिंह ने बताया वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत पंडित दीनदयाल आदर्श नगर पंचायत योजना से प्राप्त अनुदान के अंतर्गत डिवाइडर बनाने के लिए 37 लाख 57 हजार और वार्ड 3 में गणेश की दुकान से अखिलेश यादव के यहां तक सीसी रोड व नाली बनाने के लिए 11 लाख 60 हजार की निविदा जारी कर दी गई है।

## खबरें एक नजर में


### लाइट ठीक करते समय लगा करंट, युवक की मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** मंदिर के लिए पोल पर चढ़कर लाइट ठीक करते समय युवक को जोरदार करंट लगा, जिससे वह पोल से नीचे आ गिरा। गंभीर हालत में परिजन उसे इलाज के लिए सौ शैया अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिजनों में चीखपुकार मच गई। मैनपुरी जनपद के बेवर थाना अंतर्गत अरसनिया गांव निवासी सत्येंद्र (25) पुत्र दयाशंकर की शादी अभी लगभग 3 महीने पहले क्षेत्र के ग्राम मुड़िया कसावा के पास से हुई थी। गांव स्थित मंदिर की लाइट खराब पड़ी थी। गुरुवार की दोपहर करीब 1 बजे वह अपने मंदिर पर लाइट सही करने के लिए एलटी लाइन के पोल पर चढ़ा था। तभी अचानक करंट का जोरदार झटका लगा, जिससे वह पोल से नीचे आ गिरा। हादसा होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन उन्हें सौ शैया अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक सत्येंद्र का एक भाई जितेंद्र और चार बहनें संजीवन, रोशनी, ओमवती व कुमकुम हैं। मृतक की करीब तीन महीने पहले शिवानी के साथ शादी हुई थी। हादसे के बाद से मृतक की पत्नी समेत अन्य सभी परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### सी.एन.पी.एस. पब्लिक स्कूल को मिली 10वीं तक सीबीएसई की मान्यता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सी.एन.पी.एस. पब्लिक स्कूल एल.आर. नगर टिलिया ताजपुर को सीबीएसई नई दिल्ली द्वारा १०वीं तक की कक्षाओं के संचालन की मान्यता प्रदान कर दी है। यह जानकारी विद्यालय के एमडी कुलदीप यादव ने दी है। मान्यता मिलने से विद्यालय के शिक्षकों सहित समस्त स्टाफ में खुशी का माहौल देखने को मिला। एमडी कुलदीप यादव ने कहा कि सी.एन.पी.एस. पब्लिक स्कूल क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रयासरत रहेगा।

### कुठौंद बीडीओ अरुण सिंह को जालौन का मिला अतिरिक्त प्रभार



अरुण कुमार सिंह बीडीओ।

**जालौन (उरई)।** क्षेत्र पंचायत कार्यालय में बीडीओ के चिकित्सीय अवकाश पर जाने के चलते लगभग एक सप्ताह से बीडीओ का पद खाली चल रहा था। सीडीओ ने बीडीओ कुठौंद को जालौन का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। खंड विकास अधिकारी गणेश कुमार का बीती नौ जनवरी को कार्यालय आयुक्त ग्राम्य विकास लखनऊ से सम्बद्ध कर दिया गया था। उसके बाद उन्होंने 10 फरवरी तक अपनी सेवाएं दी। इसके बाद वह दो दिन के आकस्मिक अवकाश एवं बाद में चिकित्सीय अवकाश पर चले गए। ऐसे में एक सप्ताह से अधिक समय से बीडीओ का पद खाली चल रहा था। जिसके चलते कामकाज प्रभावित हो रहे थे। ऐसे में सीडीओ कुमुदेन्द्र कलाकर सिंह ने बीडीओ कुठौंद अरुण कुमार सिंह को जालौन का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है।

### दुकान से गायब किशोर की पुलिस ने दर्ज की गुमशुदगी

**जालौन (उरई)।** दुकान से नमाज पढ़ने के लिए गया किशोर पांच दिन से गायब है। किशोर के पिता की शिकायत पर गुमसुदगी का मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चिमनदुबे निवासी मुहम्मद शाकिर पुत्र सलीम ने बताया कि उनका 17 वर्षीय पुत्र समर कक्षा 12 तक पढ़ा है।वह दिलदार मोटर्स छत्रसाल रोड जालौन में डेंटिंग पेटिंग का काम सीख रहा है। 13 फरवरी 2026 को पेंटिंग कलर लेने उरई गया था। कलर लेकर वापस दुकान भी आया था। इसके बाद दुकान पर नमाज पढ़ने के लिए बोलकर चला गया।इसके बाद वह न तो घर वापस आया और न ही दुकान पहुंचा है। जब दुकान के मालिक दिलदार से बच्चे के बारे में पूछ तो बताया कि करीब 2 बजे नमाज की कहकर समर दुकान से छुट्टी लेकर चला गया था। उसके बाद कहा गया जानकारी नहीं है। पीड़ित पिता ने पुलिस को बताया कि उन्होंने पुत्र को नाते रिश्तेदारों व जानने वालों से सम्पर्क किया किन्तु उसका पता नहीं चल रहा है। पीड़ित पिता की शिकायत पर पुलिस ने गुमसुदगी का मामला दर्ज कर लिया है तथा उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# जिले में पहली बार हाइटेक हुआ बार एसो. का चुनाव

छिबरामऊ,कन्नौज समृद्धि न्यूज़।



बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव इस वर्ष पूरी तरह तकनीक आधारित व्यवस्था के साथ संपन्न हुए। पहली बार ऑनलाइन वोटिंग रिकॉर्ड के साथ-साथ रियल टाइम ऑनलाइन काउंटिंग की सुव्यवस्थित प्रणाली लागू की गई, जिससे चुनाव प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, त्वरित और विश्वसनीय बन सकी।

निर्धारित समय पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ तत्काल मतदान प्रतिशत और मतदाता के मतदान के समय की सटीक जानकारी सार्वजनिक हुई। इसी प्रकार अगले दिन हुई मतगणना के एक एक वोट के गिनती की रियल टाइम अपडेट की जानकारी मतदान केंद्र से बाहर लाइव पहुंचती रही। इस दौरान चुनाव परिणाम जानने के लिए अधिवक्ताओं और समर्थकों को अधिक इंतजार या माथापच्ची नहीं करनी पड़ी।

विभिन्न अधिवक्ता, प्रत्याशी और उनके समर्थक मोबाइल स्क्रीन पर लगातार नजरें जमाए रहे। यहां तक कि चाय के स्टॉल में जमा भीड़ और अधिकारी भी परिणाम को लेकर उत्सुक रहे। ये पहला मौका है जब किसी संगठन का चुनाव हाईटेक हुआ। लाइव पोर्टल के माध्यम से प्रत्येक राउंड की स्थिति और मतों का अंतर तत्काल प्रदर्शित किया जाता रहा, जिससे उत्सुकता और रोमांच का माहौल बना रहा। परिसर के भीतर सीमित लोग मौजूद थे, जबकि बड़ी संख्या में लोग ऑनलाइन माध्यम से परिणाम से जुड़े रहे। हेड ऑफ इंचार्ज अधिवक्ता अमर त्रिपाठी 'गौरव' ने कहा, बार एसोसिएशन के निर्वाचन आयोग का मुख्य उद्देश्य चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी और तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाना था।

ऑनलाइन वोटिंग और काउंटिंग व्यवस्था से न केवल समय की बचत हुई, बल्कि परिणामों की सटीकता और विश्वसनीयता भी सुनिश्चित हुई।

यह अधिवक्ताओं के सहयोग और विश्वास का ही परिणाम है कि पूरी प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हो सकी।

उन्होंने सभी सदस्यों, पदाधिकारियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी तकनीकी नवाचारों से संगठन को प्रगतिशील बनाया जायेगा।

## नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ जोरदार स्वागत



बार एसोसिएशन छिबरामऊ की कार्यकारिणी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का तहसील परिसर में कई जगह सम्मान समारोह आयोजित कर पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर और मिठाई खिलाकर जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, महासचिव पंकज मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव कुमार दुबे, उपाध्यक्ष प्रथम दिनेशचंद्र यादव व विनीत त्रिपाठी, संयुक्त सचिव प्रशासन नरेंद्र सिंह शाक्य, संयुक्त सचिव प्रसारण अमित कुमार राजपूत, कोषाध्यक्ष अंजू पटेल, प्रशासनिक सदस्य सचिन बौद्ध, सुखेंद्र सिंह यादव, अवनीश वर्मा, ललित दुबे, वेदमती आदि का साथी अधिवक्ताओं ने माल्यार्पण कर और मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराते हुए जोरदार स्वागत किया। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, पूर्व महासचिव ललितप्रताप सिंह, प्रणव सक्सेना, हरिशरण शाक्य, राजेश शाक्य, विमल पांडेय, मनोज कुमार सिंह, चंद्रजीत यादव आदि मौजूद रहे।

## रंजिशन पिता-पुत्र, मां ने घर में घुसकर की मारपीट

**जालौन,उरई।** पुरानी रंजिश के चलते पिता-पुत्र व मां ने घर में घुसकर गाली-गलौज कर लाठी डंडे से मारपीट कर दी ।घटना में घायल युवक की शिकायत पर पुलिस ने तीनों लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के औरेखी निवासी गोपाल जी मिश्रा पुत्र सत्यनारायण ने बताया कि वह 18 फरवरी 26 को सांय करीब 7 बजे अपने साथी विकास नगायच के साथ दूध डेरी पर गया था। इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर गांव के सूर्य प्रताप पुत्र अरविंद गाली-गलौज करने लगे। वह लड़ाई न हो इस लिए अन सुनी करके घर वापस आ गया इसके थोड़ी देर बाद सूर्य प्रताप व उनके पिता अरविंद व मां लाठी डंडा लेकर उनके घर आ गये तथा गाली-गलौज कर लाठी डंडे से मारपीट कर दी।

# प्रत्येक ग्रामीण अपने अधिकारों के प्रति रहे जागरूक : तहसीलदार



कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज़।

विकासखंड कदौरा के ग्राम उकासा में स्थित परिषदीय विद्यालय के परिसर में तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी की अध्यक्षता में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर महिलाओं के हितों के लेकर चर्चा की तथा ग्रामीणों को शासन की योजनाओं तथा कानून की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। राजस्व विभाग तथा न्याय विभाग के तत्वावधान में आयोजित विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर में कालपी के तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी ने बताया कि महिलाओं के हितों तथा संरक्षण के लिये कानून में व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया कि महिलाओं का उत्पीडन कराना कानूनी अपराध है। तहसीलदार ने कहा कि किशोरियों तथा महिलाओं का शोषण करने पर पास्को एक्ट के अंतर्गत कारवाई की जाती है।इसी तरह ट्रांसजेंडर के हितों में कानून में व्यवस्था की गई है। उन्होंने जमीनों के दाखिल खारिज, बिरासत तथा राजस्व विभाग के द्वारा चलाई जा योजनाओ को बतलाया। उन्होंने आव्हान किया है कि सभी ग्रामीणों को अपने अधिकारों की प्रति जागरूक रहना चाहिए।

शासन के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ भी हासिल करते रहना चाहिए। क्षेत्रीय लेखपाल शिव मंगल पाठक ने महिला हेल्पलाइन, एम्बुलेंस सेवा 108, 102 तथा अन्य जानकारियां दी। नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम आदि विषयों पर चर्चा की। शिविर में ग्राम प्रधान अनूप कुमार, राजस्व निरीक्षक हरेंद्र सिंह सेंगर, पीएलवी अरविंद कुमार, पंचायत अधिकारी शिवम कौशिक, स्वयं सेविका, सहित कई विभागों के अधिकारी तथा आसपास गांव के ग्रामीणों ने सहभागिता की।

# कलेक्ट्रेट के विभिन्न अनुभागों का डीएम ने किया औचक निरीक्षण



उरई,जालौन समृद्धि न्यूज़।

गुरुवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित विभिन्न शाखाओं का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक कार्यप्रणाली की विस्तार से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भूलेख अनुभाग, संग्रह अनुभाग, नजारत अनुभाग, शस्त्र अनुभाग, अभिलेखागार तथा माल फौजदारी अनुभाग सहित अन्य पटलों का क्रमवार मुआयना किया।

जिलाधिकारी ने कार्यालयों में अभिलेखों के संधारण, पत्रावलियों के रख-रखाव, लंबित प्रकरणों की स्थिति तथा निस्तारण की गति का बारीकी से परीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी लंबित प्रकरणों को अद्यावधिक रखते हुए समयबद्ध रूप से निस्तारित किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक विलंब का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाएं, जीपीएफ संबंधी अभिलेख एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों का भी अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि समस्त अभिलेख सुव्यवस्थित, अद्यतन एवं पारदर्शी तरीके से संधारित किए जाएं तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि कार्यालयों में अनुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना प्राथमिकता है।

# बदमाशों ने फौजी परिवार को बंधक बनाकर लूटे 25 लाख के जेवर

- 25 लाख के जेवर एवं 20 हजार रुपए की चोरी से पुलिस की कार्यशैली पर उठे सवाल
- कोतवाली के बड़े साहब ने जबसे कमान संभाली है तब से एक भी चोरियों का नहीं हुआ खुलासा

उरई,जालौन समृद्धि न्यूज़।



सदर कोतवाली क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं ने पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोगो का कहना है कि चोरियों के खुलासे में फिसड्डी साबित हो रही उरई कोतवाली पुलिस बड़े साहब के सुस्त रवैये ने चोरों के हौसले बुलंद कर दिए है और इससे आसपास के क्षेत्र में यह प्रचार लगभग हो ही गया है कि साहब पस्त चोर मस्त नजर आ रहे हैं। बीती रात्रि का ताजा मामला सुशील नगर क्षेत्र का है जहां देर रात 8 से 10 नकाबपोश बदमाशों ने एक घर में घुसकर करीब 20 से 25 लाख रुपये के जेवर और नकदी लूट ली। इस घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है वहीं पुलिस की निष्क्रियता को लेकर लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुशील नगर निवासी सुरजीत सिंह पुत्र मान सिंह जो आईटीबीपी भटिंडा में देश सेवा में तैनात हैं उनके घर पर कल देर रात यह वारदात हुई। घर में उनकी पत्नी पिंकी देवी और दो बच्चे मौजूद थे। पीड़िता के अनुसार देर रात करीब 2 बजे 8 से 10 नकाबपोश बदमाश घर की पीछे की दीवार पर सीढ़ी लगाकर छत के रास्ते घर में घुस आए। पिंकी ने बताया कि बदमाशों ने घर में घुसते ही उन्हें और बच्चों को जगा दिया और सोने-चांदी के जेवरों के बारे में पूंछताछ करने लगे। जानकारी न देने पर बदमाशों ने उनसे और उनके बेटे के साथ मारपीट की। पीड़िता द्वारा बताया गया कि बदमाशों में से एक के हाथ में लोहे की रॉड और दूसरे के हाथ में कट्टा था जिसे बेटे की कनपटी पर लगाकर जान से मारने की धमकी दी गई। भयभीत होकर पीड़िता ने जेवरों की जानकारी दी जिसके बाद बदमाशों ने उन्हें कमरे में बंदकर के उनका मोबाइल अपने पास रख लिया करीब 20 से 25 लाख रुपए के जेवर और 20 हजार रुपए नकद चोरी कर लिए। घटना के दौरान बदमाश करीब 45 मिनट तक घर में रहे और सभी कमरों का सामान अस्त-व्यस्त कर दिया।

# लोडर की टक्कर से बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत

जगम्मनपुर ,जालौन समृद्धि न्यूज़।

तेज गति और लापरवाही से चल रही लोडर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश की लहर दौड़ गई, जबकि परिजनों में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना रामपुरा क्षेत्र के ग्राम जगम्मनपुर निवासी विकास (19 वर्ष) पुत्र नरेश सिंह उर्फ लालू चंदेल गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे रामपुरा से अपनी नीले रंग की स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल (यूपी 92 के 2199) से फूल लेकर अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही वह जगम्मनपुर मार्ग पर मई मोड़ के पास पहुंचा, सामने से आ रही तेज रफ्तार लोडर (यूपी 92 एटी 9383) ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि विकास के सिर में गंभीर चोट आई और पैर बुरी तरह जख्मी हो गए। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोग तुरंत मौके पर एकत्र हो गए। सूचना मिलते ही एंबुलेंस पहुंची और घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की असामयिक मृत्यु की सूचना मिलते ही गांव में मातम छा गया।



## कार्यालय ग्रा0पं0 गढ़िया हैवतपुर वि0ख0 शमशाबाद, फर्रुखाबाद

पत्रांक:मीमो/मनरेगा योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 — दिनांक 16/02/2026

### निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत गढ़िया हैवतपुर विकास खण्ड शमशाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों में सामग्री विवरण के अनुसार कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 17/02/2026 से दिनांक 22/02/2026 को अपरान्ह 04:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 22/02/2026 को अपरान्ह 5 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 17/02/2026 से दिनांक 22/02/2026 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 04 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | श्याम चरन के घर से प्रताप के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 3,99,230 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | शीशराम के घर से पूसेलाल के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 3,88,918 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | वेदराम के घर से इंटरलाकिंग तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 3,99,640 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4- | जूनियर स्कूल से अवधेश के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 3,99,787 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तें**- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (जगरुप) — ग्रा0पं0 गढ़िया हैवतपुर, वि0ख0 शमशाबाद — सचिव (मो0 जीशान)









# जिलाधिकारी ने कायमगंज कोतवाली व तहसील का किया निरीक्षण

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

- गंभीर प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई करने के दिये निर्देश
- तहसील निरीक्षण के दौरान रुटीन कार्यों की समीक्षा की

जिलाधिकारी डॉ. आशुतोष कुमार द्विवेदी ने गुरुवार को कोतवाली कायमगंज का निरीक्षण किया। क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी ने जिलाधिकारी की अगवानी की। इंस्पेक्टर मदन मोहन चतुर्वेदी ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों का संधारण, आगंतुक रजिस्टर, महिला हेल्प डेस्क, शस्त्रागार, मालखाना तथा बंदीगृह का गहन निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी ने थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का निस्तारण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने लंबित विवेचनाओं की प्रगति की जानकारी ली तथा गंभीर प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण करते हुए उन्होंने महिला संबंधित प्रकरणों में संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही सीसीटीएनएस प्रणाली, बीट पुलिसिंग एवं अपराध नियंत्रण की स्थिति की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने थाना परिसर में अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, साफ-सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ रखने तथा आमजन के साथ शिष्ट एवं उत्तरदायी व्यवहार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी राजेश द्विवेदी कायमगंज, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी, एसएसआई सुरजीत कुमार, कस्बा चौकी इन्चार्ज सोमवीर सहित संबंधित कर्मी मौजूद रहे। इसके बाद जिलाधिकारी ने तहसील परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने ऊपरी मंजिल स्थित आरके कार्यालय, संग्रह अमीन कक्ष और रजिस्ट्रार निर्वाचन कार्यालय का जायजा लिया।



कोतवाली का निरीक्षण करते जिलाधिकारी



तहसील निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों से जानकारी करते डीएम

एसडीएम कार्यालय में महत्वपूर्ण पंजिकाओं का अवलोकन करते हुए कार्यप्रणाली में सुधार के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रदेशव्यापी वार्षिक निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य रूटीन कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ इंफ्रास्ट्रक्चर की कमियों को दूर करना है। उन्होंने जोर दिया कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# पुलिस की चेतावनी बेअसर अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**



जाम में फंसे राहगीर

कस्बा नवाबगंज में प्रशासन की सख्ती का असर होता नहीं दिख रहा है। थाना प्रभारी राजीव कुमार द्वारा 9 फरवरी को लाउडस्पीकर से दी गई सख्त चेतावनी के बावजूद गुरुवार को भी मुख्य बाजार और चौराहे पर अतिक्रमण जस का तस बना रहा। आलम यह है कि दुकानदार अपनी दुकानों का सामान सड़कों तक फैलाए हुए हैं। जिससे कस्बे की यातायात व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। गुरुवार को थाने के समीप ही दुकानों के बाहर फैले अतिक्रमण के कारण भयंकर जाम लग गया। इस जाम में स्कूली बच्चे, महिलाएं और राहगीर घंटों फंसे रहे। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जब पुलिस की सार्वजनिक मुनादी का भी अतिक्रमणकारियों पर कोई खौफ नहीं है, तो अब केवल घोषणाओं से काम नहीं चलेगा। कस्बे के लोगों ने अब प्रशासन से ठोस दंडात्मक कार्रवाई और अवैध कब्जे हटाने की मांग की है ताकि आम जनता को इस रोज-रोज के नरक से निजात मिल सके।

## सुनील हत्याकांड का खुलासा, बेटा निकला पिता का कातिल



घटना का खुलासा करते एएसपी व पीछे आरोपी पुत्र

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने सुनील कुमार की हत्या का खुलासा करते हुए प्रकाश में आये हत्याभियुक्त बेटे को गिरफ्तार कर उसकी निशानदही पर आलाकत्ल डंडे को काली नदी के पास से बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार थाना जहानगंज के गांव बेहटा निवासी सुनील राजपूत (50) पुत्र हेतराम बीती 13 फरवरी को सुबह करीब 6 बजे अपने घर से आलू खोदने के लिए खेत पर गये थे। जब काफी देर तक वह घर वापस नहीं लौटे, तो उनके छोटे भाई अनिल कुमार उन्हें देखने खेत पर गये थे। जहां सुनील राजपूत का शव खून से लथपथ हालत में जमीन पर पड़ा था। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की थी। पुत्र अमन कुमार ने पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने थाना हाजा पर मु0अ0सं0 19/2026 धारा 103(1) बी.एन.एस. बनाम अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी थी। विवेचना के क्रम में साक्ष्य संकलन के आधार पर ज्ञात हुआ कि वादी मुकदमा अमन उपरोक्त के द्वारा ही अपने पिता सुनील कुमार उर्फ नेक्से की हत्या किया जाना प्रकाश में आया। मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अमन कुमार उपरोक्त को गिरफ्तार कर अभियुक्त की निशानदेही पर आलाकत्ल (एक डण्डा) काली नदी के किनारे जंगल से बरामद कर लिया।

# सी.पी. विद्या निकेतन में प्रमाण-पत्र वितरण समारोह का हुआ आयोजन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**





विजेता आये बच्चों के साथ मिथलेश अग्रवाल व शिक्षकगण

सी.पी. विद्या निकेतन में नर्सरी विंग के बच्चों की उपलब्धियों को सम्मानित करने हेतु प्रमाण-पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ावा देना तथा उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ। इसके पश्चात नन्हें बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन मोह लिया। इतनी शक्ति देना दाता मेरे चेहरे मुस्कान बने तथा आई एम स्ट्रांग जैसे प्रेरणादायक गीतों पर बच्चों ने आकर्षक प्रस्तुतियाँ देकर सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। इसके अलावा छात्र राघव ने समाचार वाचन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। आयुष और आराध्या ने भी गीत की अपनी मधुर प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। सम्मान और प्रोत्साहन के अवसर पर प्ले ग्रुप के बच्चों ने रंग-रूप, संख्या पहचान, रंग पहचान तथा क्राफ्ट प्रदर्शन के माध्यम से अपनी रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में सी0पी0 ग्रुप ऑफस्कूल्ज की निदेशिका डॉ0 मिथलेश अग्रवाल के साथ मुख्य अतिथि महेंद्र राजपूत एवं सुशील राजपूत उपस्थित रहे। मिथलेश अग्रवाल ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास तभी संभव है जब शिक्षक और अभिभावक मिलकर उनका मार्गदर्शन कर पढ़ाई के लिए प्रेरित करें। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के जीवन में सकारात्मक वातावरण बनाए रखने तथा उनकी प्रतिभा को पहचानकर आगे बढ़ाने का आह्वान किया। इस अवसर पर सभी बच्चों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक से सम्मानित कर प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। प्रधानाचार्य आरके बाजपेई ने बच्चों के उत्साह बढ़ाने के लिए उनकी उपलब्धियों हेतु बधाई देकर उनका आत्मविश्वास बढ़ाया। जिसमें उन्होंने उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उप प्रधानाचार्य दीपक कुमार जैना ने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी अतिथियों, अभिभावकों, बच्चों और शिक्षकों का हृदय से आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन हिवा, प्रीति अग्रवाल एवं अन्य शिक्षकों के सहयोग से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर रिचा सक्सेना, रेनू अरोड़ा, सीमा अरोड़ा, सुनीता, रंजना, प्रभा, अंजली, वंदना, सोनू, रितिक, राहुल, मोहित के अलावा अन्य सभी शिक्षक व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## जनसेवा संचालक की पत्नी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनसेवा केंद्र संचालक की पत्नी ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।



मृतका का फाइल फोटो

पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुट गयी है। फतेहगढ़ कोतवाली के गांव हुसैनपुर नौखण्डा निवासी 23 वर्षीय सुनैना पति मोनू ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगा ली। सूचना मिलते ही जनसेवा केंद्र से पति मोनू घर पर पहुंचा। फांसी के फंदे से उतरकर जिला अस्पताल लोहिया की इमरजेंसी में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अभय श्रीवास्तव ने महिला सुनैना को मृत घोषित कर शव मोर्चरी में रखवाकर पोस्टमार्टम के लिए पुलिस सूचना भेज दी। मृतका के पति मोनू ने बुधवार रात को बताया कि मेरे दो मकान हैं। एक मकान हुसैनपुर नौखण्डा में है तथा दूसरा मकान बालीपुर में है। वह पत्नी सुनैना के साथ बलीपुर वाले मकान में रहते थे। हम जन सेवा केंद्र चलाते हैं। जब पत्नी ने फांसी लगायी, तब हम जनसेवा केंद्र पर थे। सूचना मिलते ही घर पर पहुंचे थे तथा फांसी के फंदे से पत्नी को उतारकर जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। तत्काल सुनैना के पिता विक्रम को फोन पर सूचना दी और पुलिस को भी सूचना दी। सूचना मिलते ही दरोगा प्रमोद कुमार जिला अस्पताल लोहिया पहुँचे। मोनू से पूछताछ की। मोनू ने बताया। 2018 में पहली शादी हुई थी। पहली पत्नी आरती की बीमारी से मौत हो गई थी। दूसरी शादी 22 अप्रैल 2024 में कन्नौज स्थित जसोदा भट्टा से विक्रम की बेटी सुनैना से शादी हुई थी।

# हाईस्कूल कम्प्यूटर की परीक्षा में 6 तथा सिलाई की परीक्षा में एक परीक्षार्थी रहा अनुपस्थित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में बोर्ड परीक्षा के दूसरे दिन प्रथम पाली में हाईस्कूल सिलाई व कम्प्यूटर की परीक्षा सम्पन्न हुई। कम्प्यूटर में पंजीकृत 378 परीक्षार्थियों में से 372 ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 6 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं सिलाई में पंजीकृत 30 परीक्षार्थियों में 29 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि एक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहा। वहीं द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट की ट्रेड तथा सिलाई में 314 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें से 304 ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 10 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार नागरिकशास्त्र की परीक्षा में कुल पंजीकृत 2251 परीक्षार्थियों में 2155 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 96 परीक्षार्थियों ने परीक्षा से किनारा कर लिया। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन भी सभी परीक्षा केंद्रों पर मुस्तैद रहा। सभी परीक्षाएं सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। जिसकी मॉनिटरिंग डीआईओएस कार्यालय में बने कंट्रोल रूम से की जा रही है। वही केंद्रों पर सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी तैनात रहे। इसके अलाला पुलिस बल भी तैनात रहा।



परीक्षार्थियों की तलाशी लेते कक्ष निरीक्षक

# छोटा हाथी की टक्कर से बाइक सवार होमगार्ड घायल

- आसपास के लोगों ने छोटा हाथी पकड़कर पुलिस को किया सुपुर्द

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

तहसील क्षेत्र के गाँव हकीकतपुर निवासी प्रेमचन्द्र यादव उम्र 55 वर्षीय पुत्र नरेन्द्र सिंह होमगार्ड हैं। वह कोतवाली कायमगंज में तामीला की डियुटी कर रहे थे। आज वह बाइक द्वारा तामीला कराने चिलाँका की ओर आ रहे थे। चिलॉका मोड़ के पास पहुँचते ही सामने से आ रहे छोटा हाथी ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार होम गार्ड घायल हो गया। आसपास के लोगों ने छोटा हाथी पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। घायल होमगार्ड प्रेमपाल को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया। जहां उसका उपचार जारी है।



सीएचसी में भर्ती होमगार्ड

# एक्पोजर विजिट में बच्चों को आईटीआई तथा पॉलिटेक्निक का कराया गया भ्रमण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय आविष्कार कार्यक्रम के अंतर्गत एक्स्पोज़र बिजिट के तहत बच्चों को फर्रुखाबाद स्थित आईटीआई तथा पॉलिटेक्निक का भ्रमण कराया गया। नवाबगंज विकास खंड कार्यालय स्थित खंड शिक्षा कार्यालय पर प्रखंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा ने आज शासनादेश के अनुसार राष्ट्रीय आविष्कार कार्यक्रम पर नन्हें सितारों का एक्स्पोज़र बिजिट कराया। जिसमें शिक्षक कर्मचारियों के साथ कई विद्यालयों के उत्तीर्ण बच्चों को फर्रुखाबाद आईटीआई तथा पॉलिटेक्निक में बच्चों को घूमने का अवसर मिला। इस दौरान बच्चों को ज्ञानवर्धक जानकारियां दी गयीं। बाद में शिक्षक प्रशांत कटियार के आवास पर सभी छात्र-छात्राओं को जलपान कराया गया। वहीं भोलेपुर में बने पॉलिटेक्निक कॉलेज का भी बच्चों को भ्रमण कराया गया। जिससे छात्र-छात्राओं का उत्साह देखने लायक था। इस मौके प्रखंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा, शिक्षक पंकज यादव, प्रशांत कटियार, देवेंद्र कुमार, ममता वर्मा, कविता शाक्य, अतुल कुमार, शिवम कुमार, खंड शिक्षा कार्यालय के लेखाकार सनोज कुमार सहित तमाम शिक्षक शिक्षक टूर में साथ रहे।





एक्पोजर विजिट के दौरान मौजूद बच्चे व शिक्षकगण

# प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के पांचवें दिन निकली भव्य शोभायात्रा

**नवाबगंज/शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नवाबगंज क्षेत्र स्थित गुसरापुर रामनगर के शिव शक्ति धाम में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के पांचवें दिन भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने उत्साह के साथ भाग लिया। महोत्सव की शुरुआत काशी विश्वविद्यालय के आचार्य डॉ. मनोज बाजपेई के मार्गदर्शन में मंत्रोच्चार और विशेष पूजन से हुई। शोभायात्रा शिवशक्ति धाम से प्रारंभ होकर गुसरापुर, रामनगर और शुकुरुलापुर से होते हुए पांच मंदिरों तक पहुंची। गाजे-बाजे और भक्ति गीतों के साथ निकली इस यात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर था। पूरा मार्ग हर-हर महादेव और जय श्री राम के जयघोष से गूंज उठा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय भक्तों और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रधान रामजी अवस्थी और अमन अवस्थी जैसे स्थानीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे। आयोजन समिति एवं प्रमुख सहयोगियों में रविकेश मिश्रा, अमन शुक्ला, सर्वेश शुक्ला आचार्य, कमल भारद्वाज, अभिषेक बाजपेई और आदित्य मिश्रा शामिल थे। सहयोगी सदस्यों में पवन अवस्थी, अखिलेश अवस्थी, शिवम अवस्थी, प्रसून अवस्थी, सुधीर, रमाकांत कश्यप, राधेश्याम, दिलीप, सुमित शाक्य, महावीर शाक्य और राजू श्रीवास्तव ने योगदान दिया।



शोभायात्रा में शामिल भक्तगण

# सीडीओ और डीडीओ ने सचिवों की बैठक लेकर योजनाओं की जानी हकीकत

- ब्लॉक मिशन मैनेजर अनुज शुक्ला, संजीव कुमार, ममता पाल को लगायी फटकार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

ब्लॉक में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और कर्मचारियों के कामकाज की समीक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सीडीओ विनोद कुमार और डीडीओ श्याम कुमार तिवारी ने सभी सचिवों से जानकारी ली और काम में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

बैठक में ई-केवाईसी और फैमिली आईडी के कार्यों को प्राथमिकता पर पूरा करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि फैमिली आईडी में परिवार के सभी सदस्यों का विवरण दर्ज होना चाहिए। काम में कोताही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने सभी कर्मचारियों को शासन की प्रमुख प्राथमिकताओं जैसे फार्मर रजिस्ट्री, क्रॉप सर्वे, फैमिली आईडी और ई-केवाईसी के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। इन योजनाओं का समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। ब्लॉक परिसर की साफ-सफाई संतोषजनक पाई गई, लेकिन अभिलेखों के रखरखाव में कुछ कमियां सामने आई। इन कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त कुछ परिवारों के नाम सर्विस रजिस्टर में दर्ज नहीं थे। सीडीओ ने इन त्रुटियों को तुरंत ठीक करने और सभी आवश्यक दस्तावेजों को अद्यतन करने के आदेश दिए। वहीं ब्लॉक मिशन मैनेजर अनुज शुक्ला, संजीव कुमार, ममता पाल के भी कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान तीनों कर्मचारियों के कार्यों में शिथिलता पाई गई। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी सभी को खरी खोटी सुनाई और कहा कि महिला होते हुए भी महिला समूह नहीं बन पा रहे हैं। यह एक विकास खंड के लिए दुर्भाग्य की बात है ऐसा न करने पर तीनों कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान, एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, एडीओ ग्राम्य विकास विभाग सुखदेव कुमार, एडीओ एग्रीकल्चर रविंद्र सिंह, ग्राम पंचायत सचिव बृजेश कुमार, मोतीलाल यादव, सुनील कुमार गौतम, प्रवीण कुमार, कुलदीप राजपूत, कामता प्रसाद पटेल, वेद प्रकाश, लिपिक राज भारती, एपीओ मनोरेगा गौरव दिवाकर, विनीत कुमार, तकनीकी सहायक सुशील कुमार, मनोज कुमार, विनय कुमार, नियोजन विभाग से इंदल बाबू, आकांक्षा सक्सेना, अकाउंटेंट प्रवीण गौतम, वरिष्ठ लिपिक आलोक दीक्षित और कनिष्ठ लिपिक राज भारती सहित सभी संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके बाद अधिकारी विकासखंड क्षेत्र की ही ग्राम पंचायत कुरार का निरीक्षण कर जमीनी हकीकत जानने के लिए अधिकारी ग्राम पंचायत में रवाना हो गए।





बैठक लेते सीडीओ व डीडीओ

# एफ.एस.डी.ए. ने प्रतिष्ठानों पर छापा मारकर नमूने किये संग्रहित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

- 132 किलोग्राम रंगीन कचरी सीज, 5 को सुधार नोटिस किये गये जारी

आगामी होली पर्व के दृष्टिगत एफ.एस.डी.ए. द्वारा छापामार कार्यवाही कर जांच हेतु नमूने संग्रह किये गये। वहीं 132 किलोग्राम रंगीन कचरी सीज की तथा 05 को सुधार नोटिस जारी किये गये।

आगामी होली पर्व के अवसर पर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम हेतु एवं खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से दिनांक 19.02.2026 को सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय अजीत कुमार के निर्देशन एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय प्रधान के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवदास सिंह, संजय कुमार सिंह व बृज मोहन गुप्ता द्वारा शमसाबाद स्थित खाद्य प्रतिष्ठान खाद्य कारोबारकर्ता सुनील पुत्र गंगाराम से खाद्य पदार्थ रंगीन कचरी का एक नमूना संकलित किया गया तथा नमूना संग्रह के उपरान्त शेष बची कुल 70 किलोग्राम रंगीन कचरी जिसका अनुमानित मूल्य रूपया 3500 हैं, को नियमानुसार सीज किया गया। चिलसरा स्थित खाद्य कारोबारकर्ता राशिद खां पुत्र इकबाल अहमद से खाद्य पदार्थ रंगीन कचरी का एक नमूना संकलित किया गया तथा नमूना संग्रह के उपरान्त शेष बची कुल 20 किलोग्राम रंगीन कचरी जिसका अनुमानित मूल्य रूपया 1000 हैं, को नियमानुसार सीज किया गया। चिलसरा के खाद्य कारोबारकर्ता रंजीत पुत्र उमेश सिंह से खाद्य पदार्थ रंगीन कचरी का एक नमूना संकलित किया गया तथा नमूना संग्रह के उपरान्त शेष बची कुल 20 किलोग्राम रंगीन कचरी जिसका अनुमानित मूल्य रूपया 1000 हैं, को नियमानुसार सीज किया गया। शमसाबाद स्थित खाद्य कारोबारकर्ता सनी भारद्वाज पुत्र गोपाल से खाद्य पदार्थ रंगीन कचरी का एक नमूना संकलित किया गया तथा नमूना संग्रह के उपरान्त शेष बची कुल 22 किलोग्राम रंगीन कचरी जिसका अनुमानित मूल्य रूपया 1100, को नियमानुसार सीज किया गया तथा खाद्य कारोबारकर्ता जिन्हें सुधार करने हेतु अवसर दिया गया। नलकूप कालोनी भोलेपुर स्थित खाद्य कारोबारकर्ता.ओमप्रकाश अग्रवाल पुत्र प्यारेलाल अग्रवाल को खाद्य प्रतिष्ठान में असंतोषजनक साफ-सफाई, लाइसेन्स प्रदर्शित न होने तथा कार्यरत कार्मिकों के स्वास्थ्य प्रमाण न होने आदि कारणों से सुधार नोटिस निर्गत किया गया। भोलेपुर स्थित खाद्य प्रतिष्ठान लक्ष्मी स्वीट खाद्य कारोबारकर्ता.अंकित पुत्र राकेश कुमार को खाद्य प्रतिष्ठान में असंतोषजनक साफ-सफाई आदि कारणों से सुधार नोटिस निर्गत किया गया। भोलेपुर स्थित खाद्य प्रतिष्ठान जय माता दी स्वीट्स खाद्य कारोबारकर्ता अनुराग प्रजापतिद्ध को खाद्य प्रतिष्ठान में असंतोषजनक साफ-सफाई, लाइसेन्स प्रदर्शित न होने तथा कार्यरत कार्मिकों के स्वास्थ्य प्रमाण न होने, डस्टबीन खुला होने आदि कारणों से सुधार नोटिस निर्गत किया गया। चिलसरा स्थिथ खाद्य कारोबारकर्ता रंजीत पुत्र उमेश सिंह को खाद्य प्रतिष्ठान में असंतोषजनक साफ-सफाई, खाद्य एवं अखाद्य खाद्य पदार्थो का एक साथ भण्डारण आदि कारणों से सुधार नोटिस निर्गत किया गया। शमसाबाद स्थित खाद्य कारोबारकर्ता सनीभारद्वाज पुत्र गोपाल को खाद्य प्रतिष्ठान में असंतोषजनक साफ-सफाई, खाद्य पदार्थ सीधे जमीन पर भण्डारित थे, आदि कारणों से सुधार नोटिस निर्गत किया गया।



रंगीन कचरी को सीज करती टीम

# दो बाइकों की भिड़ंत में दो घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के बरतल रोड पर कलावती मंदिर के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव नगला नगरिया नगला दमू निवासी अभिषेक अपने दादा की तेरहवीं के कार्ड बांटने के लिए थाना कादरीगेट के गांव चौकिया गए थे। दावत बांटकर वह बाइक से घर वापस लौट रहे थे। वहीं दूसरी ओर नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव बबना निवासी अकरम अपने साथी अरमान और शाहिद के साथ कायमगंज में एक बैकरी से काम करके घर वापस आ रहे थे। इसी दौरान नवाबगंज-कायमगंज मार्ग पर कलावती मंदिर के पास दोनों बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। दोनों बाइक सवारों ने हेलमेट नहीं पहने थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सभी लोग उछलकर दूर जा गिरे जिससे अभिषेक और अकरम गंभीर रूप से घायल हो गए। घटनास्थल पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही एंबुलेंस के चालक मौके पर पहुंचे और घायलों को नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

# प्रदेश महामंत्री ने सुनीं व्यापारियों की समस्यायें

**संगठन में काम करने वाला सर्वोपरि राजेन्द्र गुप्ता**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उद्योग व्यापार मण्डल मिश्रा गुट के प्रदेश महामंत्री व व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य राजेन्द्र गुप्ता का जनपद आगमन पर जोरदार स्वागत हुआ। नेहरु रोड स्थित अनुपम रस्तोगी के प्रतिष्ठान के बाहर व्यापारियों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। संगठन की समीक्षा बैठक में उन्होंने व्यापारियों की समस्यायें सुनी और एकजुटता पर बल दिया। पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा राजेन्द्र गुप्ता ने कहा कि हम व्यापारी है हमारा काम है व्यापारियों की समस्याओं का निदान कराना मेरा उद्देश्य है। व्यापारियों के ऊपर जो कानून बना है उसका सरलीकरण कराना है। अगर कोई व्यापारी कारोबार नहीं करता है संगठन से जुड़ा है तो ऐसे लोगों को भी स्थान मिलना चाहिए। आज मेरे आने का उद्देश्य है कि सारी समस्याओं को दुरुस्त करना है और करके जाऊंगा। संगठन में काम करने वालो का ओदा बढ़ाया जायेगा, जो काम नहीं करता है उसका ओदा कम किया जायेगा, जरुरत पड़ी तो निकाला भी जायेगा। आज के बाद आरोप-प्रत्यारोप समाप्त होगा। उन्होंने कहा कि मण्डी समिति के टैक्स को कम किया जाये। एक प्रतिशत मण्डी शुल्क और कम किया जाये। मण्डी की दुकान जो किराये के आधार पर दी गई



व्यापारियों को सम्बोधित करते प्रदेश महामंत्री

है उन्हें फ्री होल्ड कर दिया जाये। जीएसटी का सरलीकरण का सरकार के सामने प्रस्ताव रखा। 34 एवरमेंट में से 24 एवरमेंट वापस कराये है। जीएसटी संबंधित बाते बोर्ड की बैठक में उठायेंगे। आन लाइन व्यापार से व्यापारी प्रभावित है नुकसान हो रहा है। कोरोना काल में ऑन लाइन की प्रथा को बढ़ावा मिला था। सरकार से मांग है कि ऑन लाइन 2 हजार से नीचे की खरीददारी पर प्रतिबंध लगाये जाये। इसके लिए रेगुलेटरी एक्ट बनवाने के लिए शासन से मांग की है। अंकुर श्रीवास्तव के प्रकरण की भी जानकारी ली। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला, महिला जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला, जिला महामंत्री नरेश पालीवाल, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अनिल कनौजिया लालू, राजकुमार गौतम राजू, अरविन्द गुप्ता, सुभाष चन्द्र गुप्ता, युनूस अंसारी, नवनीत मिश्रा, विशाल छावड़ा, दीपक मिश्रा, महेन्द्र, प्रशांत, पीयूष दुबे, विजय मिश्रा, मनोज, सचिन अग्रवाल, सौरव शुक्ला, अनुपम रस्तोगी, राकेश सक्सेना, अंकुर श्रीवास्तव, अमित मिश्रा, संजय रस्तोगी, सुनील वैर्ष्णेय, बृजेश दुबे, डॉ. अरुण अग्निहोत्री, सुंदर गुप्ता, सुनील गांधी, हेमलता मिश्रा, प्रतिभा सिंह, सीता भदौरिया, नेहा मिश्रा, मनोज हलवाई, रामजी पाठक आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# आवास विकास कालोनी में बन्दरों का आतंक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नगर की पॉश कॉलोनी आवास विकास में बन्दरों का आतंक बढ़ जाने से बच्चे पार्क में खेल नहीं पा रहे हैं। कई बच्चों और महिलाओं को बन्दर काट भी चुके हैं। कालोनी के निवासी अपने मकान की छतों पर कपड़े तक नहीं सुखा पा रहे हैं।

होली के त्योहार के अवसर पर पापड़ और मुगौड़ी आदि नहीं बना पा रहे हैं। बन्दर लोगों को दौड़ा लेते हैं। किसी भी दिन कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है। नगर पालिका परिषद् इस सन्दर्भ में कोई कदम नहीं उठा रही है। नगर वासियों ने इस सन्दर्भ में कई बार नगर पालिका परिषद् के चेयरमैन और अधिशासी अधिकारी




एसके त्रिपाठी

को अवगत भी कराया, परन्तु अभी तक इस पर कोई कार्यवाही नहीं की गयी है। कालोनी के सेक्टर 5 अन्ना हजारे पार्क के निवासी बन्दरों के आतंक से परेशान हैं। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ0 सुनील कुमार त्रिपाठी ने कहा कि नगर पालिका परिषद् के द्वारा बन्दरों शीघ्रातिशीघ्र पकड़वाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर बन्दरों के आतंक से मुक्ति के लिए जनहित में उचित कार्यवाही हेतु निवेदन करेंगे।

# ओवरलोड माल ढोने के अभियोग में 2 ट्रक सीज

**रिफ्लेक्टिव टेप लगा न पाए जाने पर 3 वाहन सीज**



पकड़े गये ट्रक की जानकारी देते परिवहन अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी के निर्देशन में एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने सघन चेकिंग अभियान चलाया।

चेकिंग के दौरान दो ट्रक ओवरलोड पाए गए तथा उनमें से एक ट्रक पर परिवहन विभाग का 15000 टैक्स भी बकाया था। दोनों ट्रकों को सीज कर उन पर 73000 का जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त 3 ट्रकों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिवेटिव नहीं लगा था, उन्हें भी सीज कर दिया गया तथा 31000 का जुर्माना लगाया गया। रिक्लेक्टिव टेप न लगा होना दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण है क्योंकि इसमें वाहन को आगे जाने वाले वाहन को देखने में अत्यंत कठिनाई का सामना करना पड़ता है। कार्यवाही में परिणाम विभाग द्वारा कुल 104000 का जुर्माना लगाया गया है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# रमजान आते ही फलों के बढ़े दाम



जानकारी देता फल विक्रेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** माहे रमजान शुरु होते ही फलों के दाम बढ़ने लगे है। रोजेदारों ने पहला रोजा रखकर खुदा की इबादत की और शाम को नमाज के बाद रोजा खोला। रोजा खोलने में खजूर का महत्व है। अन्य फलों के साथ रोजा खोला जाता है। शहर में गुरुवार को फलों की दुकान पर बिक्री ठीकठाक रही। केला 60 रुपये दर्जन, सेब 140 रुपये किलो, पपीता 50 रुपये किलो, अंगूर 120 रुपये किलो, अनार 150 रुपये किलो इसके अलावा खजूर 100 रुपये पैकेट व 200 रुपये पैकेट बिके। दुकानदार ने बताया कि रोजे का पहला दिन है। बिक्री ठीक-ठाक है। सभी फलों पर 10 से 20 रुपये प्रति किलो दाम बढ़ गये है। ऐसे में रोजेदारों के लिए फल लेना जरुरी है। जहां एक किलो फल खरीदने वाला व्यक्ति अब आधा किलो फल खरीद रहा है। इफ्तार खुलने के समय फलों के अलावा अन्य सामग्री की भी बिक्री हो रही है।

# जूनियर हाईस्कूल पू.मा.शि. संघ टीईटी अनिवार्यता को लेकर करेगा विरोध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक महामंत्री डॉ0 वीरेंद्र त्रिवेदी के आवास पर संपन्न हुई। प्रमुख रूप से शिक्षक समस्याओं के साथ-साथ प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर टीईटी अनिवार्यता को लेकर 22 फरवरी को 2 बजे से 4 बजे तक ट्विटर पर अभियान संचालित किया जाएगा। 23 फरवरी से 25 फरवरी तक विरोध स्वरूप सभी शिक्षक काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करेंगे। 26 फरवरी को अपराह्न 1 से 4 बजे तक संबंधित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय पर धरना देकर बीएसए कार्यालय से जिलाधिकारी कार्यालय



बैठक में मौजूद शिक्षक

तक पैदल मार्च करते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा जायेगा। मार्च के तीसरे सप्ताह में नई दिल्ली के रामलीला मैदान में महा रैली कर भारत सरकार को ज्ञापन दिया जाएगा। जिसमें सभी शिक्षक साथियों से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की गई। प्राथमिक शिक्षक संघ एवं पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ एवं उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ संयुक्त रूप से एक मंच पर आ गये है, इसलिए किसी शिक्षक को घबराने की जरूरत नहीं है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अभिनेश मिश्रा, डॉ0 वीरेंद्र त्रिवेदी, देवेश यादव, शिव प्रताप सिंह, जगदीश नारायण अवस्थी, राजीव यादव, संदीप शुक्ला, अनुराग कुशवाहा, पवन गुप्ता, विनोद पाठक, डॉ. रामप्रताप सिंह परमार आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षकों ने टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन



विरोध प्रदर्शन करते शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक कायमगंज बीआरसी में जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन ब्लाक अध्यक्ष निर्देश गंगवार ने किया। प्रांतीय नेतृत्व के आवाह्न पर आंदोलन को गति प्रदान करने के लिए शिक्षकों ने सहभागिता की। बैठक में विस्तार से टीईटी अनिवार्यता का विरोध किया गया। इस मौके पर अश्विनी चतुर्वेदी, उदय यादव, मुकेश राजपूत, रहबर हुसैन, प्रबल प्रताप सिंह, राजकुमार, मुन्नी यादव, रुचि गंगवार, रेनू, प्रियंका, हेमलता, अर्चना, कल्पना, अश्विनी यादव, राजवीर, अवधेश शाक्य, अमीर सिंह, पवन कुमार सहित कई शिक्षक उपस्थित रहे।

# बाल विवाह करने व कराने वाले दोनों पर होगी दो वर्ष की सजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मिशन वात्सल्य योजना के अन्तर्गत ब्लाक कमालगंज के सभागार में बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शील चन्द्र राजपूत, जिला प्रोबेशन अधिकारी/खंड विकास अधिकारी अनिल चन्द्र की अध्यक्षता में मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत गठित ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन हुआ। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि शील चन्द्र राजपूत ने कहा कि हम सभी को यशोदा माता की तरह बच्चों के संरक्षण और कल्याण का कार्य मिल जुलकर करना चाहिए। समाज का कोई भी शोषित, उपेक्षित और देखरेख की आवश्यकता वाला बच्चा हमारी प्राथमिकता में होना चाहिए। बाल श्रम





बैठक में मौजूद अधिकारी

और बाल विवाह न होने पाए, इसके लिए लोगों को जागरूक करें। प्रमुख प्रतिनिधि ने 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत शपथ भी दिलाई।

जिला प्रोबेशन अधिकारी/खंड विकास अधिकारी अनिल चन्द्र ने कहा कि ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति का उद्देश्य है कि हम सभी मिलकर बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण, देखरेख और भागीदारी के साथ साथ बाल भिक्षावृत्ति, ट्रैफिकिंग, बाल विवाह, बाल श्रम, यौन शोषण आदि से बच्चों का संरक्षण करें। हमें प्रत्येक बच्चे का स्कूल में दाखिला कराना है। उन्होंने बताया कि आज के समय में बच्चों के द्वारा मोबाइल का अधिक मात्रा में प्रयोग किया जा रहा है, जिससे उन्हें कई बीमारियां एवं समस्याएं होती है। बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह ने बाल विवाह रोकने हेतु अभियान चलाए जाने को अपील की और बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह करने पर 1 लाख रुपए का जुर्माना एवं 2 वर्ष तक सजा का प्राविधान है। उन्होंने गुड टच-बैड टच के बारे में भी जानकारी दी एवं कहा कि सभी बच्चों का विद्यालय में पंजीकरण अवश्य कराएं। निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा के अंतर्गत बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है तथा माता पिता के बैंक खाते में 1200 रूपये जूते मोजे, यूनिफॉर्म आदि के प्रेषित किए जाते हैं। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुधाकर माथुर, बाल विकास परियोजना अधिकारी संगीता शुक्ला, सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण प्रवीण कुमार, परामर्शदाता प्रवीन गुप्ता, रूबी सिंह, ज्योति शर्मा, आशीष शुक्ला आदि मौजूद रहे।



डीएम को सम्मानित करते प्रबंधक

# एपी पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** एपी पब्लिक स्कूल कपिल रोड कायमगंज में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। बच्चों ने प्रदर्शनी के स्टाल लगाये। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व विशिष्ठ अतिथि उपजिलाधिकारी कायमगंज अतुल कुमार एवं सीओ राजेश द्विवेदी व प्रभारी निरीक्षक कायमगंज मदन मोहन चतुर्वेदी, कस्बा चौकी इंचार्ज सोमवीर रहे। एपी पब्लिक स्कूल में प्रबंधक एवं डायरेक्टर अशोक कुमार रस्तोगी एवं प्रदीप रस्तोगी ने जिलाधिकारी को स्मृति चिन्ह भेंटकर व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में व्यापारी प्रदीप कुमार रस्तोगी व जिलाध्यक्ष आदेश अग्निहोत्री, वीरेन्द्र राठौर को भी सम्मानित किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस मौके पर नीरज राठौर, ऋषभ पालीवाल, भाजपा नेत्री रश्मि दुबे, अशोक कुमार रस्तोगी के अलावा विद्यालय के शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

# आवारा जानवरों से फसल बचाने के लिए तारबंदी योजना शुरु कराने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आलू विकास एवं विपणन सहकारी संघ के निदेशक अशोक कटियार ने तारबंदी योजना शुरु कराने को लेकर मुख्यमंत्री ज्ञापन भेजा था। ज्ञापन में मांग की गई थी कि आवारा व जंगली जानवर के कारण किसानों की फसल में भारी नुकसान होता है। आवारा गौवंश से संरक्षण व फसलों के नुकसान को देखते हुए प्रदेश में गौशालायें भी स्थापित की गई है, लेकिन फसलों के नुकसान को रोकने हेतु समुचित प्रभावी नहीं है। सक्षम किसान तो तारबंदी कर लेते है, लेकिन छोटे व मझोले किसान आर्थिक समस्या के कारण तारबंदी नहीं कर पाते। ऐसे में तारबंदी योजना शुरु करायी जाये। जिससे किसानों को काफी लाभ होगा और उनकी फसल में काफी वृद्धि होगी। इस संबंध में प्रमुख सचिव कृषि को भी अवगत करा दिया गया है।

# डीएम ने नगर पंचायत कार्यालय कम्पिल का किया निरीक्षण

**जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा, दिये आवश्यक निर्देश**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने कंपिल नगर पंचायत कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय अभिलेखों के रख-रखाव, कर वसूली की स्थिति, जन्मदृमृत्यु पंजीकरण, निर्माण कार्यो की प्रगति, स्वच्छता व्यवस्था, 15वें वित्त तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। डीएम ने कार्यालय में संचालित जनसुनवाई व्यवस्था का अवलोकन करते हुए निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कर वसूली की प्रगति की समीक्षा करते हुए



निरीक्षण करते जिलाधिकारी

लक्ष्य के सापेक्ष वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए तथा लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करने को कहा। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने, अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखने तथा कार्यालय परिसर में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुँचना चाहिए, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। डीएम ने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# शिवाजी की जयंती पर हुआ भाषण व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**शिवाजी महाराज केवल एक महान योद्धा ही नहीं, बल्कि आदर्श प्रशासक और जनहित शासक भी थेः आचार्य प्रदीप सिंह**



कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार को सरस्वती विद्या मंदिर में शिवाजी महाराज की जयंती उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य वीरेश परमार, प्रदीप अवस्थी ने उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुर्षाचन के साथ किया। विद्यार्थियों ने शिवाजी के प्रति वीरता, राष्ट्रभक्ति और आदर्श शासन व्यवस्था पर अपने विचार प्रस्तुत किया। आचार्य प्रदीप सिंह ने बताया कि शिवाजी महाराज ने कम आयु में ही स्वराज की स्थापना का संकल्प लिया और विपरीत परिस्थितियों में भी साहस बुद्धिमान और राजनीति से अनेक विजय प्राप्त की। उनके जीवन से हमें अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाना और राष्ट्रीय चेतना जागृति करने की प्रेरणा देता है। देशभक्ति गीत भाषण प्रतियोगिता एवं निम्नलिखित निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। आचार्य ने कहा कि शिवाजी महाराज केवल एक महान योद्धा ही नहीं, बल्कि आदर्श प्रशासक और जनहित शासक भी थे, उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# रमजान में मुसलमानों को रोजा गुनाहों से बचाता है



मौलाना सदाकत हुसैन सैथली



सैय्यद आफताब हुसैन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मुसलमानों का पवित्र महीना रमजान है। मुसलमानों के लिए रमजान का महीना इबादतों भरा होता है। इस माह रोजेदार पूरे महीने रोजा रखकर अल्लाह की इबादत करता है। मौलाना सदाकत हुसैन सैथली ने बताया कि लोग अल्लाह की इबादत करें, ऐसे में कोताही न बरतें, अल्लाह उन्हें रहमत देगा। रमजान में गरीब लोगों की मदद करें, जिससे दस गुना सबाब मिलता है। सैय्यद आफताब हुसैन ने बताया रमजान मुसलमानों को गुनाहों से बचाता है। इसलिए हर मुसलमान रोजा रखे, तरावीह का एहतमाम करें। रोजे में जिक्र तिलावत करते हैं। मगर उनके गुनाहों का दरवाजा भी खुला हुआ है। ऐसे टीवी, सीडी, आंखों से बदनिगाही रोजे के हालात में किसी की चुगुलखोरी आदि रोजा खराब करता है। इसलिए ऐसी चीजों से परहेज करें।

# सरदार पटेल युवा वाहिनी ने मनायी छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पराक्रम, शौर्य, स्वाभिमान तथा धर्म और न्याय के आदर्शों को जीवन में आत्मसात कर हिंदवी स्वराज की स्थापना करने वाले महानायक छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर सरदार पटेल युवा वाहिनी के तत्वाधान में नेकपुर स्थित शिवाजी संस्थान पर स्थापित प्रतिमा पर संगठन के द्वारा माल्यार्पण एवं भव्य पुष्प वर्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

वरिष्ठ संरक्षक हर्षवर्धन कटियार ने शिवाजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदवी स्वराज के उनके संकल्प ने जन-जन में स्वाभिमान और स्वतंत्रता की चेतना जगाई। विपरीत परिस्थितियों में भी अदम्य साहस, संगठन शक्ति की अटूट सुद्रण नींव रखी और सुशासन का आदर्श प्रस्तुत किया। शिवाजी का भारतीय संस्कृति, अस्मिता और लोक कल्याण की रक्षा हेतु संघर्ष प्रेरणास्रोत है।

वह केवल पराक्रम के प्रतीक ही नहीं, बल्कि राष्ट्र चेतना और जनकल्याण के दूरदर्शी राष्ट्रनिर्माता के रूप में सदैव अमर रहेंगे। इस अवसर पर हर्षवर्धन कटियार, कुलदीप कटियार, अनूप कटियार, संदीप कनोजिया, डॉ. अमूल्य गंगवार, डॉ. स्वपन कटियार, शीला कटियार, अशोक कटियार, राजीव कटियार, अमित सरोज, अनुज कटियार, जितेंद्र कटियार, अंशुल कटियार, विजय कटियार, पवन कटियार, शरद कटियार, प्रिंस कटियार, अंकुर



कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी

कटियार, प्रशांत कटियार, विनीत कटियार, चंदन कटियार, पवित्र कटियार, शुभम कटियार, सौरभ कटियार, जानू कटियार, शिवांशु कटियार, प्रांशुल, कन्हैया, आर्यांश, हनी आकाश प्रांशु, मोनू, उदित आदि लोग उपस्थित रहे।

# रोजगार/अप्रेन्टिसशिप मेला आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठण्डी सड़क में 20 फरवरी को रोजगार मेला/अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जायेगा। 180 रिक्तियों के सापेक्ष 04 कम्पनियां इण्डिया यामाहा मोटर प्रा.लि. ग्रेटर नोएडा-50, हाउवे रूप प्रेसिजन टेक्नोलाजी लि. मानेश्वर-50, वेसमेट इण्डिया लिमिटेड चट्टा माथुरा-30 एवं के.पी. रिलाइवल टेक्निक इण्डिया प्रा.लि. दिल्ली-50 प्रतिभाग करेगी। जिसमें इण्टर मीडिएट, आई.टी.आई, डिप्लोमा, ग्रेजुएट एवं बी0टेक के पास अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने दस्तावेज लेकर आये।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस वर्दी में अवैध शराब कारोबार व ब्लैकमेलिंग का आरोप, डीएम से शिकायत



**बिजुआ खीरी।** ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र में एक बार फिर विवादास्पद आरोपों का मामला सामने आया है। राष्ट्रीय बजरंग दल के मंडल अध्यक्ष गोल्ड मिश्रा ने जिलाधिकारी को एक लिखित शिकायती पत्र सौंपा है, जिसमें ग्राम हमीदाबाद निवासी कादिर अली उर्फ 'डॉन' पर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ता गोल्ड मिश्रा के अनुसार, कादिर अली खुद को पुलिस की वर्दी में 'चौकीदार' बताकर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध शराब का कारोबार चला रहा है। आरोप है कि वह पुलिस की वर्दी पहनकर लोगों को डराता-धमकाता है और अवैध धंधों को अंजाम देता है। पत्र में यह भी दावा किया गया है कि आरोपी अनुसूचित जाति की महिलाओं और लड़कियों के साथ अश्लील वीडियो बनवाता है और उन्हें ब्लैकमेल करता है। इसके अलावा, कादिर अली पर देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी करने और विरोध करने वालों को 'सर कलम करने' की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। गोल्ड मिश्रा ने अपने शिकायती पत्र के साथ इन आरोपों के समर्थन में कुछ वीडियो और फोटो जैसे साक्ष्य भी संलग्न किए हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि आरोपी के खिलाफ तत्काल कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, उसके अवैध कारोबार पर रोक लगाई जाए और पीड़ितों को न्याय दिलाया जाए।

### धौरहरा में मनरेगा कार्यों का स्टेट क्वालिटी टीम ने किया निरीक्षण




**धौरहरा, खीरी।** विकास खंड धौरहरा की ग्राम पंचायत हरदी एवं सरसवां में मनरेगा योजना के अंतर्गत कराए गए विकास कार्यों का स्टेट क्वालिटी मनरेगा टीम, लखनऊ द्वारा स्थलीय सत्यापन एवं निरीक्षण किया गया। टीम ने कार्यों की गुणवत्ता की गहन जांच की तथा आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप पाए गए, जिस पर टीम ने संतोष व्यक्त करते हुए प्रशंसा की। निरीक्षण के समय खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार, एपीओ तथा तकनीकी सहायक सहित संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार के कार्यभार संभालने के बाद विकास खण्ड धौरहरा में विकास कार्यों ने गति पकड़ी है। ग्राम पंचायत सरसवां में हाल ही में निर्मित मनरेगा हाट बाजार अपनी संरचना के कारण क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं ग्राम पंचायत हरदी में निर्मित आंगनवाड़ी केंद्र आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होकर ग्रामीणों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने की दिशा में अग्रसर है। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार ने कहा कि जहां भी वह कार्य करते हैं, वहां शासन-प्रशासन के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण विकास कराना उनकी प्राथमिकता रहती है। यदि कहीं किसी समस्या की जानकारी मिलती है तो उसे तत्काल संज्ञान में लेकर समाधान कराया जाता है। उन्होंने बताया कि विकास खंड में 13 आंगनवाड़ी केंद्रों का लक्ष्य निर्धारित था, जिनमें पोषण वाटिका, बाल वाटिका, स्वच्छ शौचालय की व्यवस्था की गई है। साथ ही प्रत्येक आंगनवाड़ी में बच्चों के लिए खिलौने, अध्ययन सामग्री तथा खेल-खेल में सीखने हेतु आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई है।

### धमकी से आहत किशोरी ने दी जान, पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार; आरोपी पुलिस हिरासत में

**निघासन-खीरी।** कोतवाली निघासन क्षेत्र में छेड़छाड़ के एक पुराने मुकदमे से जुड़ा संवेदनशील मामला सामने आया है, जहां आरोपी द्वारा कथित रूप से मुकदमा वापस लेने का दबाव और दोबारा बेइज्जती व जान से मारने की धमकी दिए जाने से आहत किशोरी ने आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया, जबकि नामजद आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार, वार्ड नंबर 01 अटल नगर, नगर पंचायत निघासन निवासी कमलेश कुमार ने बताया कि 18 फरवरी 2026 की सुबह करीब 8:30 बजे मोहल्ले का ही युवक लवलेश कुमार उर्फ लालू पुत्र शिवलाल उनके घर से कुछ दूरी पर स्थित दुकान के सामने उनकी पुत्री पिंकी से मिला। आरोप है कि युवक ने स्वयं को जेल से छूटकर आने की बात कहते हुए पुनः बेइज्जती करने की धमकी दी। साथ ही पहले दर्ज मुकदमे को वापस न लेने पर जान से मारने की चेतावनी भी दी। यह सुनकर किशोरी भयभीत हो गई। परिजनों के मुताबिक, पीड़िता की ओर से 12 जनवरी 2026 को आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ व उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया गया था, जिसकी जांच अभी प्रचलित है। उसी मामले में समझौते और मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा था। बताया गया कि सुबह मिली धमकी से किशोरी मानसिक रूप से टूट गई थी। घटना के कुछ घंटों बाद, दोपहर करीब 3 बजे उसने आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया, जिसके बाद परिवार ने गमगीन माहौल में शांतिपूर्वक अंतिम संस्कार कर दिया। पुलिस के अनुसार, तहरीर के आधार पर नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल आरोपी पुलिस हिरासत में है और उससे पूछताछ की जा रही है। मामले की जांच क्षेत्राधिकारी निघासन के पर्यवेक्षण में जारी है। पुलिस का कहना है कि पूर्व में दर्ज मुकदमे, धमकी के तथ्य, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान व अन्य साक्ष्यों के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### अनियंत्रित होकर बोलोरो वाहन पलटने से चालक सहित छह लोग हुए घायल, पीएचसी में भर्ती



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग समौती गांव में बुधवार की रात्रि में बोलोरो वाहन सड़क पर अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे बोलोरो चालक सहित छह लोग घायल हो गए मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घटना की सूचना एम्बुलेंस सेवा वाहन से घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में भर्ती कराया है जहां पर चिकित्सक द्वारा घायलों का उपचार किया गया है घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है हादसे में बोलोरो वाहन क्षतिग्रस्त हो गई है मध्य प्रदेश के सीधी जिला के बहरी गांव निवासी बोलोरो चालक 35 वर्षीय रामजीवन उर्फ फूटे व 55 वर्षीय खुटेली गांव निवासी बाबूलाल यादव, जड़कुड़ गांव निवासी 66 वर्षीय हरिलाल, गेरुआ निवासी 65 वर्षीय रामकरण, रामनगर निवासी 35 वर्षीय दिनेश यादव, गेरुआ निवासी इंद्राज के साथ प्रयागराज से वापस लौट रहे थे की जैसे ही हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग समौती गांव में पहुंचा की बोलोरो वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गयी जिससे बोलोरो चालक सहित बोलोरो सवार घायल हो गए घायलों के चीख पुकार सुनकर पहुँचे ग्रामीणों ने घटना की सूचना एम्बुलेंस सेवा 108 पर दिया मौके पर पहुँचे एम्बुलेंस वाहन के पायलट दिलीप यादव व ईएमटी राजकुमार पटेल मौके पर पहुँचकर घायलों को एम्बुलेंस वाहन से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जहां पर चिकित्सक विवेक खरे द्वारा उपचार करने के बाद घायलों को डिस्चार्ज कर दिया है घटना की सूचना मिलने पर एसआई महेंद्र प्रताप यादव स्वास्थ्य केंद्र पर पहुँचकर घटना की जानकारी लिया है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया अनियंत्रित होकर बोलोरो वाहन के पलटने से बोलोरो चालक सहित छह लोग घायल हो गए थे घटना की जांच किया जा रहा है।

## जेई हमला कांड : निरीक्षण के दौरान जेई पर हुआ था हमला

# 5 दिन बाद एक दर्जन अज्ञात पर केस दर्ज

**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ-खीरी।**



गोकर्ण कॉरिडोर निर्माण कार्य में तैनात अवर अभियंता पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने घटना के लगभग पाँच दिन बाद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात 13/14 फरवरी 2026 की दरम्यानी रात लगभग 11 बजे से 12 बजे के बीच की बताई गई है। घटना और मुकदमा दर्ज होने के बीच हुई देरी क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। प्राथमिकी के अनुसार पीड़ित नितिन कुमार सिंह पुत्र अनिल सिंह, निवासी साकेत पुरी, आलमबाग, लखनऊ, गोकर्ण कॉरिडोर परियोजना में अवर अभियंता पद पर तैनात हैं। महाशिवरात्रि पर्व की तैयारियों के मद्देनज़र वह देर रात निर्माण स्थल पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर रहे थे। परगना मजिस्ट्रेट के निरीक्षण के बाद उनके जाने पर पीड़ित मिल डाइवर्जन रोड पर पैचिंग कार्य का जायजा लेने पैदल आगे बढ़े। आरोप है कि अंबेडकर तिराहे के पास पहले से घात लगाए बैठे एक दर्जन से अधिक अज्ञात व्यक्तियों ने उनका पीछा कर उन्हें घेर लिया और लात-घूंसों व थप्पड़ों से मारपीट की। प्राथमिकी में यह भी उल्लेख है कि किसी हमलावर ने नुकीली वस्तु से वार किया, जिससे चेहरे व गाल पर खरोंच, सूजन और दर्द की चोटें आईं। घटना के बाद पीड़ित ने अधीनस्थ कर्मचारियों व विभागीय अधिकारियों को सूचना दी और उपचार कराया। तहरीर में यह भी कहा गया कि पूर्व में परियोजना में कार्यरत बाहरी मजदूरों के साथ भी मारपीट की घटनाएं हो चुकी हैं, जिनकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की गई थी, लेकिन प्रभावी कार्रवाई न होने से असामाजिक तत्वों के हौसले बढ़े। सूत्रों के मुताबिक घटना के बाद निर्माण कार्य में लगे कर्मचारियों में दहशत का माहौल रहा और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता जताई जाती रही। प्रकरण को विधिक रूप देने की प्रक्रिया के बाद पुलिस ने एक दर्जन से अधिक अज्ञात हमलावरों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक राकेश राय को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि साक्ष्य संकलन, संभावित गवाहों से पूछताछ तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने की कार्रवाई की जा रही है और आरोपियों की पहचान कर शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

**एफआईआर दर्ज होने के बाद पीड़ित का पक्ष**

मुकदमा दर्ज होने के बाद अवर अभियंता नितिन कुमार सिंह ने पुलिस व प्रशासन की कार्रवाई पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि एफआईआर दर्ज होने के उपरांत पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई शुरू की है। गोला कोतवाल, क्षेत्राधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक स्तर से भी उन्हें सहयोग मिला है और प्रशासन द्वारा आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई गई है। हालांकि उन्होंने हमले की घटना को निंदनीय बताते हुए कहा कि 'मेरे साथ जो मारपीट हुई, वह बिल्कुल गलत है। किन्हीं दो व्यक्तियों के बीच की आपसी बातचीत या विवाद में मुझे या मेरे साथ कार्य कर रहे कर्मचारियों को जोड़ना उचित नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि फिलहाल उनका उपचार चल रहा है और चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद ही वह पुनः नियमित रूप से अपने कार्य पर लौटेंगे।

## एसएसबी का पशु स्वास्थ्य शिविर 128 पशुओं का निःशुल्क उपचार

**समृद्धि न्यूज़, पलिया कलां (खीरी)।**



जनपद लखीमपुर खीरी की पलिया तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बनगवां में 39वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की ओर से वेटरनरी सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कंपनी गौरीफंटा के क्षेत्राधिकार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ. शालिनी परिहार कमांडेंट (वेटरनरी) द्वारा किया गया। कैंप के दौरान 28 ग्रामीण पशुपालकों के कुल 128 पशुओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया। पशुओं को आवश्यक दवाइयां वितरित की गई तथा पशुपालकों को पशुधन की देखभाल, टीकाकरण और पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर ग्रामीणों ने 39वीं वाहिनी एसएसबी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों से पशुधन को स्वस्थ रखने में काफी सहायता मिलती है, जिससे उनकी आजीविका भी सुदृढ़ होती है। एसएसबी द्वारा समय-समय पर आयोजित किए जाने वाले ऐसे सिविक एक्शन कार्यक्रम सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों को भी मजबूती प्रदान कर रहे हैं।

## पलिया ब्लॉक में डीडीओ का औचक निरीक्षण : अभिलेखों की हुई गहन जांच

**समृद्धि न्यूज़, पलिया कलां खीरी।** जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ व पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से जिला विकास अधिकारी (डीडीओ) गजेंद्र सिंह ने गुरुवार को पलिया खंड विकास कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में हड़कंप की स्थिति बनी रही। डीडीओ ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण से संबंधित अभिलेखों का अवलोकन किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों की समयबद्धता परखने के लिए उपस्थिति पंजिका



(अटेंडेंस रजिस्टर) की भी बारीकी से जांच की गई। अनुपस्थित अथवा विलंब से आने वाले कर्मचारियों के संबंध में आवश्यक कार्रवाई के संकेत दिए गए। इसके उपरांत डीडीओ ने ब्लॉक परिसर स्थित राज्य बीज भंडारण केंद्र का भी जायजा लिया। उन्होंने बीज वितरण की वर्तमान स्थिति, स्टॉक में उपलब्ध बीज की मात्रा तथा उससे संबंधित दस्तावेजों की गहन जांच की। साथ ही यह जानकारी ली कि अब तक कितने किसानों को निःशुल्क बीज का लाभ प्रदान किया गया है। निरीक्षण के समापन पर डीडीओ ने संबंधित पटल सहायकों एवं अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभिलेखों के रखरखाव में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए और शासन की मंशा के अनुरूप कार्य सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## हलिया थाना क्षेत्र में शांतिपूर्ण बोर्ड परीक्षा कराना हमारी प्राथमिकता : राजीव कुमार श्रीवास्तव

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।**

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं को सकुशल, पारदर्शी और नकल विहीन संपन्न कराने के लिए शासन के निर्देशानुसार स्थानीय प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। आप को बता दें कि हलिया थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव पुलिस बल के साथ क्षेत्र के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का सघन निरीक्षण किया।

थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने क्षेत्र के प्रमुख विद्यालयों का भ्रमण कर निरीक्षण के दौरान पुलिस टीम ने विशेष रूप से प्रश्नपत्रों के रखरखाव के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था को परखा। केंद्र व्यवस्थापकों को दिए कड़े निर्देश-निरीक्षण के दौरान हलिया थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने केंद्र व्यवस्थापकों से मुलाकात कर सुरक्षा संबंधी बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने निम्नलिखित निर्देशों पर जोर दिया। सीसीटीवी की निगरानी स्ट्रांग रूम और परीक्षा कक्षों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई। चौबीस घंटे पहरा प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के लिए तैनात सुरक्षाकर्मियों को अपनी ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की चेतावनी दी गई।

उन्होंने कहा कि केंद्र परिसर के भीतर किसी भी बाहरी या अनधिकृत व्यक्ति का प्रवेश पूरी तरह वर्जित रखने का निर्देश दिया गया। शांतिपूर्ण परीक्षा कराना हमारी प्राथमिकता है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि बोर्ड परीक्षा को शांतिपूर्ण और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराना हमारी प्राथमिकता है। पुलिस बल लगातार गश्त कर रहा है और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान पुलिस टीम ने परीक्षा केंद्रों के आसपास की दुकानों और संदिग्ध गतिविधियों पर भी नजर रखने का आश्वासन दिया ताकि मेधावी छात्र-छात्राओं को परीक्षा के दौरान किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े।

## पाइप लाइन बिछाने के बाद लगाया नल कनेक्शन लेकिन आज तक नहीं मिला बस्ती में नल से जल

**हलिया (मिर्जापुर)।** जलजीवन मिशन योजना के तहत करोड़ों रुपए खर्च होने के बाद भी योजना का समुचित लाभ ग्रामीणों को नही मिल पा रहा है।हलिया ब्लाक के बैधा गांव निवासी राज्यसभा सदस्य अरुण सिंह के गृह ब्लाक में जलजीवन मिशन योजना का सही मायने में ग्रामीणों को लाभ नही मिल पा रहा है।ड्रमंडगंज क्षेत्र के बबुरा रघुनाथ सिंह गांव में जलजीवन मिशन योजना के तहत किरका कोल बस्ती में तीन वर्ष पूर्व पाइप लाइन बिछाने के बाद घरों में नल कनेक्शन लगाया गया। लेकिन बस्ती के घरों में आज तक नल से पानी नही आया। जबकि बस्ती से महज एक किलोमीटर दूर सगहा बस्ती में पानी टंकी का निर्माण करवाया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि घटिया पाइप लाइन बिछाने की वजह से नलों से आज पानी नही निकला।कार्यदाई संस्था एनसीसी लिमिटेड द्वारा पाइप लाइन बिछाने में शुरू से ही लापरवाही बरती गई। गुणवत्तापूर्ण कार्य नही होने से रतेह गांव में ही हलिया ड्रमंडगंज मार्ग पर एक पखवाड़े पूर्व दो जगहों पर मेन पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। पाइप लीकेज होने से खेतों में पानी बहता रहता है। एक जगह तो कार्यदाई संस्था द्वारा पाइप लाइन लीकेज को बुधवार को दुरुस्त करा दिया गया है लेकिन खोदे गए गढ्ढे का पटान नही करवाया जा सका है। वहीं दूसरी जगह पाइप लाइन में लीकेज की समस्या जस की तस बनी हुई है।बोले ग्रामीण तीन वर्ष पूर्व घर में नल कनेक्शन लगाया था लेकिन आज तक नल से पानी नही निकला। जिम्मेदार गाइड लाइन के अनुसार जिस बस्ती में बीस घर से कम की आबादी है वहां पर नल कनेक्शन नही करवाया गया है। छूटे हुए घरों में नल कनेक्शन हेतु पाइप लाइन बिछाने के लिए उच्चाधिकारियों से पहल की जा रही है।अरुण प्रभाकर,अवर अभियंता जल निगम।रतेह गांव में हुए पाइप लाइन लीकेज को दुरुस्त करवाया जा रहा है। एक जगह की समस्या को दूर कर लिया गया है। दूसरी जगह कार्य करवाया जा रहा है जिसे जल्द ही ठीक करवा दिया जाएगा।प्रशांत तिवारी, सहायक अभियंता कार्यदाई संस्था एनसीसी।



## महताब खान बने कांग्रेस गोरखपुर मंडल विधि विभाग चेयरमैन

**महराजगंज में कांग्रेस पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं ने किया स्वागत**

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधि विभाग के गोरखपुर मंडल का चेयरमैन नियुक्त किए जाने पर महराजगंज के वरिष्ठ अधिवक्ता महताब खान का स्वागत किया गया। यह स्वागत कार्यक्रम जिला कांग्रेस कार्यालय महराजगंज में जिलाध्यक्ष विजय सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और अधिवक्ता साथी उपस्थित रहे। श्री खान का फूल मालाओं से स्वागत किया गया और उन्हें मिष्ठान खिलाकर उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी गईं। स्वागत कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष झिनकू चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष अवनीश उर्फ विपिन पाल, सिविल बार एसोसिएशन महराजगंज के सचिव प्रमोद तिवारी, जिला कोषाध्यक्ष कपिल देव शुक्ला,जिला उपाध्यक्ष संगठन विनोद सिंह एवं नूर आलम, हल्ला बोल के गोविंद मिश्र, अनुसूचित विभाग के रामनारायण प्रसाद, शिक्षक नेता दीप चंद तिवारी, अधिवक्ता मनीष सिंह एडवोकेट, मार्तण्ड प्रताप सिंह, अजय कुमार वर्मा, मो० फैजान खान, धनुषधारी पांडे, नई मलिक, उमेश शर्मा, कमरेज आलम, हमीदुल्लाह खान अधिवक्ता सहित अजय सिंह और आनंद कन्नौजिया जैसे कई कांग्रेस नेता और अधिवक्ता उपस्थित थे।

महताब खान के मनोनयन पर राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत, विधायक वीरेंद्र चौधरी, पूर्व सांसद जितेंद्र सिंह, निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक प्रसाद, पूर्व जिलाध्यक्ष त्रिभुवन मिश्रा और शरद सिंह बबलू, वरिष्ठ कांग्रेस नेता शरदेंदु पांडे एवं सदामोहन उपाध्याय, विनीत सिंह, इंजीनियर शिवपूजन, डॉ रामनारायण चौरसिया, राजन शुक्ला सहित तमाम कांग्रेसियों ने बधाई दी।

## श्यामदेउरवां में सनसनीखेज मारपीट कांड का 12 घंटे में खुलासा : तीन आरोपी गिरफ्तार, कार व चार मोबाइल बरामद

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र में हुई सनसनीखेज मारपीट की घटना का पुलिस ने महज 12 घंटे के भीतर पर्दाफाश कर त्वरित कार्रवाई का परिचय दिया है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त औजार, चार एंड्रॉयड मोबाइल फोन तथा एक बैलेनो कार बरामद की है। मु0अ0सं0 048/2026 से संबंधित इस प्रकरण में श्यामदेउरवां पुलिस की सक्रियता और तत्परता से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था के प्रति भरोसा मजबूत हुआ है। थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मंगलवार को ग्राम श्यामदेउरवां के



चिलम चौक के पास दबिश देकर आरोपी पवन गुप्ता (26 वर्ष), धनंजय सिंह (33 वर्ष) और आशीष सिंह (30 वर्ष), निवासी मंगलपुर को गिरफ्तार किया। तीनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 109(1)/115(2)/351(3)/3 52 बीएनएस तथा 3(2)(5) एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजते हुए अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि यह घटना 17 फरवरी 2026 की रात लगभग 9:41 बजे भटहट-पनियरा मुख्य मार्ग स्थित मंगलपुर चौराहे पर कबाड़ी की दुकान के समीप हुई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शराब पीने के दौरान हुई कहासुनी ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया।

## नौतनवा में नेपाल चुनाव व होली को लेकर सुरक्षा कड़ी

**पुलिस और एसएसबी ने सीमावर्ती गांवों में किया सघन पेट्रोलिंग अभियान**

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।**

जिले के नौतनवा क्षेत्र में आगामी नेपाल चुनाव और होली पर्व के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। क्षेत्राधिकारी अंकुर गौतम के नेतृत्व में पुलिस और सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने सघन पेट्रोलिंग अभियान चलाया। यह अभियान नौतनवा और सोनौली कोतवाली क्षेत्र के सीमावर्ती गांवों तथा मुख्य मार्गों पर केंद्रित रहा। सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण यहां विशेष रूप से सुरक्षा बढ़ाई गई है। नेपाल में चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों, अवैध आवाजाही या संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने के लिए पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीमों ने पैदल गश्त की। जवानों ने मुख्य बाजार, बस स्टैंड, होटल, ढाबों और संवेदनशील स्थानों पर गहन जांच-पड़ताल की। पेट्रोलिंग के दौरान क्षेत्राधिकारी अंकुर गौतम ने स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए अपील की कि यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि दिखाई दे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। उन्होंने होली के त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का संदेश भी दिया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि चुनाव और त्योहार के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था में कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी। सीमावर्ती इलाकों में वाहनों की सघन चेकिंग की गई और आने-जाने वालों की पहचान की पुष्टि की गई। पुलिस ने असामाजिक तत्वों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि कानून व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस संयुक्त पेट्रोलिंग अभियान से स्थानीय लोगों में सुरक्षा का भाव मजबूत हुआ है। नागरिकों ने पुलिस और एसएसबी की सक्रियता की सराहना करते हुए सहयोग का भरोसा दिलाया।



नौतनवा क्षेत्राधिकारी अंकुर गौतम ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर सीमावर्ती इलाकों में लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखना है।

### प्रसव के बाद महिला की हालत बिगड़ने से मौत, अस्पताल के बाहर शव रखकर हंगामा

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** पनियरा नगर पंचायत स्थित एक निजी अस्पताल में एक महिला का ऑपरेशन से प्रसव के बाद हालत बिगड़ने से मौत के बाद मामला गरमा गया। महिला की हालत बिगड़ने पर अस्पताल के लोगों ने बिना परिजनों से पूछे उसे गोरखपुर के एक निजी अस्पताल में पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गई। महिला की मौत के बाद परिजनों ने शव लाकर इस निजी अस्पताल के सामने रख दिया। कार्रवाई की मांग को लेकर जमकर हंगामा हुआ। वहीं, अस्पताल के जिम्मेदार ताला बंद कर खिसक लिए। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह समझा-बुझाकर मामला शांत कराया।